जबलपुर
मंगलवार, 16 जुलाई 2024
■ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-11
■ वर्ष : 19, अंक : 77
■ पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 30
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में हरियाली**

## निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर, सेंसेक्स भी चढ़ा



**मुंबई।** शेयर बाजार में सोमवार को शुरुआती कारोबार में तेजी रही। जहां निफ्टी अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, वहीं सेंसेक्स ने करीब 290 अंक की चढ़ाई की। वैश्विक बाजारों में तेजी से भी शेयर बाजार की मजबूती को बल मिला। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 290.46 अंक चढ़कर 80,809.80 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 95.85 अंक की बढ़त के साथ 24,598 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा। सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों में से एचसीएल के शेयर में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी आई।

## धार भोजशाला की सर्वे रिपोर्ट एएसआई ने मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बैंच को सौंपी, 22 को सुनवाई

# 2000 पेज की रिपोर्ट में दावा: 94 टूटी प्रतिमाएं मिलना मंदिर होने का सबूत

*करीब तीन महीने चली इस स्टडीके दौरान हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने अपने-अपने दावे किए हैं। 22 जुलाई को हाईकोर्ट में अगली सुनवाई होगी। हिंदू पक्ष के वकील की ओर से दावा किया गया कि सर्वे के दौरान कई ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जो साबित करता है कि यहां मंदिर था।*

हरिभूमि न्यूज ⏩ इंदौर

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने धार जिले में स्थित भोजशाला का सर्वे पूरा कर सोमवार को अपनी दो हजार पेज की रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच को सौंप दी है। अब 22 जुलाई को इस मसले पर सुनवाई होगी। ये रिपोर्ट मीडिया से शेयर नहीं करने के निर्देश सभी पक्षों को दिए गए हैं। भोजशाला का सच जानने के लिए एएसआई द्वारा किए गए इस सर्वे की रिपोर्ट पर सबकी निगाहें लगी है। हिंदू समुदाय भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है। मुस्लिम पक्ष कमाल मौला मस्जिद कहता है।



### हिंदू पक्ष ने कहा-हमारा पक्ष मजबूत, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस के वकील एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इस मामले में एएसआई रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। एएसआई रिपोर्ट ने हमारे केस को मजबूत किया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच के सामने हमने कहा था कि यह परिसर एक हिंदू मंदिर का है। इसका इस्तेमाल मस्जिद की तरह हो रहा है। 2003 में एएसआई ने जो आदेश पारित किया था, वह पूरी तरह गलत है। देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। हमने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने एएसआई को साइंटिफिक स्टडी के निर्देश दिए थे।

### मुस्लिम पक्ष ने कहा रिपोर्ट की गोपनियता बनाए रखें

धार के शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही निर्देश दे चुका है कि एएसआई की रिपोर्ट पर हाईकोर्ट स्तर से कोई एक्शन नहीं लिया जा सकता है। हाईकोर्ट में 22 जुलाई को सुनवाई है, लेकिन फैसला सुप्रीम कोर्ट स्तर से ही करना है। सुनने में आया है कि रिपोर्ट पक्षकारों को दी जा रही है। गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश भी सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे, ऐसे में पक्षकारों को रिपोर्ट दी जानी थी या नहीं, इस तथ्य पर भी जानकारी ले रहे हैं। उम्मीद है कि कोई भी पक्ष रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करेगा।












## मुंबई में निवेशकों से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताई निवेश की प्लानिंग

# राज्य से केवल कच्चा माल न ले जाएं, उत्पाद भी यहीं बनाएं, इससे उद्योगपति भी सहमत

◆ 20 जुलाई को जबलपुर में होने वाले कॉन्क्लेव में जबलपुर संभाग से लेकर समूचे आसपास के क्षेत्र को भी कवर किया जाएगा। इसके लिए जरूरी 'होमवर्क' कराया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुंबई में निवेशकों से बातचीत के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि राज्य से केवल कच्चा माल न ले जाएं, उत्पाद भी यहीं बनाएं। ज्यादातर लोग इससे सहमत भी है। सरकार भी स्टार्टअप में अच्छे काम की कोशिश करा रही है। कई संस्थाओं से बात की है। 20 जुलाई को जबलपुर में होने वाले कॉन्क्लेव में जबलपुर संभाग से लेकर समूचे आसपास के क्षेत्र को भी कवर किया जाएगा। इसके लिए जरूरी 'होमवर्क' कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुंबई में निवेशकों से बातचीत करके लौटने के बाद सोमवार को मंत्रालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से कई सवाल भी किए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमारे पास पर्याप्त लैंड बैंक है, इसके बाद भी यदि अतिरिक्त जरूरत पड़ी तो वे उपलब्ध कराएंगे। उद्योगपतियों के साथ वन टू वन चर्चा में भी भरोसा दिलाया गया है कि हमारे पर अतिरिक्त बिजली मौजूद है। सड़क, पानी सब कुछ मौजूद है। निवेशकों को जो भी जरूरत होगी, वे मुहैया कराएंगे। इसमें कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सब कुछ नए सिरे से करने के लिए वे तैयार हैं। निवेशकों को हर तरह की सुविधा दी जाएगी।

निवेश को आकर्षित करने विभिन्न अंचलों में होंगी 'इंडस्ट्री कॉन्क्लेव', निवेश बढ़ाने प्रदेश के बाहर रोड शो भी



### प्रदेश के बाहर रोड शो भी समानांतर चलाएंगे

उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने विभिन्न अंचलों में क्षेत्रीय स्तर पर 'इंडस्ट्री कॉन्क्लेव' आयोजित होंगी। साथ ही प्रदेश के बाहर रोड शो भी समानांतर चलाएंगे। हाल ही में मुंबई में औद्योगिक समूहों के साथ निवेश की संभावनाओं पर चर्चा कर लौटे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार ने 2025 को निवेश वर्ष के तौर पर प्लान किया हुआ है। इस दौरान 'रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव' और प्रदेश के बाहर के रोड शो समानांतर चलेंगे। अब ये कॉन्क्लेव अन्य अंचलों में भी की जाएगी। सरकार ने कुछ समय पहले ऐसी एक कॉन्क्लेव उज्जैन में की थी। अब आने वाले 20 जुलाई को जबलपुर में होने वाली है।

### मुंबई में लगभग 450 निवेशकों ने भागीदारी की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकारों को बताया कि हाल ही में उनकी मुंबई यात्रा के दौरान उनका अलग-अलग औद्योगिक हस्तियों से मिलना हुआ। आने वाले समय में ग्वालियर, सागर, रीवा और जबलपुर में जो कॉन्क्लेव होने वाली हैं, उनके लिए भी निवेशकों की ओर से प्रस्ताव आने लगे हैं। प्रख्यात उद्योगपति अनिल अंबानी ने राज्य में निवेश की बात कही है। मुंबई में हुई चर्चा के दौरान पर्यटन के क्षेत्र में भी कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस आयोजन में लगभग 450 निवेशकों ने भागीदारी की। इस दौरान काफी निवेश प्रस्ताव आए हैं।

### कोयंबटूर, बेंगलुरू दिल्ली, अहमदाबाद में भी रोड शो होगा

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में 'इंडसट्रियल बेल्ट' में बुनियादी सुविधाओं पर भी काम हो रहा है। भविष्य में कोयेम्बेटूर, बेंगलुरू, दिल्ली, अहमदाबाद में भी सरकार रोड शो करने जा रही है, जिससे वहां के निवेशकों को आमंत्रित किया जा सके। राज्य में बिजली, पानी, कानून व्यवस्था सब व्यवस्थित हुए हैं। इसलिए सरकार चाहती है कि राज्य में निवेश की संभावनाओं को आमंत्रित किया जाए।

### उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क की पूरी जमीन भरी

मौजूदा समय में प्रचलित उद्योगों की परियोजनाओं का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क की लगभग पूरी जमीन भर चुकी है, इसलिए इसके दूसरे भाग पर भी काम किया जा रहा है।

### दूल्हा बने पारदी युवक की पुलिस अभिरक्षा में मौत



## अस्पताल में भारी हंगामा, दुल्हन ने की पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुना

गुना के म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम भिडरा में हुई चोरी के मामले में पूछताछ के लिए लाए गए पारदी युवक की संदिग्ध हालत में पुलिस अभिरक्षा में मौत हो गई। मृतक की रविवार को शादी होनी थी, वह सज संवर कर हाथों में मेंहदी लगाकर शेरवानी पहनकर बारात लेकर दुल्हन को निकल ही रहा था ।

**इनका कहना है**

*ग्राम भिडरा थाना म्याना में विगत दिनों एक चोरी हुई थी। उस मामले में देवा और गंगाराम को पुलिस लाई थी। उसी दौरान देवा के सीने में दर्द हुआ। जिसे तत्काल म्याना अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां से गुना रेफर कर दिया। 45 मिनट उपचार चला। सीपीआर देकर ईसीजी कराई गई। लेकिन वह बच नहीं पाया। वहीं मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश हुए हैं।*
*- मानसिंह ठाकुर, एएसपी गुना*

### 11 साल के बच्चे को गला दबाकर किया बेहोश

## कुकृत्य के बाद कपड़े से ढंका फिर जिंदा जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ सागर



मकरोनिया के बड़तूमा में घर में जले मिले बच चे के शव के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने पहले बच्चे का गला दबाकर उसे अचेत किया, फिर उसके साथ दुष्कर्म कर उसके जिंदा जला दिया और भोपाल भाग गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मकरोनिया थाना प्रभारी शिवम दुबे ने बताया कि शुक्रवार की सुबह बड़तूमा के एक झोपड़ी में 11 साल के बालक की अधजली लाश मिली थी।

### खबर संक्षेप

### नेपाल के पीएम बने ओली, मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** केपी शर्मा ओली ने सोमवार को चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।



नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नेपाल का प्रधान मंत्री नियुक्त किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने ओली को नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त होने पर बधाई दी और कहा कि वह दोनों देशों के बीच दोस्ती को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को लेकर उत्साहित हैं।

### थोक महंगाई दर बढ़कर 3.36 फीसदी पर पहुंची

**नई दिल्ली।** देश में जून में थोक महंगाई दर बढ़कर 3.36 प्रतिशत हो गई है। इससे पहले पिछले मई



2024 में यह 2.61 प्रतिशत थी, जबकि जून 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। अप्रैल में यही थोक महंगाई दर 1.26 % थी। खाने और पीने की चीजों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते देश में थोक मुद्रास्फीति का बढ़ना भी जारी है।

**पहले ही मिली थी जिम्मेदारी**

### डॉ. सुदाम खाड़े ने आयुक्त जनसंपर्क का पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

जनसंपर्क के नव नियुक्त आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने सोमवार को जनसंपर्क संचालनालय पदभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर



प्रमुख सचिव जनसंपर्क संदीप यादव ने उन्हें चार्ज दिया। राज्य शासन ने डॉ. खाड़े को करीब एक पखवाड़ा पहले जनसंपर्क आयुक्त की जवाबदारी दी थी, किंतु ट्रेनिंग पर होने की इस वजह से चार्ज नहीं ले पाए थे।

**बुधनी मिडघाट ट्रैक के पास हादसा**

### ट्रेन से टकराकर बाघ की मौत, दो शावक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩ सीहोर

जिले के बुधनी क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक बाघ की मौत हो गई, जबकि दो छोटे शावक भी घायल हो गए। उपचार के लिए भोपाल से वन



विभाग की एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची, जहां घायल शावकों का उपचार किया जा रहा है। हादसा सोमवार सुबह 11 से 12 बजे के बीच बुधनी के मिडघाट रेलवे ट्रैक के खंभा नंबर 800/18 के पास हुआ। जानकारी के अनुसार सीहोर जिले में बाघों की सुरक्षा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**साढ़े तीन लाख की धोखाधड़ी**

### बैंक मैनेजर, सीए और डॉक्टर के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ⏩ इंदौर

टर्म लोन के मामले में हुई कथित धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने सीए गौरव बड़जात्या, मयूर गर्ग, डॉक्टर प्रिया सिसौदिया




और केनरा बैंक की सियागंज शाखा के सीनियर मैनेजर रजत खंडेलवाल पर केस दर्ज किया है। इन सभी आरोपियों ने मिलकर बैंक से 3 करोड़ 50 लाख की धोखाधड़ी की है। तीनों के खिलाफ सीबीआई भोपाल को बैंक डीजीएम, भोपाल सुबोध कुमार ने शिकायत की थी।

**नर्सिंग घोटाले सहित अन्य परीक्षाओं में धांधली के विरोध एनएसयूआई का प्रदर्शन**

### भीड़ को किया तितर बितर, बल प्रयोग के दौरान कई नेता घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

भोपाल में नर्सिंग घोटाले, नीट पेपर लीक समेत अन्य परीक्षाओं में धांधली के विरोध में एनएसयूआई ने सोमवार को आक्रामक प्रदर्शन किया। प्रदेश भर से भोपाल पहुंचे कार्यकर्ता सुबह सुबह से ही लिंक रोड नंबर एक पीसीसी के सामने जुट गए। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी सहित लगभग 2 हजार कार्यकर्ता सीएम हाउस का घेराव करने निकले। जिन्हें रेडक्रॉस हॉस्पिटल के पास बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया गया। इस दौरान



प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने वाटर कैनन चलाई। आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। जिससे एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे घायल हो गए। उन्हें रेडक्रॉस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं पीसीसी चीफ जीतू पटवारी सहित एएनएसयूआई के कई नेता भी धक्का मुक्की के दौरान घायल हुए। प्रदर्शन से पहले ही मंच के सामने कार्यकर्ताओं में जमकर धक्का-मुक्की हुई।

### सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ वकील पर भड़के, दे दी चेतावनी

## आप हर हफ्ते कोई ना कोई पीआईएल लेकर चले आते हैं सरकार को जो करना होगा वह तो करेगी

*इस तरह की कोई भी जनहित याचिका दाखिल की तो हम आपके ऊपर भारी जुर्माना लगा देंगे*

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को कोर्ट में मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ एक वकील पर भड़क गए और चेतावनी भी दे डाली। सीजेआई ने कहा कि अगर अगली बार इस तरह की कोई भी पीआईएल आई तो मैं भारी जुर्माना लगा दूंगा। दरअसल, एक वकील ने सुप्रीम



कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। इस पर मुख्य न्यायधीश ने वकील से सवाल करते हुए कहा कि हमें इस पर सुनवाई क्यों करनी चाहिए।

### पहले भी वकील को दी थी नसीहत

सुप्रीम कोर्ट ने कुछ दिन पहले भी एक वकील को नसीहत दी थी। एक वकील के ऊपर करीब पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। इस मामले को लेकर वह वकील मुख्य सीजेआई के पास पहुंचा तो इस पर उन्होंने कहा कि आपको पीठ के जजों पर इस तरह के आरोप नहीं लगाने चाहिए। आगे कहा कि कई बार बहस के दौरान माहौल गर्म हो जाता है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि जो भी जज हो वह वकील के साथ में गलत व्यवहार नहीं करते हैं।

### प्रदेश में तीन सिस्टम सक्रिय फिर भी कई जिलों में सिर्फ बूंदाबांदी

भोपाल में भी सोमवार सुबह तेज बारिश हुई, दिन में रुक- रुककर बारिश का दौर जारी रहा

## आज बुरहानपुर, खंडवा, इंदौर, रतलाम, छिंदवाड़ा, बालाघाट में भारी और खरगौन व धार में अति भारी बारिश का अलर्ट

शाजापुर, अशोकनगर, सागर, रायसेन के भीम बेठिका और सांची, दतिया के रतनगढ़, भिंड, ग्वालियर, शिवपुरी में मध्यम गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

प्रदेश में मानसून के तीन सिस्टम सक्रिय होने के बाद भी मानसून पूरे प्रदेश को कवर नहीं कर पा रहा है। यही वजह है कि एक बार में एक दर्जन जिलों से अधिक तेज बारिश नहीं हो पा रही है। अन्य जिलों बूंदाबांदी दर्ज की जा रही है। सोमवार को प्रदेश के मंडला जिले में सबसे अधिक 26 मिली मीटर और रतलाम में 24 एमएम बारिश दर्ज की गई।



### जुलाई में जमकर बारिश का ट्रेंड

जुलाई महीने में भोपाल में जमकर बारिश होती है। इस महीने में 1031.4 मिमी यानी 41 इंच के करीब बारिश होने का रिकॉर्ड है। यह साल 1986 को हुई थी। वहीं, 22 जुलाई 1973 को 24 घंटे में 11 इंच बारिश हुई थी। यह भी अब तक का रिकॉर्ड है। इस बार 23 जून को मानसून ने आमद दी। अब तक की स्थिति में आंकड़े बेहतर है।

### पाकिस्तानी पश्चिमी विक्षोभ से हो रही बारिश

*मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि पाकिस्तान के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। मानसूनी ट्रफ लाइन वर्तमान में राजस्थान, उत्तर प्रदेश से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इधर गुजरात पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात है। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात के बनने से मध्य प्रदेश में मानसून की सक्रियता बढ़ने लगेगी। मंगलवार से प्रदेश के अधिकतर जिलों में वर्षा की गतिविधियों में तेजी आ सकती है।*

अमेठी, श्रीनगर में मुहर्रम जुलूस में लगे आपत्तिजनक नारे

# भड़काऊ नारेबाजी में 7 गिरफ्तार, फिलिस्तीन के झंडे भी लहराए

अमेठी में रविवार की शाम मुसाफिरखाना कस्बे में निकले मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने की बात सामने आई है। इस पर पुलिस ने कार्रवाई भी की। उधर, ऐसी ही खबर श्रीनगर से है। यहां देश विरोधी झंडे लहराए गए और नारेबाजी भी की गई।

एजेंसी ▶▶ अमेठी/श्रीनगर

उत्तर प्रदेश के अमेठी में रविवार की शाम मुसाफिरखाना कस्बे में निकले मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने की बात सामने आई है। इस आरोप में अमेठी की कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर 7 लड़कों को पकड़ा है। पुलिस ने वायरल वीडियो के जरिए इन लड़कों की पहचान की। वीडियो में कुछ अन्य लड़के भी नजर आ रहे हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

अमेठी की कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला



**अन्य समुदाय की भावनाओं को ठेस लगी**

मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद एसआई राजेश कुमार ने इस मामले में कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर के मुताबिक मुहर्रम के जुलूस में कुछ लड़कों द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भड़काऊ नारे लगाए गए। कोतवाली पुलिस ने एसआई की तहरीर पर कई अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 302 व 353 (2) के तहत केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की।

## श्रीनगर के आठवें मुहर्रम जुलूस में हंगामा

### गाजा के समर्थन में की नारेबाजी, भारी भीड़ रही



कश्मीर के शिया समुदाय ने सोमवार को पारंपरिक गुरु बाजार-डलगेट मार्ग पर शोक के आठवें मुहर्रम का जुलूस निकाला। अधिकारियों ने बताया कि जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, क्योंकि पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया गया था।जुलूस सोमवार तड़के शहर के गुरु बाजार इलाके से शुरू हुआ और जहांगीर चौक और मौलाना आजाद रोड से होते हुए निर्धारित मार्ग से गुजरा और फिर डलगेट पर समाप्त हुआ।

### दो जगहों पर लहराया गया फिलिस्तीन का झंडा


*इस जुलूस के दौरान एक दो अन्य स्थानों पर फिलिस्तीन झंडा लहराने और नारों की खबरें इंटरनेट मीडिया पर दिख रहीं। यह लगातार दूसरा साल है, जब अधिकारियों ने मुहर्रम जुलूस को पारंपरिक मार्ग से निकालने की अनुमति दी है।कश्मीर में आतंकवाद के पनपने के बाद जुलूस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, क्योंकि आशंका थी कि अलगाववादी भीड़ का गलत मकसद से दुरुपयोग कर सकते हैं।*

### जुलूस के लिए दिया गया था सीमित समय

*यह जुलूस कर्बला में शहीद हुए पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की याद में मनाया जाता है। अधिकारियों ने जुलूस के लिए सीमित समय दिया था, इसलिए सुबह 5.30 बजे हजारों लोग गुरु बाजार में एकत्र हुए, ताकि सामान्य जीवन प्रभावित न हो।अधिकारियों ने बताया कि यातायात विभाग ने मुहर्रम जुलूस के दौरान अपनाए जाने वाले मार्गों के बारे में शहर के निवासियों को जानकारी दे दी गई थी।*

## खबर संक्षेप

### 22 तक बढ़ी मनीष सिसोदिया की हिरासत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया।

### किरोड़ीलाल राजस्थान भाजपा की कमान लेंगे!



**जयपुर।** राजस्थान भाजपा की कार्यसमिति की बैठक जयपुर के जेईसी में संपन्न हो गई। खबर यह है कि भाजपा संगठन में जल्द ही फेर बदल होने वाला है। कार्यसमिति की बैठक बतौर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का यह आखिरी बड़ा कार्यक्रम था। अब विधानसभा उपचुनाव नए अध्यक्ष की अगुवाई में होंगे। इसके लिए किरोड़ी लाल मीना का नाम सामने आ रहा है।

### बिहार में ट्रेन से आरडीओ का अपहरण



**पटना।** पटना से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है। ग्रामीण विकास अधिकारी (आरडीओ) दीपक कुमार पाठक का कोसी एक्सप्रेस ट्रेन से अपहरण हो गया है। वे बरौनी से गया जा रहे थे। फोन से उन्होंने खुद परिवारवालों को अपने अपहरण की सूचना दी। खुसरुपुर स्टेशन की घटना बताई जा रही है। यहां से उनको किडनैप किया गया। ट्रेनिंग में शामिल होने ट्रेन से जा रहे थे।

### पूजा के माता-पिता फरार, फोन स्विच ऑफ



**पुणे।** ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता के खिलाफ एक किसान को कथित रूप से धमकाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। पुणे ग्रामीण पुलिस ने सोमवार को दावा किया है कि पूजा के आरोपी माता-पिता फरार हैं और दोनों का फोन बंद आ रहा हैं। एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि 'आरोपी फरार हैं। हम उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं।


### केजरीवाल की जमानत अर्जी पर टली सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी द्वारा कथित दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई टाल दी। अब सुनवाई 7 अगस्त को होगी। हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

संसद सुरक्षा चूक का मामला, 2 अगस्त को किया जाएगा पेश

# दिल्ली पुलिस ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट, यूएपीए के तहत केस चलेगा



पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया, 6 पर मामला दर्ज

**1000 पन्नों का आरोपपत्र पेश**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस मामले में अब आरोपियों को दो अगस्त को कोर्ट में पेश किया जाएगा और सुनवाई होगी। इस मामले में दिल्ली के राज्यपाल वीके सक्सेना ने सभी आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत केस चलाने की मंजूरी प्रदान कर दी है।

अब पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दायर कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सात जून को इस मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद के खिलाफ करीब 1000 पन्नों का आरोपपत्र दायर किया था।

### समीक्षा समिति ने भी जांच-पड़ताल की थी

इस मंजूरी से पहले समीक्षा समिति (डीओपी, तीस हजारी, दिल्ली) ने भी 30 मई को जांच एजेंसी द्वारा एकत्र किए गए संपूर्ण साक्ष्यों की जांच की। जांच में संसद हमले के मामले में आरोपियों की संलिप्तता पाई गई थी। इसे देखते हुए समीक्षा समिति ने पाया कि प्रथम दृष्टया आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला बनता है। दिल्ली पुलिस ने लोकसभा में सुरक्षा अधिकारी द्वारा की गई शिकायत पर संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम की तहत एफआईआर दर्ज की। बाद में मामले की जांच संसद मार्ग पुलिस स्टेशन से पीएस स्पेशल सेल, नई दिल्ली की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट को स्थानांतरित कर दी गई थी। जांच के दौरान उपरोक्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और वर्तमान में वे सभी न्यायिक हिरासत में हैं। अब इनके खिलाफ दिल्ली के उप राज्यपाल ने सख्त कार्रवाई की मंजूरी प्रदान कर दी है। इस संबंध में कोर्ट में पूर पत्र भी पेश कर दिया गया है।

### उपराज्यपाल सक्सेना ने अनुमति प्रदान की



इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छह आरोपियों पर गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। इन लोगों पर 13 दिसंबर 2023 को सदन की कार्यवाही के दौरान संसद पर कथित रूप से हमला करने का आरोप है।

#### अवैध प्रवेश और धुए के केन फेंकने का आरोप

*आरोप है कि मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम, ललित झा और महेश कुमावत नामक लोगों ने संसद में अवैध प्रवेश किया। सत्र के दौरान लोकसभा में धुएं के केन फेंके। दिल्ली पुलिस ने उपराज्यपाल से यूएपीए की धारा 16 और 18 के तहत उनके अभियोजन का अनुरोध किया था। एलजी ने रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री पाए जाने पर अभियोजन स्वीकृति प्रदान की।*

नीट-यूजी की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस

### राजस्थान हाईकोर्ट का मामला सभी केस शीर्ष कोर्ट में सुने जाएं



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से नीट-यूजी 2024 परीक्षा से संबंधित दायर याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। याचिका में राजस्थान हाईकोर्ट के सामने लंबित मामलों को शीर्ष कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें नीट-यूजी 2024 के नतीजों को रद्द करने और परीक्षा को फिर आयोजित के निर्देश देने की मांग की गई है। याचिकाओं में पेपर लीक होने और कई अन्य गड़बड़ियों के आरोप लगाए गए हैं। याचिकाओं के जरिए अभ्यर्थियों ने शीर्ष अदालत में प्रतिपूरक अंक और परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों में विसंगति का मुद्दा भी उठाया था।

तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स डिपार्टमेंट

# रकुल प्रीत के भाई से 2.6 किलो कोकीन जब्त, 30 लोगों के नाम

हैदराबाद कमिश्नर करेंगे सभी सदस्यों की जांच पड़ताल और सिफारिश



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह के भाई अमन प्रीत सिंह को लेकर बड़ी खबर है। हैदराबाद के कोकीन रैकेट में उनका नाम सामने आया है। इस सूची में 30 लोगों के नामों का खुलासा हुआ है। तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स डिपार्टमेंट को 2.6 किलो कोकीन मिला है, जिसे बेचने के लिए हैदराबाद लाया गया था।

टीम ने इस रैकेट का भंडाफोड़ किया और 30 संभावित ग्राहकों की पहचान की। (इनमें एक शख्स एक्टर का रिश्तेदार भी है)। ये सभी 30 नाम हैदराबाद कमिश्नर को आगे की जांच पड़ताल के लिए सौंपे गए हैं। अमन स्ट्रगलिंग एक्टर हैं। वे कई म्यूजिक वीडियो में काम कर चुके हैं। उन्हें ट्रैवलिंग का काफी शौक है। अमन को लेकर हुए विवाद पर अभी रकुल और उनकी फैमिली के किसी भी सदस्य की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इसके पहले मुंबई में ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया गया था।

### ड्रग्स केस में रकुल भी फंसी थीं

साल 2020 में सुशांत सिंह राजपूत ड्रग्स केस की जांच के दौरान रकुल का नाम भी सामने आया था। कई एक्ट्रेसेज का नाम इस केस से जुड़ा था। इसमें रकुल भी शामिल थीं। रिया चक्रवर्ती से पूछताछ में उन्होंने सारा अली खान और रकुल प्रीत का नाम लिया था। मीडिया में अपना नाम आने पर एक्ट्रेस ने नाराजगी भी जताई थी। खुद के खिलाफ मीडिया कवरेज रोकने की खातिर उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था। एक्ट्रेस का कहना था उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। कोर्ट में रकुल के वकील ने दलील देते हुए कहा था कि एक्ट्रेस न ही ड्रिंक करती हैं और न स्मोकिंग।

### मूवीज में काम कर रहीं रकुल

वर्कफ्रंट पर रकुल साउथ और बॉलीवुड मूवीज में काम करती हैं। उनकी पिछली रिलीज फिल्म इंडियन 2 है। उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में मेरी पत्नी का रीमेक, इंडियन 3, दे दे प्यार दे 2 शामिल है। 2024 में रकुल की उनके लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जैकी भगनानी से शादी हुई।

हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला


# 3 जनवरी के फैसले की समीक्षा याचिका खारिज, अडाणी जीते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने अडानी ग्रुप पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के संबंध में लगे आरोपों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल को सौंपने से इनकार करने के अपने 3 जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वालों में शामिल अनामिका जायसवाल की तरफ से दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया।

सीबीआई को जांच सौंपने के लिए दिया था शीर्ष कोर्ट में आवेदन



### समीक्षा याचिका को नामंजूर कर दिया

*पीठ ने 5 मई के अपने आदेश में कहा कि समीक्षा याचिका पर गौर करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखाई देती है। उच्चतम न्यायालय नियम 2013 के आदेश 47 नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। लिहाजा समीक्षा याचिका खारिज की जाती है। याचिका पर न्यायाधीशों ने चैंबर में विचार किया। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आरोपों की 'व्यापक जांच' कर रहा है और इसका आचरण 'भरोसा जगाता है।'*

## मुंबई से गोरखपुर आ रही ट्रेन में लगी आग



**पुणे।** महाराष्ट्र के मुंबई स्थित लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर आ रही एक ट्रेन के डिब्बे में सोमवार सुबह आग लग गई। इस घटना में किसी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है।

यह आग ब्रेक बाईंडिंग की वजह से ट्रेन के एक पहिए में लगी थी। इस आग पर तुरंत ही काबू पा लिया गया। इस ट्रेन को ठाणे जिले के ठाकुरली स्टेशन पर ही रोक लिया गया।

## जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' निकली

पात्रा ने किया दंडवत प्रणाम



**पुरी।** जय जगन्नाथ के जयकारों और झांझ-मंजीरों की ध्वनि के बीच भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' या वापसी उत्सव सोमवार को पुरी में शुरू हुआ। भाजपा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान जगन्नाथ दंडवत प्रणाम किया। वे घुटनों के बल भी चले।

गृहमंत्री शाह ने 3 राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की बात, जाने हाल


# बाढ़-बारिश से बिगड़े हालातों पर हरसंभव मदद देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश से उपजी स्थिति का जायजा लिया।शाह ने असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा से टेलीफोन पर बातचीत की।

इस दौरान उन्होंने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल से फोन पर बात की। शाह ने स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया भरोसा दिया।

असम, यूपी और गुजरात सीएम से की फोन पर बात



### सैकड़ों जानें जा चुकी

*असम में बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 109 लोगों की जान जा चुकी है। कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी और शिवसागर जिलों में 5,97,600 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में 1,500 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।*

**हैदराबाद में यात्रियों से भरी कार बही**

हैदराबाद के विभिन्न हिस्सों भारी बारिश हुई। यहां के विभिन्न इलाकों में जम जमाव हो गया। मुशीराबाद इलाके में तो सड़क पर इतना पानी भर गया कि एक कार डूब गई। कार में 4 लोग सवार थे जो पानी में कार के साथ बहने लगे। कार को बहते हुए देख स्थानीय लोगों ने कार को रोका और शीशा तोड़कर उसमें सवार 4 यात्रियों को बचाया गया।

### देश के कई हिस्सों में बारिश का अलर्ट



*मौसम विभाग ने 5 दिन के दौरान कोंकण, गोवा, केरल, तटीय और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के कुछ भागों और मध्य महाराष्ट्र तथा गुजरात के अलग-अलग हिस्सों में मूसलाधार बारिश की संभावना व्यक्त की है। असम, मेघालय, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों तथा गुरुवार तक उत्तराखंड और पूर्वी राजस्थान में भी तेज बारिश हो सकती है। केरल के 3 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य के मलप्पुरम, कॉसरगोड जिलों में भारी बारिश की संभावना है। एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, कोझिकोड और वायनाड जमें ऑरेंज अलर्ट किया है।*

वाल्मीकि कॉरपोरेशन घोटाला

# भाजपा ने कर्नाटक सरकार को बताया कांग्रेस का एटीएम

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में भाजपा ने महर्षि वाल्मीकि जनजातीय विकास निगम में कथित घोटाले के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा नेताओं ने सरकार के खिलाफ विधानसभा तक विरोध मार्च निकाला। कर्नाटक में महर्षि वाल्मीकि जनजातीय विकास निगम में कथित तौर पर 180 करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला हुआ है। एसआईटी द्वारा इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने शिवकुमार की याचिका खारिज की



सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को झटका दिया है। कोर्ट ने शिवकुमार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने ऊपर आय से अधिक संपत्ति के कथित मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज केस को रद्द करने की मांग की थी। शिवकुमार ने मामले के भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किए जाने पर आपत्ति जताई थी।

# 'भगवान जगन्नाथ ने डोनाल्ड ट्रंप को बचाया', इस्कॉन का बड़ा दावा

भगवान जगन्नाथ के कारण आज अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिंदा है। यह दावा हम नहीं बल्कि इस्कॉन मंदिर कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने किया है। दास ने एक्स पर 48 साल पहले ट्रंप की सबसे बड़ी मदद का उल्लेख किया है जो जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव को लेकर थी। दास ने कहा कि जगन्नाथ ने उन्हें बचाकर एहसान का बदला चुकाया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

14 जुलाई यानी रविवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बाल-बाल बचे और उन्हें बचाने वाले भगवान जगन्नाथ हैं। ये दावा वैश्विक हिंदू आध्यात्मिक आंदोलन इस्कॉन ने किया है।

इस्कॉन मंदिर कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने सोमवार को दावा किया कि केवल भगवान जगन्नाथ की वजह से आज ट्रंप जिंदा है। दरअसल, पेन्सिलवेनिया में एक चुनावी रैली में भाषण देने के दौरान ही उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से से गोली गुजरी थी। ये गोली इतनी पास से गुजरी की ट्रंप का कान लहुलुहान हो गया था।

## 48 साल पहले रथ यात्रा में मिली थी मदद

### 48 साल बाद जगन्नाथ ने चुकाया ट्रंप का एहसान

दास ने दावा किया कि 48 साल बाद अब भगवान जगन्नाथ ने डोनाल्ड ट्रम्प की रक्षा करके इस उपकार का बदला चुकाया है। बता दें कि हर साल ओडिशा के पुरी शहर में रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से तीन देवताओं की पूजा की जाती है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और उनकी बहन सुभद्रा शामिल है। इस साल 7 जुलाई से ये रथ यात्रा शुरू हुई थी जो कि 8 जुलाई तक चली थी।



**ट्रंप ने की थी भक्तों की मदद** | इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने सोशल मीडिया एक्स पर 48 साल पहले न्यूयॉर्क में पहली रथ यात्रा का उल्लेख किया। ये वहीं रथ यात्रा है जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प की बहुत बड़ी भूमिका रही थी। बता दें कि ट्रंप ने इस रथ यात्रा के लिए कथित तौर पर भक्तों की मदद की थी।

### एक्स पर क्या बोले दास?

राधारमण दास ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, 'ठीक 48 साल पहले, डोनाल्ड ट्रम्प ने जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव को बचाया था। आज, जब दुनिया फिर से जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मना रही है, ट्रम्प पर हमला किया गया, और जगन्नाथ ने उन्हें बचाकर एहसान चुकाया।

### ट्रंप ने की थी कृष्णा भक्तों की मदद


राधारमण दास ने बताया कि 'करीब 48 साल पहले, जब इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) न्यूयॉर्क शहर में पहली रथ यात्रा आयोजित करने की योजना बना रहा था, तो चुनौतियों का अंबार था। फिफ्थ एवेन्यू में परेड की अनुमति मिलना किसी चमत्कार से कम नहीं था, लेकिन रथ बनाने के लिए एक विशाल खाली जगह ढूंढना भी कभी आसान नहीं था। उन्होंने हर संभव व्यक्ति के दरवाजे खटखटाए, लेकिन किसी ने मदद नहीं की थी। तब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कृष्ण भक्तों के लिए आशा की किरण बनकर उभरे।

### 1976 का किस्सा किया याद

राधारमण दास ने जुलाई 1976 का एक किस्सा याद किया। उन्होंने बताया कि '1976 में डोनाल्ड ट्रंप ने रथयात्रा के निर्माण के लिए अपना ट्रेन यार्ड निःशुल्क उपलब्ध कराकर इस्कॉन भक्तों की रथयात्रा में मदद की थी। आज, जबकि दुनिया 9 दिवसीय जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मना रही है, उन पर यह भयानक हमला और उनका बाल-बाल बचना जगन्नाथ के हस्तक्षेप को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप

### नेपाल की विदेश सचिव ने मिसरी को बधाई दी



**काठमांडू।** नेपाल की विदेश सचिव सेवा लमसल ने सोमवार को विक्रम मिसरी को भारत का विदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर बधाई दी और कहा कि वह बहुआयामी नेपाल-भारत संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिये उत्सुक हैं। चीन और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर विशेषज्ञ माने जाने वाले अनुभवी राजनयिक विक्रम मिसरी ने सोमवार को भारत के नए विदेश सचिव का पदभार संभाल लिया। भारतीय विदेश सेवा के 1989 बैच के अधिकारी मिसरी ने विनय क्वात्रा का स्थान लिया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने तलाक याचिका पर मांगा जवाब



**जम्मू।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की पत्नी पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह जवाब उमर अब्दुल्ला की तलाक वाली याचिका पर मांगा। उमर ने अपनी पत्नी से तलाक के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। जस्टिस सुंधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने याचिका पर पायल से छह सप्ताह के भीतर जवाब देने के लिए कहा है। उमर अब्दुल्ला की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि दंपति का विवाह मृत हो चुका है। क्योंकि दोनों पिछले 15 सालों से अलग-अलग रह रहे हैं।

### जम्मू : तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में बालटाल और पहलगाम मार्गों पर कड़ी सुरक्षा के बीच वार्षिक अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से जारी है। आज (सोमवार) सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। उत्साही तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा के बीच पंथचौक श्रीनगर बेस कैंप से बालटाल और पहलगाम यात्रा बेस कैंप की ओर पवित्र तीर्थस्थल के लिए रवाना हुए।

### मारे गए तीन आतंकियों से हथियारों का जखीरा बरामद



**जम्मू।** आतंकवादियों का इरादा जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करना था। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए 268 ब्रिगेड केरन सेक्टर के कमांडर बीटीआईजी एन एल कुर्कर्णी ने बताया कि ऑपरेशन धनुष एक महत्वपूर्ण सफलता है। इसमें कुपवाड़ा पुलिस के साथ एक संयुक्त प्रयास में केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ के प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। ऑपरेशन में तीन एके-47 राइफल, चार पिस्तौल और छह हथगोले सहित हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया। पाकिस्तान-मार्क वाली सिगरेट और खाद्य पदार्थ जब्त किए गए।

## शेख हसीना ने ठुकराया चीन का 'ऑफर' बोलीं-

# तीस्ता प्रोजेक्ट के लिए भारत पर जताया भरोसा चीन के आर्थिक मदद के जाल से देश को बचाया

*बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना चीन के दौरे पर गई थीं। 5 साल बाद उनका ये दौरा हुआ। हालांकि तय समय से पहले ही शेख हसीना का दौरा खत्म हो गया। शेख हसीना को 4 दिन चीन में रहना था, लेकिन वह 3 दिन में लौट गईं। दरअसल, शेख हसीना जिन उम्मीदों के साथ चीन गई थीं, वैसे कुछ हो नहीं पाया और सम्मान के लिए उन्होंने चीन के ऑफर को भी ठुकरा दिया।*

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना हाल ही में चीन के दौरे पर गई थीं। उनके दौरे को लेकर कई तरह की चर्चाएं हुईं। कहा जाने लगा था कि चीन बांग्लादेश को लोन दे देगा। वो उसे अपने पाले में कर लेगा और भारत के सामने नई चुनौती खड़ी हो जाएगी, लेकिन ये सभी बातें धरी की धरी रह गईं। हुआ एकदम विपरीत।

शेख हसीना का चीन दौरा 4 दिन का था, लेकिन वह 3 दिन में ही देश वापस लौट गईं। यात्रा के दौरान चीन ने ऑफर दिया कि वह तीस्ता प्रोजेक्ट उनके साथ करें। इस पर शेख हसीना ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए उन्हें भारत पर ही भरोसा है। दरअसल, शेख हसीना इस उम्मीद के साथ चीन गई थीं कि शी जिनपिंग उनको बहुत ज्यादा अहमियत देंगे। दरअसल, 2016 में जब जिनपिंग बांग्लादेश गए थे तब उन्होंने कई वादे किए थे।

उन्होंने कहा था कि हम आपको लाखों करोड़ों का लोन दे देंगे। हम आपके यहां निवेश करेंगे, लेकिन तब चीन की तूती बोलती थी। 8 साल बाद यानी 2024 में चीन की स्थिति ठीक नहीं है। वह आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जिनपिंग के उन्हीं वादों को याद रखते हुए शेख हसीना चीन गई थीं।







### ठुकराया 900 करोड़ का लोन ऑफर

शेख हसीना उम्मीद कर रही थीं कि चीन उन्हें 4 लाख करोड़ का लोन तो दे ही देगा। मगर चीन ने जो लोन ऑफर किया उसे जानकर बांग्लादेश हैरान था। चीन उसे 900 करोड़ का लोन ही ऑफर कर रहा था। बांग्लादेश हैरान था कि चीन की कथनी और करनी में इतना फर्क है। कहा जा रहा है कि शेख हसीना इससे नाखुश थीं और इन्हीं वजहों से उन्होंने यात्रा तय समय से पहले ही खत्म कर दी।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, चीन से मिलने वाले ऑफर से ढाका खुश नहीं था, क्योंकि ढाका ज्यादा की उम्मीद कर रहा था। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री को शी के साथ लंबी बातचीत की उम्मीद थी लेकिन केवल संक्षिप्त बातचीत ही हो पाई। इसके अलावा चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने शेख हसीना से मुलाकात तक नहीं की। यही नहीं, चीनी मीडिया ने भी शेख हसीना के दौरे को ज्यादा तवज्जो नहीं दिया।

### इस साल दो बार भारत आईं शेख हसीना

चीन के दौरे से पहले बांग्लादेश की प्रधानमंत्री भारत आई थीं. वह इस साल दो बार भारत का दौरा कर चुकी हैं। दोनों यात्राएं जून में हुईं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं और बाद में द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर दिल्ली आईं। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद किसी विदेशी नेता की यह पहली यात्रा थी। वहीं, उन्होंने आखिरी बार जुलाई 2019 में चीन का दौरा किया था। चीन और बांग्लादेश के संबंध मधुर रहे हैं। लेकिन भारत और बांग्लादेश की बढ़ती नजदीकियों से चीन को मिर्ची लग जाती है। बांग्लादेश को अपने पाले में करने के लिए ही वो उसे लोन देता है। चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। हालांकि इससे पहले भारत के साथ ये जुड़ा था। उधर, कोरोना महामारी के बाद बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है। शेख हसीना की सरकार उसे पटरी पर लाने का प्रयास कर रही हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री चीन के दौरे पर गई थीं। उन्हें उम्मीद थी कि चीन उसे संकट से निकालने में मदद करेगा, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। जानकार कहते हैं कि ढाका ने भारत और चीन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने की कोशिश की है। लेकिन नई दिल्ली की लगातार दो यात्राओं के साथ शेख हसीना ने भारत के प्रति झुकाव दिखाया है।

## जलवायु परिवर्तन विश्व के लिए एक बड़ी चुनौती

# प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप हैं बड़े महासागरीय देश : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि हम सतत विकास की तलाश में प्रशांत द्वीप समूह का समर्थन करना अपनी जिम्मेदारी मानते हैं।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत प्रशांत द्वीप समूह के विकास के प्रयासों का समर्थन करना अपनी जिम्मेदारी मानता है। उन्होंने कहा कि प्रशांत क्षेत्र के द्वीप छोटे द्वीप नहीं हैं, बल्कि बड़े महासागरीय देश हैं और भारत को उनका भागीदार बनने का अवसर मिला है।

विदेश मंत्री ने कहा कि हम सतत विकास की तलाश में प्रशांत द्वीप समूह का समर्थन करना अपनी जिम्मेदारी मानते हैं। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं, गरीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवा आम चुनौतियां हैं, जिनसे हमें मिलकर निपटने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत अपने हिंद-प्रशांत साझेदारों के साथ और अधिक काम करने के लिए हमेशा तैयार है। विदेश मंत्री ने यह बात डिजिटल माध्यम से हुए एक कार्यक्रम में कही हैं। इस कार्यक्रम में भारत ने मार्शल द्वीप में चार सामुदायिक विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इन परियोजनाओं में ऐलुक एटोल में एक सामुदायिक खेल केंद्र, मेजित द्वीप पर हवाई अड्डा टर्मिनल, अर्नो और वोट्जे एटोल में सामुदायिक केंद्र शामिल हैं। ये निश्चित रूप से मार्शल द्वीप के लोगों को बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य के बीच मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का एक लंबा इतिहास है। पिछले कुछ वर्षों में भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग मंच (एफआईपीआईसी) के तत्वाधान में विस्तार हुआ है।

### ये सब हमारे सहयोग के मुख्य क्षेत्र हैं

विदेश मंत्री ने कहा कि मैं उन्हें हासिल करने की दिशा में प्रगति देखकर खुश हूं। हम मार्शल द्वीप गणराज्य के लिए विलवणीकरण (पानी से नमक और अन्य खनिजों को अलग करने वाली) इकाइयों और डायलिसिस मशीनों के संबंध में प्रस्तावों पर भी काम कर रहे हैं। भारत प्रशांत द्वीप देशों की प्राथमिकताओं और जरूरतों को पहचानता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल और संबंधित बुनियादी ढांचे, गुणवत्ता और सस्ती दवाएं, अच्छी जीवन शैली, उत्कृष्टता केंद्र, शिक्षा और क्षमता निर्माण, लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र का विकास, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ जल सुविधाएं ये सभी हमारे सहयोग के कुछ मुख्य क्षेत्र हैं।

## गोलियों की गूंज से फिर दहल उठा अमेरिका

# अब बर्मिंघम में फायरिंग की घटनाओं में 7 लोगों की मौत

दो अलग-अलग जगहों पर हुई गोलाबारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एक बार फिर अमेरिका में हुई गोलीबारी से हड़कंप मच गया। बता दें कि अमेरिका के बर्मिंघम के एक क्लब में हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई।

इससे पहले शहर के ही एक घर के बाहर इसी तरह की घटना में एक छोटे बच्चे समेत तीन लोग मारे गए। इस तरह से कुल सात लोगों की गोलीबारी में मौत हो गई। पुलिस ने इन घटनाओं की जानकारी दी।



### कार में मिली 3 लोगों की लाश

इसके अलावा, पुलिस को उसी दिन शाम पांच बजकर 20 मिनट पर बर्मिंघम में एक वाहन दुर्घटना की सूचना मिली। फिट्जगेराल्ड के अनुसार, मौके पर पहुंची पुलिस को एक घर के सामने यार्ड में एक कार मिली, जिसके अंदर एक पुरुष, एक महिला और एक छोटा लड़का थे, जो गोली लगने से घायल हो गए थे।

### नाइट क्लब के बाहर हुई गोलीबारी

बर्मिंघम पुलिस के अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में कहा कि शनिवार देर रात 11 बजे के बाद एक नाइट क्लब के बाहर गोलीबारी की घटना में कई लोगों के मारे जाने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। फिट्जगेराल्ड ने कहा कि बर्मिंघम दमकल एवं बचावकर्मियों ने क्लब के पास फुटपाथ पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया, जबकि क्लब के अंदर दो महिलाओं के शव मिले।

## भूस्खलन : दो बसें नदी में बही, 7 शव बरामद, मृतकों में 3 भारतीय



**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार को भूस्खलन के कारण राजमार्ग से दो बसें उफनती नदी में बह गईं, जिसके बाद कम से कम 66 लोग लापता बताए जा रहे हैं। सोमवार को बचावकर्मियों ने नदी से कुल सात शव बरामद किए हैं। सरकारी प्रशासक खीमा नंदा भूसल ने बताया कि मृतकों में तीन भारतीय हैं और बाकी चार नेपाली नागरिक हैं। उनके शवों की पहचान कर रिश्तेदारों से संपर्क किया गया है।

## पीएम मोदी ने आईएनएस टावर्स का किया उद्घाटन कहा-

# भारत की वृद्धि और विकास में प्रिंट मीडिया उद्योग का महत्वपूर्ण योगदान, आज भी प्रामणिकता बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी, मुंबई के प्रतिष्ठित बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में स्थित आईएनएस टावर्स, बी-विंग का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, उद्योग जगत के नेता और प्रिंट मीडिया समूह के सदस्य उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह की शुरुआत पट्टिका के औपचारिक अनावरण के साथ हुई, जिसके बाद इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसके बाद प्रधानमंत्री का संबोधन हुआ।



### पीएम मोदी ने प्रेरक भाषण दिया

आईएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने पीएम से स्व-घोषणा प्रमाणपत्र के हालिया मुद्दे के साथ-साथ वित्त मंत्री के साथ हालिया बातचीत के दौरान उठाए गए मुद्दों पर भी गौर करने का आग्रह किया। पीएम ने अपने उद्बोधन में भारत की वृद्धि और विकास में प्रिंट मीडिया उद्योग के योगदान को महत्वपूर्ण बतलाया, कहा आज भी प्रामणिकता बरकरार है।

## सालाना 2.5 लाख करोड़ रुपए का 'गन कल्चर' कारोबार

# 50 सालों में 15 लाख से ज्यादा अमेरिकी लोगों की गई जान

*अमेरिका में बड़ी ही आसानी से लोग हथियार खरीद सकते हैं। यहां गोलीबारी की घटनाएं आम हैं और गन कल्चर बड़ी समस्या बन गई है। अब तक लाखों लोगों की जान जा चुकी है।*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं आम हैं। अक्सर यहां से गोलीबारी की खबरें आती रहती हैं। लेकिन, शनिवार को जो हुआ उसने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में जानलेवा हमला किया गया था।

हमले में ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से को गोली छूते हुए निकल गई। इस हमले में ट्रंप की जान तो बच गई लेकिन अमेरिका में गन कल्चर को लेकर बहस जरूर तेज हो गई है। जानकारी के मुताबिक, पिछले 50 सालों में 15 लाख से ज्यादा अमेरिकी लोगों की जान इस गन कल्चर ने ली है। आज भी अमेरिका के कई राज्यों में हथियार खरीदना बेहद आसान है। तो चलिए आपको बतातें हैं कि यह गन कल्चर क्या है और कैसे अमेरिका में आसानी से हथियार मिल जाते हैं।




### आम लोगों की पहुंच में हैं हथियार

अमेरिका में बंदूक से होने वाली हिंसा सबसे गंभीर और बड़ी परेशानी है। यहां गन कल्चर से संबंधित हिंसा के मामले बेहद आम और काफी अधिक हैं। साल 1791 में अमेरिका के संविधान में दूसरा संशोधन लागू हुआ था, इसके तहत अमेरिकी नागरिकों को हथियार रखने के अधिकार दिए गए थे। तब से ही हथियार खरीदना बेहद आसान हो गया है और बड़ी आसानी से आम लोगों की पहुंच हथियारों तक हो गई है।

**लोग कम बंदूकें हैं ज्यादा** | अमेरिका की जनसंख्या लगभग 33 करोड़ है लेकिन हथियारों की संख्या 40 करोड़ तक पहुंच गई है। अमेरिका में नियमों के मुताबिक, राइफल या छोटी बंदूकें खरीदने के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 18 साल है और बाकी के हथियारों के लिए 21 साल है। ऐसे समझें कि, जैसे सिम कार्ड खरीदे जाते हैं।

### अमेरिका में बंदूकों का बड़ा कारोबार

अमेरिका में बंदूकों का बड़ा कारोबार है इसलिए इनकी संख्या में कमी करना या ऐसे कदम उठाना जिससे आम लोगों तक हथियारों की पहुंच को सीमित किया जा सके, आसान नहीं है। अनुमान के मुताबिक, हर साल अमेरिका में 2.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार भी होता है। और इन हथियारों के खरीदार आम लोग ही है।

## भारत ने अब यूक्रेन के सामने उठाया मुद्दा

# जेलेंस्की ने मोदी की पुतिन से मुलाकात पर दिया था तीखा बयान

एजेंसी ▶▶ कीव

भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा पर राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की ओर से की गई तीखी टिप्पणियों को यूक्रेन के सामने उठाया है। नरेंद्र मोदी के रूस पहुंचने के बाद व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात पर गुस्सा जाहिर करते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इसे शांति प्रयासों के लिए विनाशकारी झटका बताया था। नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा था कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को मॉस्को में दुनिया के सबसे कुख्यात खूनी अपराधी से गले मिलते देखना निराशाजनक है।



### अमेरिका ने भी जताया है एतराज

पीएम नरेंद्र मोदी 22वें भारत वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए 8 से 9 जुलाई तक रूस की यात्रा पर थे। इससे पिछला शिखर सम्मेलन दिसंबर 2021 में हुआ था, रूसी राष्ट्रपति पुतिन दिल्ली आए थे। इस दौरान मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर बात करते हुए कहा कि किसी भी मसले को युद्ध के बजाय बातचीत से हल किया जाना चाहिए।

# विवाह भारतीय संस्कृति में एक संस्कार, यह जन्म-जन्मांतर तक चलने वाला पवित्र बंधन

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दमोह के सामूहिक विवाह समारोह को किया संबोधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विवाह भारतीय संस्कृति में एक संस्कार है। यह जन्म-जन्मांतर तक चलने वाला पवित्र बंधन है। यह केवल वर-वधु को एक कर देने वाला संस्कार भर ही नहीं, बल्कि दो परिवारों अलग-अलग संस्कृति, संस्कारों तथा परम्पराओं को एकाकार कर देने वाला महत्वपूर्ण संस्कार है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर एयरपोर्ट के ओल्ड टर्मिनल में बने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कक्ष से दमोह जिले के तेदुंखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर तथा उत्तरप्रदेश के विधान परिषद के सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

उन्होंने सामूहिक विवाह समारोह के नवदंपतियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने नवदंपतियों के सुखमय तथा खुशहाल जीवन की कामनाएं की।

### हर माता-पिता को अपनी बिटिया के विवाह की चिंता से मुक्त करना लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के हर एक माता-पिता को अपनी बिटिया के विवाह की चिंता से मुक्त करना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत विवाह करने वाली बिटिया को 55 हजार रुपए की मदद दी जा रही है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वे विवाह के दौरान होने वाली कुरीतियों को दूर करें और समाज को आडम्बरों से मुक्त रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत होने वाले विवाह समारोह सामाजिक सद्भाव के अनुपम अनुष्ठान भी बन रहे हैं, यहां जहां एक ओर विवाह हो रहें हैं, वहीं निकाह भी कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को पराया नहीं, बल्कि अपना समझा जाए।

# मुख्यमंत्री ने इंदौर संभाग में हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की सराहना की

### जल गंगा संवर्धन अभियान पर केंद्रित इंदौर संभाग की पुस्तिका का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य शासन के महत्वाकांक्षी अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इंदौर संभाग में हुए कार्यों और उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस अभियान में इंदौर संभाग में हुए नवाचार अदभुत है। इन कार्यों से पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन में मदद मिलेगी।

डॉ. यादव ने रविवार को यहां इंदौर एयरपोर्ट के ओल्ड टर्मिनल में आयोजित कार्यक्रम में इंदौर संभाग में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुए कार्यों और उपलब्धियों पर केंद्रित पुस्तिका का विमोचन किया। यह पुस्तिका संभागायुक्त दीपक सिंह की पहल पर तैयार की गई। इस मौके पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर, सांसद शंकर लालवानी, संभागायुक्त दीपक



सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा तथा गोलू शुक्ला, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, गौरव रणदीवे सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा की बैठक 21 को

**भोपाल।** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा अपना 89वें स्थापना दिवस एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन 3 और 4 अगस्त को कोलार रोड स्थित जेके अस्पताल परिसर में करेगा। आयोजन को सफल बनाने सामाजिक बंधुओं से सुझाव लिए जा रहे हैं। इसके तहत 21 जुलाई को दोपहर 2 बजे से जेके हास्पिटल सभागार में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में स्थापना दिवस समारोह, विचार गोष्ठी एवं परिचय सम्मेलन के व्यापक प्रचार-प्रसार, आगंतुक अतिथियों के स्वागत-सत्कार, स्मारिका प्रकाशन, मंच संचालन सहित अन्य व्यवस्थाओं पर समिति प्रभारियों, सहप्रभारी एवं सदस्यों से चर्चा होगी। कार्यक्रम के पहले दिन 3 अगस्त को अतिथि परिचय एवं दूसरे सत्र में खुला मंच और विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। व 4 अगस्त को दूसरे दिन महासभा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह और विवाह योग्य युवक-युवतियों का निःशुल्क परिचय सम्मेलन होगा। युवक-युवती अपना विवरण 15 जुलाई तक दें।





### विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की मासिक बैठक आयोजित

**भोपाल।** विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की मासिक बैठक एवं जुलाई के जन्मदिन धारकों का सम्मान समारोह होटल पुखराज में हुआ। संस्था की वित्तीय स्थिति का विवरण देते हुए संघ द्वारा किए गए कार्य, संगठन का विस्तार एवं संगठन की आगामी योजनाओं का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में नुभवी सदस्यों ने बैठक में अनेक सुझाव दिए। सदस्यों का परिचय व अन्य कार्रवाई भी हुई।

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा- इंदौर ने पेश की समन्वित प्रयासों की अनूठी मिसाल

# स्मार्ट सिटी, मेट्रो सिटी, क्लीन सिटी, मॉडर्न एजुकेशन का हब बनने के बाद अब ग्रीन सिटी के नाम से भी जाना जाएगा इंदौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इंदौर स्मार्ट सिटी, मेट्रो सिटी, क्लीन सिटी, मॉडर्न एजुकेशन का हब बनने के बाद अब ग्रीन सिटी के नाम से भी जाना जाएगा। जन सहभागिता से ही किसी भी अभियान को सफल बनाया जा सकता है, जो इंदौर ने पुनः कर दिखाया है। पौधरोपण के इस पुनित अभियान में इंदौर के युवा महापौर ने समाज के हर जाति, वर्ग को जोड़ने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री शाह रविवार को इंदौर में पौधरोपण के महाअभियान का शुभारंभ कर रहे थे। पौधों को पानी देने के लिए रेवती रेंज परिसर में तीन तालाब बनाकर उनकी सिंचाई की व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया गया है। शाह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी की ओर से अनेक इनीशिएटिव लिए गए हैं। मोदी ने गुजरात में सर्वप्रथम पर्यावरण विभाग बनाया गया था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश, सुरक्षित, समृद्ध आधुनिक और पूरी दुनिया में नंबर वन बनेगा।




### सीएपीएफ के जवानों ने किया 5 करोड़ 21 लाख पौधे लगाने का उल्लेखनीय काम

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सीएपीएफ के जवानों को सैल्यूट करते हुए कहा कि सीएपीएफ के जवानों ने कन्याकुमारी से लेकर नॉर्थ ईस्ट और बंगाल से लेकर गुजरात तक पिछले वर्ष 5 करोड़ 21 लाख पौधे लगाने का सराहनीय काम किया है। 2024 तक एक करोड़ पौधे और लगाकर 6 करोड़ पौधे लगाने का काम पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मत्स्यपुराण में कहा गया है कि 10 तालाब के बराबर एक पुत्र और 10 पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता हैं।

### ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत 20 हजार करोड़ का प्रोग्रामः शाह

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 में वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर के साथ ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस जैसे कई इनिशिएटिव लिए गए हैं। जिससे यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी को चैंपियन ऑफ अर्थ का पुरस्कार दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कॉप 28 में ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम को प्रस्तावित किया हैं। पेट्रोल और डीजल में 20% एथेनॉल की ब्लेंडिंग को परमिशन दी गई। पूरे देश में 2025 तक पेट्रोल और डीजल में 20 प्रतिशत इथेनॉल की ब्लेंडिंग हो जाएगी। बायोमास को बायोफ्यूल बनाए जाने के लिए 12 से ज्यादा रिफाइनरी डाली गई हैं। ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत 20 हजार करोड़ का प्रोग्राम बनाया गया है।

### एक पेड़ 10 पुत्रों के समानः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मालवा में डग-डग रोटी पग-पग नीर की कहावत है। यहां अनगिनत वृक्ष हुआ करते थे, जो काल के प्रवाह में खत्म होते चले गए। मालवा में कई सारी नदियां जैसे चंबल, शिप्रा, गंभीर और अन्य सात नदियां इंदौर से निकलती हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ 10 पुत्रों के समान होता है। इस प्रकार से इंदौर में आज 51 लाख पौधे लगाए जाने का जो रिकॉर्ड बनाया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। मालवा की संस्कृति में प्रकृति के साथ मेलजोल बनाकर रखने का रिवाज है। एक पेड़ मां के नाम अभियान ने बहुत व्यापक रूप ले लिया है। अभियान अंतर्गत इंदौर में 51 लाख, भोपाल में 40 लाख और उज्जैन में 10 लाख पौधे लगाए जा रहें हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से सभी को शुभकामनाएं दी।

### इंदौर में 51 लाख पौधे हर वर्ष लगाए जाएंगेः कैलाश

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर शहर प्रधानमंत्री मोदी का दीवाना है। प्रधानमंत्री के हर संकल्प में इंदौर की भागीदारी रहती है। पीएम मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाना है। इंदौर की जनता ने फैसला किया है कि इस संकल्प को पूरा करेंगे। इंदौर की जनसंख्या 30 लाख है, लेकिन हम 51 लाख पौधे लगाएंगे। इतना ही नहीं, हमारा अनुमान है कि 60 लाख पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर क्लीन सिटी के नाम से जाना जाता है।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के पितरेश्वर हनुमान मंदिर में किया दर्शन-पूजन

### पितृ-पर्वत पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के पितरेश्वर हनुमान धाम में पौध-रोपण किया। इसके पहले उन्होंने हनुमान धाम मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं उप्र के विधान परिषद सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह ने भी पौधरोपण किया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने अपनी माताजी स्व. श्रीमती कुसुमबेन शाह की स्मृति में पीपल का पेड़ लगाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी माताजी स्व. श्रीमती लीला पूनमचंद यादव की स्मृति में एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय



ने अपनी माताजी स्व. श्रीमती अयोध्यादेवी विजयवर्गीय की स्मृति में बरगद का पौधा लगाया। पौधरोपण के साथ ही उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एवं अपनी धरती माता को हरा-भरा रखने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं और इनकी रक्षा का संकल्प भी लें।

### प्रदेश के समस्त निकायों में आयोजन

# विशेष छूट शिविर में 60 करोड़ से अधिक की हुई कर वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में विशेष छूट शिविर का आयोजन किया। इसमें विशेष छूट के तहत प्रॉपर्टी टैक्स, जलकर और स्वच्छ भारत कर से संबंधित मामले निपटाए गए और आपसी सहमति से कर वसूली की गई। प्रदेश स्तर पर आयोजित शिविर में समस्त नगर निगमों ने कुल लगभग 56 करोड़ की राशि एकत्र की, वहीं नगर पालिकाओं ने कुल 2.5 करोड़ से अधिक की राशि अर्जित की और समस्त नगर परिषदों में कुल 2 करोड़ रुपए की राशि एकत्र की गई।



### भोपाल में 11.50 करोड़ की वसूली

शिविर में लगभग 60 करोड़ रुपए से अधिक की राशि एकत्र की गई। जिसमें सबसे अधिक इंदौर नगर निगम ने 31 करोड़ रुपए, नगर निगम भोपाल ने 11.50 करोड़ रुपए, जबलपुर नगर निगम ने 4 करोड़ रुपए और ग्वालियर नगर निगम ने 3.20 करोड़ रुपए कर वसूली की। आम नागरिकों ने उत्साह के साथ सहभागिता की और आयोजित शिविर को सफल बनाया।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव ने की पुष्टि

# नक्सलियों की मांद में घुसकर जवानों ने नक्सली स्मारक को किया ध्वस्त, डंप की गई सामग्री को भी बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा जिले में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के द्वारा लगातार ऑपरेशन तेज किए गए हैं और बारिश के बीच ऑपरेशन मानसून जारी है। जहां नक्सलियों की मांद में घुसकर नक्सलियों के कैंपों तक सुरक्षाबल अपनी पहुंच मजबूत कर रहे हैं और नक्सलियों की डंप की गई सामग्री को भी बरामद की जा रही है।

वहीं स्मारकों के जरिए नक्सलियों द्वारा विचारधारा के प्रचार प्रसार पर भी सुरक्षाबलों के द्वारा अंकुश लगाने का काम किया जा रहा है । इसी के तहत किस्टाराम



इलाके में सुरक्षा बलों ने लंबे समय से नक्सलियों द्वारा बनाए गए नक्सली स्मारक ध्वस्त कर दिया है। मामले की पुष्टि करते हुए सुकमा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण गंगाराम चव्हाण के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एक ओर लगातार नक्सलियों के विरुद्ध प्रभावी अभियान कार्रवाई जारी है।

वहीं दूसरी ओर अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सलियों के भय व हिंसा के प्रतीक के रूप में बने वृहद स्मारकों को हटाकर स्थानीय ग्रामीणों में भी नक्सलियों के विरुद्ध जागरूकता व क्षेत्र के माहौल को भय मुक्त बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि थाना किष्टाराम के जिला पुलिस बल व डीआरजी की टीम के द्वारा ग्राम पालोडी के कसाराम जंगलों में विगत कई वर्षों से स्थापित वृहद नक्सली स्मारक को ग्रामीणों के समक्ष ध्वस्त किया गया। उक्त ग्राम में नक्सलियों के रक्तपात, भय और हिंसा का प्रतीक बन चुके उक्त स्मारक को पुलिस और डीआरजी की टीम के द्वारा ग्रामीणों के समक्ष ध्वस्त किया गया।

# ग्राम तोकापाल के पास तेज रफ्तार कार पुल से टकराई, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगदलपुर के परपा थाना इलाके के ग्राम तोकापाल के पास बीती रात एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पुल से जा टकराई। इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों को चोट आई, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि कार में पांच लोग सवार थे, जो कि दंतेवाड़ा एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे, शादी कार्यक्रम से देर रात करीब एक बजे के लगभग



अपनी कार से जगदलपुर के लिए निकले थे। सुबह जैसे ही तीन से चार बजे के बीच तोकापाल के पास पहुंचे कि अचानक कार चला रहे युवक को कुछ समझ नहीं आया और कार पुल से जा टकराई, इस घटना में कार सवार महिला का पैर फैक्चर हो गया, जबकि अन्य लोगों को भी चोट आई।

### सुबह लोगों ने देखा पुलिस को दी सूचना, शव पीएम के लिए भेजा

# मारकेल में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार जेल पहरी को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम मारकेल में बीती रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार जेल पहरी को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। रात ज्यादा होने के कारण लगातार बारिश के चलते कोई मृतक को देख नहीं पाया। सुबह लोगों के देखने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। जहां शव को पीएम के लिए मेकाज लाया गया। वहीं घटना की जानकारी लगते ही जेल



पुलिस हॉस्पिटल आ पहुंची। जहां शव का पीएम कराने में जुट गई है।

मामले के बारे में जानकारी देते हुए नगरनार पुलिस ने बताया कि सुबह जानकारी मिली कि मारकेल के पास एक युवक का शव देखा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर एक क्षतिग्रस्त बाइक भी बरामद किया है। इसके अलावा जेल पहरी इनेश बक्श 52 वर्ष का शव भी बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए मेकाज भिजवाया। वहीं जेल विभाग को सूचित किया गया। जेल विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि इनेश बक्श मारकेल क्यों गया था। इस बात की किसी को भी जानकारी नहीं है। परिजनों के आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पायेगा, फिलहाल, पुलिस ने शव को पीएम रूम में रखवा दिया है।

### बालोद के मंदिर प्रांगण में मिला अधजला शव

**बालोद।** बालोद जिले में एक बार फिर एक युवक की जली हुई अवस्था में लाश मिली है। किल्लेवाड़ी मंदिर के प्रांगण में युवक की लाश मिली है। दो युवक-युवती घूमने आए थे। उन्होंने पहले लाश को देखा। उसके बाद पुलिस और आपातकालीन फोन किया, जिसमें सबसे पहले आपातकालीन वाहन मौके पर पहुंचा। युवक की मदद से उन्हें गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत्यु घोषित कर दिया। मामला हत्या है या फिर आत्महत्या का। यह जांच के बाद सामने आ पाएगा। महामाया थाना प्रभारी देव कुमार कोर्राम ने बताया सूचना मिला था कि एक युवक का लाश मिला हुआ है। इसके बाद पुलिस पहुंची तो उसे एंबुलेंस में स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया जा रहा था। कथित रूप से जब युवक युवती ने देखा तो मृतक की सांस हल्की चल रही थी। परंतु अस्पताल ले जाने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि लाश के पास एक साइकिल और एक पानी की बोतल मिली है। जिसमें पेट्रोल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। आपको बता दें कि मृतक युवक का नाम विनय कुमार पिता मनोज कुमार गुप्ता वार्ड क्रमांक 4 राजहरा का निवासी बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी तक नाम की पुष्टि नहीं की है।

### विपक्ष ने कहा तानाशाही, सदन में दिया धरना, बेवजह की बातों में उड़ा सत्र

# बिना पर्याप्त चर्चा और संशोधन किए बहुमत के दम पर बजट पास






जबलपुर।

थूक की फूंक में इस बार का नगर निगम बजट सत्र उड़ गया। थूक की आड़ में या थूक की वजह से बिना पर्याप्त चर्चा और संशोधन नगर निगम बजट बहुमत और संख्या बल के दम पर सोमवार को नगर निगम सदन में पास कर दिया गया। विपक्ष ने इसे नगर निगम अध्यक्ष की मनमानी और तानाशाही बताया और सदन में धरना शुरु कर दिया। वहीं महापौर और सत्ता पक्ष ने इसका दोष विपक्ष को दिया और कहा विपक्ष समय खराब कर रहा है, बजट के अलावा हर विषय पर बात रहा है, बजट लेट हो रहा है और जनता का नुकसान बढ़ रहा है। महापौर ने बहुमत के दम पर बजट पास करने को मजबूरी और जन हित बताया और सदन से बाहर चले गये। कुल मिलाकर महीनो लेट हुआ बजट सोमवार को ज्यों का त्यों पास हो गया।

### टेलीकॉम फैक्ट्री की जमीन पर स्टेडियम का प्रस्ताव

सोमवार को बजट सत्र की शुरुआत सुबह 11 बजे हुई, जहां नेताप्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने बजट पर प्रस्तावित स्टेडियम के लिये टेलीकाम फैक्ट्री की जमीन पर बनाने प्रयास करने का प्रस्ताव रखा। जिसपर महापौर सहित सभी ने सकरात्मक रुख दिखाया। भाजपा पार्षद कृष्णा चौधरी ने आरक्षित वार्डों में संपत्तिकर में छूट की मांग की। पार्षद अंजना अग्रहरी ने खर्चो को कम करने पर जो दिया। पार्षद कमलेश अग्रवाल ने अतिक्रमण फुटपाथ और शहीद स्मारक सहित प्रमुख स्थानों पर शौचालय के सुझाव दिये। जिसके बाद भोजन अवकाश हो गया।

### विकास रुपी बजट : रजनी

नगर निगम महापौर परिषद की सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सदन में प्रस्तुत बजट के संबंध में अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के द्वारा सदन में प्रस्तुत बजट जबलपुर शहर नगर निगम सदन की आवश्यक बजट बैठक जिसमें जबलपुर महानगर के समुचित विकास की अवधारणा पर अधारित बजट है। उन्होंने इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" एवं सभी पार्षद साथियों को बधाई दी।

### फिर की गई थूक पर बहस

भोजन अवकाश के बाद पार्षदों ने क्रम वार अपनी अपनी बात रखना शुरु की। 4 बजे पार्षद शफीक हीरा खड़े हुये, जिसके बाद फिर थूक का मामला गर्मा गया। भाजपा पार्षद जीतू कटारे ने कहा नेता प्रतिपक्ष ने कहा था कि सीसीटीवी फुटेज निकाली जाए। उन्होंने एक वीडियो सदन में दिखाया और दावा किया गया कि वीडियो में पार्षद साफ साफ थूक लगाते हुये दिख रहे है। वीडियो दिखाने के बाद सत्ता के पार्षद एकजुट होकर माफी की मांग करने लगे। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच नारेबाजी शुरु हो गई। इस हंगामे के बीच 4.45 के करीब पार्षद कमलेश अग्रवाल खड़ हुये और उन्होंने नगर निगम अध्यक्ष से मांग रखी की विपक्ष बजट पर चर्चा चाहता ही नहीं, इसलिये बजट को बहुमत के आधार पर पास कर दिया जाए। जिसके बाद नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने बजट पास होने का ऐलान आंसदी से कर दिया। जिसके फौरन बाद बजट सत्र के समापन का ऐलान कर दिया गया। कांग्रेस पार्षदों ने इस पूरे घटनाक्रम को नगर निगम अध्यक्ष की तानाशाही बताते हुये सदन में आंसदी के सामने धरना शुरु कर दिया। इसी के बाद जबलपुर नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट बिना पर्याप्त चर्चा के सदन में पास हो गया।

### स्टेडियम के लिये केन्द्र और राज्य सरकार से करेंगे मांग

नगर निगम बजट पर चर्चा के बीच सोमवार को पर्यावरण संरक्षण का मुद्दा भी गूंजा। बैठक की शुरुआत में ही नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कहा कि बजट में जो इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम प्रस्तावित है, उसके लिए शहर के बीचों-बीच स्थित टेलीकॉम फैक्ट्री से अच्छी जगह नहीं हों सकती, उन्होंने कहा कि हमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव बनाकर भेजना चाहिए कि टेलीकॉम फैक्ट्री की 70 एकड़ जगह नगर निगम को निशुल्क मिले, यदि ऐसा होता है तो वहां देश का सबसे बड़ा स्टेडियम बनकर तैयार हो जाएगा और बची हुई तकरीबन 20 एकड़ जमीन पर, हरियाली भी बनी रहेगी। नेता प्रतिपक्ष के प्रस्ताव पर मेयर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि उक्त जमीन केंद्र सरकार की है इसलिए उसके संबंध में अभी क्या निर्णय हुआ, इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि शहर के नागरिकों से इस संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके बाद राज्य और केंद्र सरकार के सामने प्रस्ताव रखा जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल ने कहा कि उस जमीन पर स्टेडियम बनाना नगर निगम का विषय नहीं है लेकिन फिर भी हम सभी को एकमत होकर राज्य और केंद्र सरकार के सामने एकमत होकर अपनी बात रखनी चाहिए।

## पीएंडटी की भूमि बेचे जाने के विरोध में उतरा हाईकोर्ट बार भी

### कार्यकारिणी सभा में हजारों वृक्षों पर आसन्न संकट को लेकर जताई चिंता



**जबलपुर।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर ने पी एंड टी की भूमि को गुपचुप बेचे जाने की प्रक्रिया की जानकारी लगते ही विरोध प्रारंभ कर दिया है। हाई कोर्ट बार के सचिव परितोष त्रिवेदी ने बताया कि टेलीकाम फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा इस दिशा में जारी प्रयासों पर अविलंब रोक आवश्यक है। ऐसा इसलिए क्योंकि उक्त भूमि पर हजारों हरे-भरे वृक्ष लगे हैं। शहर की आबोहवा को शुद्ध बनाए रखने में इनकी महती भूमिका है। लिहाजा, भूमाफिया की नजरों से इस जमीन को बचाना होगा। हाई कोर्ट बार इस सिलसिले में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए विरोध के स्वर बुलंद कर रहा है। यदि भूमाफिया के हाथों में यह बेशकीमती जमीन चली गई तो वृक्षों का कत्लेआम हो जाएगा। इससे शहर की जनता व पर्यावरण का अपूर्णीय नुकसान होगा। इसी गंभीर आशंका को मद्देनजर रखकर सोमवार को हाई कोर्ट बार कार्यकारिणी की आपात बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्वसम्मति से पी एंड टी की जमीन बेचने के विरुद्ध प्रस्ताव पारित हुआ। कार्यकारिणी की सभा में हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, सह सचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पुस्तकालय सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, विनोद मिश्रा, गरिमा तिवारी, रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रियंक चंसोरिया व स्मिता केहरी उपस्थित रहे।

**कोविद-21 संस्था आज विरोध प्रदर्शन करेगी**

टेलीग्राफ फैक्ट्री की हरित भूमि को बेचे जाने के विरोध में शहर की कोविद-21 संस्था मंगलवार को सायं छह बजे दमोहनाका चौक पर विरोध प्रदर्शन करेगी। संयोजक अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, शैलेष पाठक, मयंक तिवारी बंटी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरितिमा को बचाने सभी संवेदनशील जन एकजुट हो गए हैं। यह हरित भूमि जबलपुर का फेफड़ा है, जिसमें लगे हजारों वृक्ष आक्सीन के स्रोत हैं। उन्हें कटने नहीं दिया जाएगा। भूमि को बिकने नहीं दिया जाएगा।

# राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक




**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सोमवार को जिले में पदस्थ सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। श्री सक्सेना कहा कि नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के लिये तहसील स्तर पर आयोजित किये गये जुलाई माह के प्रथम शिविर में अच्छा कार्य हुआ है लेकिन जिले की रैंकिंग को सुधारने अभी भी काफी प्रयासों की जरूरत है।

कलेक्टर ने बैठक में मंगलवार 16 जुलाई से आयोजित किये जा रहे राजस्व महाअभियान को लेकर भी राजस्व अधिकारियों को जरूरी दिशा -निर्देश दिये । उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुसार चलाये जा रहे 45 दिन के इस महाअभियान में राजस्व न्यायालयों में दर्ज समय सीमा पार कर चुके प्रकरणों के निराकरण करने विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता बताई । श्री सक्सेना ने राजस्व प्रकरणों का निराकरण को गति देने पटवारियों के कामकाज की नियमित मॉनिटरिंग करने की हिदायत देते हुये अपर कलेक्टरों और अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों का नियमित तौर पर निरीक्षण करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि वे खुद भी राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करेंगे और जहां भी कमियां पाई जायेंगी संबंधित के खिलाफ एक्शन लेंगे । उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियां का बेहतर तरीके से निर्वाह करना होगा तथा समय पर राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर नागरिकों का विश्वास जीतना होगा। श्री सक्सेना ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण और राजस्व महाअभियान में जो अधिकारी अच्छा काम करेंगे उन्हें सम्मानित भी किया जायेगा। कलेक्टर श्री सक्सेना ने 16 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाये जा रहे वर्ष के दूसरे राजस्व महा अभियान पर चर्चा करते हुये राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का निराकरण करने के साथ-साथ राजस्व अभिलेख की त्रुटियों को दूर करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व महाअभियान में प्रत्येक प्रकरण को आरसीएमएस पर दर्ज करना सुनिश्चित करने की हिदायत दी। श्री सक्सेना ने आरसीएमएस में दर्ज नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश देते हुये कहा कि राजस्व न्यायालयों से नामांतरण और बंटवारा के पारित हुये आदेशों को राजस्व अभिलेखों में अमल में लाने की कार्यवाही 31 जुलाई तक पूरी कर ली जाये। कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान में अभिलेखों की दुरुस्ती, नक्शा तरमीम, समग्र ई-केवायसी और समग्र में खसरे की लिकिंग, पीएम किसान योजना का लाभ लेने से छूटे किसानों को योजना से जोड़ने, पीएम किसान योजना के पात्र किसानों की ई केवायसी एवं लंबित आधार बैंक खातों को डीबीटी इनेबल करने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं नाथूराम गोंड, सयुंक्त कलेक्टर श्रीमती नदीमा शीरी, सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद थे।

## 16 जुलाई को होगा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने वृक्षारोपण के संबंध में सभी जिला व जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि 16 जुलाई को वृहद स्तर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान अंतर्गत लगाना है। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों से उनके टारगेट की जानकारी लेकर कहा कि, सुरक्षित स्थान पर स्वस्थ पौधे लगाए। साथ ही उसकी सुरक्षा के बेहतर इंतजाम भी करें। पौधे लगाने की तकनीक का उपयोग करें ताकि पौधे जीवित रहे। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई को जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा।अभियान अंतर्गत जिले में 11 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम कमिश्नर और जिला पंचायत की मुख्य अधिकारी को इसकी मॉनिटरिंग करने के दायित्व भी सौंपा। जिला स्तर पर आयोजित होने वाले वृक्षारोपण का कार्यक्रम डुमना में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि पौधारोपण में लापरवाही न करें,यह अभियान प्रकृति को संरक्षित करने तथा भावी पीढ़ी को सुरक्षित करने के लिए है। उन्होंने बार-बार कहा कि पौधे की जीवित रहने की संभावना पर ज्यादा प्रयास करें। जिले में 11 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन ऐसा नहीं कि सिर्फ 11 लाख एक ही दिन में लगा दें और वे असुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि मंगलवार 16 जुलाई से शुरू होने वाली इस अभियान सतत रूप से चलेगी। अभियान में पौधारोपण और उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान अधिकारियों ने 16 जुलाई को 1 लाख 47 हजार 50 पौधे लगाने का लक्ष्य बताया जिसमें जनपद पंचायत कुंडम में 6925, जबलपुर में 6000, पनागर में 2000, पाटन में 2600, मंझौली में 3500, शहपुरा में 2350, सिहोरा में 2500, नगर निगम जबलपुर में 25000, नगर परिषद भेड़ाघाट, कटंगी, बरेला व पाटन में 5-5 सौ, मंझौली में 100, पनागर और शहपुरा में 2-2 सौ, सिहोरा में 1500 पौधे लगाये जायेंगे। वहीं जनअभियान परिषद द्वारा 2000, शिक्षा विभाग द्वारा 5000, महिला एवं बाल विकास और हाउसिंग बोर्ड विभाग द्वारा 4-4 हजार, सामाजिक न्याय, ओबीसी, पीएचई, श्रम, रेडक्रास द्वारा 100-100, खनिज विभाग द्वारा 5000, एमपीबी द्वारा 62000, एक्साईज विभाग द्वारा 200, कृषि उपज मंडी द्वारा 125, पीआईयू और पशुपालन विभाग द्वारा 5-5 सौ, कृषि विभाग द्वारा 200, जिला उद्योग केन्द्र और डब्ल्यूआरडी द्वारा 11-11 सौ, आदिम जाति कल्याण विभाग 450, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2500 और वन विभाग द्वारा 3000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।




# कमिश्नर वर्मा ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**जबलपुर।** संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने विभिन्न विभागों की विभागीय समीक्षा की। जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों के संबंध में समीक्षा करते हुये आरसीएच पोर्टल में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, हाईरिस्क प्रेगनेंसी, संस्थागत प्रसव के संबंध में जानकारी ली और कहा कि संभाग में जितने भी डिलेवरी पाइंट है उन्हें क्रियाशील करें और एएनएम, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी तीनों मिलकर कार्य करें। एनआरसी, एसएनसीयू, आरबीएसके, टीकाकरण व परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा भी की।

**डेंगू मलेरिया से बचाव व रोकथाम, डायलेसिस, सीटी स्केन, एमआरआई, कुष्ठरोग व अंधत्व निवारण कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली**

दवाईयों की उपलब्धता, डेंगू मलेरिया से बचाव व रोकथाम, डायलेसिस, सीटी स्केन, एमआरआई, कुष्ठरोग व अंधत्व निवारण कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। बैठक में उन्होंने कहा कि संभाग में संचालित टेस्टिंग लैब सही ढंग से कार्य करे। साथ ही मिलावट व अमानक खाद्य पदार्थों के संबंध में सघन जांच जारी रखें। उन्होंने आयुष विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि पंचकर्म, आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदि को सक्रिय करें। आधुनिक आयुर्वेदिक उपचार पद्धति से आम जन को भी परिचित करायें। बैठक में मत्स्य विभाग और पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।



## रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की तैयारियां जारी

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव जबलपुर-2024 की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने कॉनक्लेव की तैयारियों के संबंध में विभिन्न तथ्यों पर गंभीरता से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। 20 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस महत्वकांक्षी रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को सफल बनाने के लिये सभी आवश्यक प्रयास करें, क्योंकि निवेशक सकरात्मक सोच के साथ इस कॉनक्लेव में आ रहे है, अतः आवश्यक व्यवस्थायें सुनिशचित करने में लापरवाही न करें। कॉनक्लेव की सफलता से महाकौशल में इंवेस्ट बढ़ेगा, उद्योगों स्थापित होंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसके लिये सभी व्यवहारिक पक्षों को देखते हुये जो भी बेहतर हो सकता है, उस दिशा में कार्य करें। नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर के लोकार्पण, प्रदर्शनी, सेक्टोरल राउंड टेबल बैठकें, वन-टू-वन मीटिंग आदि के समय व व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में परिणय सूत्र में बंधे 72 जोड़े

जबलपुर।

मध्यप्रदेश शासन की महात्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह के अंतर्गत 72 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। केन्ट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सदर रामलीला मैदान के समीप एक बड़े हॉल एवं प्रांगण में आयोजित सामूहिक विवाह-निकाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह जबलपुर के रहे जिसमें केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी की अध्यक्षता एवं नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव एवं श्रीमती रजनी कैलाश साहू, वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, श्रीमती रेनू कोरी, पार्षद राहुल साहू, जित्तू कटारे, श्रीमती प्रिया संजय तिवारी, श्रीमती पूजा श्रीराम पटैल, आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, के साथ सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विवाह एवं निकाह की रश्में सम्पन्न हुई और इस मौके पर सभी अतिथियों, अधिकारियों ने



वर-वधु को अपना शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि आज विदा ले रहीं सभी बेटियों को जैसा मायके में दुलार, सम्मान मिलता रहा है वही दुलार, सम्मान बेटियों को ससुराल में भी मिले और एक दूसरे के परिवार की भावनाओं से जुड़कर सुखमय जीवन व्यतीत करें यही शुभकामनाएँ आज इस मंच से मैं देता हूं। माँ नर्मदा की हमेशा कृपा वर-वधुओं पर बनी रहे यही मंगल कामना भी करता हूं।

केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास ने कहा कि कन्या सभी लक्ष्मी स्वरूपा होती हैं। इनकी सेवा और पूजा से घर परिवार में सुखमय वातावरण निर्मित होने के साथ-साथ धन-धान्य एवं समृद्धि की बरसांत होती है। नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज ने भी अपना उद्बोधन दिया और सभी वर-वधुओं को शुभकामनाएँ दी। इस संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन एवं योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरद रामलीला मैदान के पास में भव्य सामूहिक विवाह-निकाह सम्मेलन का आयोजन किया गया और विवाह योग्य युवक युवतियों को मंच प्रदान कर उनका विवाह-निकाह संपन्न कराया गया। सभी 72 जोड़े में से 71 जोड़े हिन्दू रीतिरिवाज और 1 जोड़े निकाह प्रक्रिया से परिणय सूत्र में बंधे।

## जांच में आरोप सही पाये गये, अब होगी आगे की कार्यवाही

# मुख्यमंत्री संबल योजना में लगे दैनिक वेतन भोगी ने कर दिया लाखों का खेला

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

नगर पालिका का एक दैनिक भोगी जो मुख्यमंत्री संबल योजना का भी कार्य देख रहा था उसने अनेक हितग्राहियों की राशी में ही लाखों का खेला कर दिया।विगत दिनों प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में वार्ड क्रमांक 7 से भाजपा पार्षद ने दैनिक वेतन भोगी द्वारका कोरी जो लिपिक का भी कार्य करता है उसके ऊपर मुख्यमंत्री संबल योजना वाले अनेक हितग्राहियों से करीब 1 लाख 85 हजार रुपये कथित तौर पर लेने का आरोप लगाया ।




### लखपति निकला नगर पालिका का दैनिक वेतन भोगी

एक तरफ विकास कार्य कराने नगर पालिका सरकार से राशी मिलने की आस में है तो वहीं दुसरी ओर संबल योजना में लगा एक बाबू अनेक हितग्राहियों की राशी हड़पकर लखपति हो गया। पार्षद की लिखित शिकायत और आरोप के बाद बैठक में लिपिक के खिलाफ कार्यवाही करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता एंव सदस्य पार्षद बेबी विनय पाल,लीला सुप्पी बर्मन,जवाहर कोल अंकुश नायक एवं शारदा बर्मन की उपस्थिति में किया गया। वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद जवाहर कोल ने कथित तौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके वार्ड में मुख्यमंत्री संबल योजना के पांच हितग्राहियों आश्रितों की मृत्यु हो गई थी संबंधित हितग्राहियों में सुरेंद्र ठाकुर,वर्षा बर्मन,गुड्डी बाई कोल,रज्जू कोल एवं मान बाई दुलीचंद कोरी शामिल है हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह योजना का लाभ प्राप्त करने नगर पालिका कार्यालय में अपने-अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। लिपिक ने हितग्राहियों से योजना का लाभ दिलाने के बदले में देय राशि मैं आधी राशि देने का सौदा किया सुरेंद्र ठाकुर को उसके पुत्र की दुर्घटना में मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि चार लाख स्वीकृत की गई लिपिक ने उनसे एक लाख रुपए लिए वर्षा बर्मन को स्वीकृत दो लाख रुपए में से लिपिक ने 85 हजार रुपए लिए मान बाई कोरी की सामान्य मृत्यु होने पर दो लाख रुपए की स्वीकृति मिली लिपिक ने मां मान बाई कोरी की पूरी राशि ले ली थी गुड्डी बाई कोल एवं रज्जू कोल के आवेदन पत्र लिपिक ने अस्वीकृत करवा दिए।

ज्ञात हो हितग्राहियों से रुपए ऐठने वाला बाबू अपनी कार्यप्रणाली के लिए पूरे नगर पालिका में विख्यात है वह है तो दैनिक वेतन भोगी लेकिन ठाठ बाठ जमींदारों जैसे है।

**आगे की कार्यवाही जारी है**

दैनिक वेतन भोगी द्वारका कोरी पर भाजपा पार्षद के द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपो की जांच कराई गई जो सही पाये गये है आगे की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है ।

**जय श्री चौहान**
मुख्य नगर पालिका




## शासकीय प्राथमिक शाला में हुआ कार्यक्रम, शिक्षण सामग्री पाकर खिले बच्चों के चेहरे

# बच्चों को पढ़ाई में न हो दिक्कत इसलिए 'हम हैं न' फाउण्डेशन ने बांटी स्टेशनरी

**जबलपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला पडवार कला सूरतलाई स्कूल में हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा यहां पर अध्ययनरत बच्चों को अध्यापन कार्य के लिए शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों को हम हैं न फाउण्डेशन के सदस्यों द्वारा कॉपी, शीश, पेसिंल, शॉपर्नर, स्केल, रबर आदि प्रदान किए गए, जिसे प्राप्त कर बच्चों के चेहरे में मुस्कान आई। इस मौके पर बच्चों ने कहानी सुनाई और गीत के माध्यम से सभी के मनमोहा। हम हैं न फाउण्डेशन के सदस्यों ने बताया कि उन्हें पडवार कला स्थित शासकीय स्कूल के बच्चों को स्टेशनरी की आवश्यकता होने की जानकारी प्राप्त हुई, जिसके तुरंत बाद फाउण्डेशन के द्वारा बच्चों को पढ़ाई के लिए स्टेशनरी उपलब्ध कराई गई।

स्टेशनरी वितरण के दौरान हम हैं न फाउण्डेशन के आशीष विश्वकर्मा, संजय कुमार चौबे, शरद विश्वकर्मा, नीलम प्यासी, आयुष प्रशस्त्र विश्वकर्मा, रत्नेश राय, रंजीत विश्वकर्मा, आनंद सेन, सुनील मालवीय, जितेन्द्र श्रीपाल, शुभम वैद्य आदि ने बताया कि फाउण्डेशन के द्वारा निरंतर देश व समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत शासकीय स्कूल में अध्यनरत बच्चों की बेहतर शिक्षा-दीक्षा के लिए फाउण्डेशन के द्वारा स्टेशनरी का वितरण किया गया, ताकि कॉपी व अन्य शैक्षणिक सामग्री के आभाव में बच्चों को अध्यापन के कार्य में किसी भी तरह से परेशानी का सामना न करना पड़े।



# आपदा से निपटने दिया गया प्रशिक्षण

**जबलपुर।** एनडीआरएफ 11 बनारस की टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला घमापुर जबलपुर प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदा को विस्तार से बताया एवं आपदा आने पर उससे निपटने के लिए क्या.क्या तरीके होते हैं बताए गए। जिससे जान माल का नुकसान काम किया जा सकता है, जल भराव क्षेत्र में बाढ़ से पूर्व की तैयारी बताई गई और बाढ़ के बाद क्या.क्या सावधानी होना चाहिए, यह भी छात्रों को बताया गया इस अवसर पर इंस्पेक्टर सी के गुप्ता द्वारा सचेत ऐप एवं दामिनी ऐप के बारे में बाढ़ एवं भूंकप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमति नरवरिया, सुनील गर्ग डिवीजनल वार्डन सिविल डिफेंस जबलपुर उपस्थित रहे।

## खितौला में सत्संग कार्यक्रम आयोजित

**सिहोरा।** इस संसार मे शिष्य के लिए सदगुरु से बड़ा हितेषी कोई नही है वे शिष्यों के सभी संताप हरकर उन्हें ब्रम्ह बनाते हैं आज भी आशाराम के शिष्यों की श्रद्धा में लेश मात्र भी फर्क नहीं पड़ा है उक्ताशय के उदगार साध्वी हर्षाली बहन ने खितौला के लखराम मोहल्ला में स्तिथ आशाराम आश्रम में गुरुपूर्णिमा महोत्सव के पहले रविवार को आयोजित सतसंग कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि सब अच्छी तरह जानते हैं की उनके बापू कैसे है सरकारें विकास की बातें बस करती है लेकिन आज देश मे वृद्धआश्रमो की संख्या बढ़ी है जबकि बापू ने मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने की प्रेरणा देकर माता पिता का महत्व बताया जिससे बच्चे अपने मॉ बाप में ही भगवान देखें और उनको वृद्ध आश्रम न भेजकर घर मे उनकी सेवा करें । साथ ही महिला आश्रम खोलकर बहनों के उत्थान के लिए रास्ता खोला सनातन धर्म के लिए बापू ने दिनरात एक कर दिया जो हिन्दू ईसाई बन गए थे उनकी घर वापसी करवाई। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे।

## पाठक की 22वीं कृति बाल बांसुरी प्रकाशित

**सिहोरा।** हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी अनेक कृतियां प्रकाशित कर चुके नगर के ख्यातिलब्ध वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की 22 वीं कृति बाल बांसुरी नमन प्रकाशन नई दिल्ली से प्रकाशित हुई है। इस बाल कविता संग्रह में बच्चों से संबंधित 45 कविताएं सम्मलित हैं। इन कविताओं में जहां शिक्षा,संस्कार एंव संवेदना के स्वर मुखरित हुए हैं वहीं प्रकृति की झलकियों और झांकियों के मोहक चित्र भी हैं। बच्चों का मनोरंजन और ज्ञान वर्धन करती ये कविताएं संदेश परकता की कसौटी में खरी तथा उनके सर्वांगीण विकास में सहायक हैं।




## निर्माणाधीन भवन से पाईप चोरी करते 4 आरोपी पकड़े गए

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत राईट टाउन मे एक निर्माणाधीन भवन से पाईप चुरा कर मालवाहक आटो में रखते हुए चार आरोपियों को मुंशी और ड्राईवर ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार राईट टाउन प्रेममंदिर के पास निवासी 34 वर्षीय मुंशी जयराम यादव अपने मालिक के निर्माणाधीन भवन की देखरेख करता है। गत रात लगभग 8 बजे मुंशी जयराम अपने कार्यालय में बैठा था तभी ड्राईवर अमर सिंह उसके पास कुछ काम से आया था, तभी रात में लोहे के पाईप उठाने की आवाज आने पर जयराम यादव और अमर सिंह बाहर आकर देखे तो गलगला टोरिया निवासी 29 वर्षीय इरशाद खान, बड़ा मदार छल्ला हनुमानताल निवासी 26 वर्षीय खालिक अंसारी और 33 वर्षीय इमरान अहमद, नूरानी मस्जिद के पास हनुमानताल निवासी 22 वर्षीय शादाब अंसारी चारों पाईप उठाकर मालवाहक आटो क्रमांक एमपी 20 एलए 5806 में लोड कर रहे थे। जिन्हें मुंशी जयराम यादव, ड्राईवर अमर सिंह, संतराम ठाकुर और सचिन रजक के द्वारा उन्हें पकड़ा गया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मालवाहक आटो जब्त कर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 62 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत कछपुरा रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कछपुरा रेलवे स्टेशन के पास सोमवार की सुबह 6.5 बजे ट्रेन से कटकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। अज्ञात युवक की उम्र लगभग 25 वर्ष की बताई गई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



## बालक मंदिर के विद्यार्थी परिषद ने ली शपथ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत महिला मण्डल के द्वारा संचालित बालक मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला में आज वर्ष 2024.25 सत्र के लिए विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। शाला की प्राचार्य शशिकिरण श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक, साहित्यकि, खेल गतिविधियों एवं शाला के चारों दलों के चयनित विद्यार्थियों को कर्त्तव्य निवर्हन की शपथ दिलवाई। नए सत्र के लिए शाला नायक के रूप में हिन्दी माध्यम के उज्वल प्रजापति, अंग्रेजी माध्यम के कृष्णा जायसवाल व शाला नायिका के रूप में हिन्दी माध्यम की पलक पटेल व अंग्रेजी माध्यम की संध्या रजक ने शपथ ली। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के अन्य पदाधिकारियों ने भी कर्त्तव्य निवर्हन की शपथ ली। मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल महिला मण्डल की अध्यक्ष डॉ. अंजना तिवारी, प्रबंधक डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुजाता सिंह व सचिव प्रतिभा पाणी ने विद्यार्थी परिषद के नवनिर्वाचित पदाधकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन शाला की मनीषा पवार व सोनिया मरावी ने किया।

## एनपीएस के विरुद्ध रेल मजदूर संघ का हस्ताक्षर अभियान आज से

जबलपुर। रेल युवा कर्मचारियों के लिए अभिषाप बन चुकी एनपीएस के मामले में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ ने युद्ध स्तर पर लडाई लड़ने का फैसला लिया है। संयुक्त महामंत्री व संघ प्रवक्ता सतीष कुमार ने बताया कि विगत 11 जुलाई 2024 को कोटा में संघ की सीईसी की बैठक में अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा की अगुवाई में 5 संकल्प पारित हुए। संकल्प पत्र में एनपीएस रद्ध करने तक चैन नही, एलडीसीई ओपन टू ऑल, सभी नई भर्तीया केवल ट्रेकमेंटेनर्स में, हार्डशिप अलाउंस सभी केटेगरिज को, आठवे वेतन आयोग का गठन को लेकर संघ 16 जुलाई को दोपहर 3 बजे, पमरे महाप्रबंधक कार्यालय से संकल्प यात्रा प्रारंभ करेगे। संकल्प यात्रा के दौरान उक्त 5 संकल्प पत्र पर रेल कर्मचारियों से हस्ताक्षर अभियान चलाकर हस्ताक्षर करवाकर खुला पत्र रेल मंत्री को सौपेगे।

## सूने घर का ताला तोड़कर 1 लाख नगदी सहित सोने चांदी के जेवर चोरी

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत छुईखदान में बेटी की शादी में खितौली बमहौरी जिला कटनी गए एक व्यक्ति के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर, पासबुक, एटीएम, चैकबुक और नगदी 1 लाख रुपए चोरी कर ले गए। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुईखदान निवासी 52 वर्षीय रामदुलारे कुशवाहा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1 के पास बेल्डर का काम करता है। गत 10 जुलाई को रामदुलारे अपने परिवार के साथ अपने साले रमेश कुशवाहा की बेटी की शादी में खितौली बमहौरी जिला कटनी गया था, जहां से बेटी की शादी कर गत 14 जुलाई को अपने घर वापस आया तो देखा कि उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर रखी अलमारी का ताला टूटा था जिसमें रखे 1 लाख रुपए नगद, सोने चांउा के आभूषण, पंजाब बैंक की पासबुक, एटीएम, चैक बुक अज्ञात चोरी चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## मारपीट की 3 वारदातों में 7 घायल

# पुरानी रंजिश को लेकर पत्थर व चाकू चले

**जबलपुर।** गढा और सिहोरा थाना क्षेत्र में शराब के लिए रुपए मांगने, शराब पीकर गालीगलौज करने और पुरानी रंजिश पर बदमाशों ने पत्थर व चाकू से हमला कर सात लोगों को घायल कर दिया, जिनमें दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकरी टोला छुई खदान के पास निवासी 66 वर्षीय श्रीमति सोना बाई झारिया देर रात लगभग 12 बजे अपने घर पर थी, उसके घर के सामने निहाल केवट एवं बुच्ची सेन शराब पीकर गालीगलौज कर रहे थे। श्रीमति सोना बाई ने उन्हें गालियां देने से मना किया तो दोनों उसके साथ गालीगलौज करने लगे, मना करने पर बुच्ची सेन उसके घर पर पत्थर चलाने लगा, जिससे उसकी बहू दुर्गा झारिया के मुंह व कंधे में और नाती गगन झारिया को चोटें आ गई। घर के अंदर घुसकर निहाल केवट ने दरवाजे की जाली लात मारकर तोड़ दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 333, 125, 296, 115(2), 324(4), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी प्रकार गढ़ा मदनमहल दरगाह के



पास पंचकुईया गौसिया मस्जिद के बाजू से हनुमानताल निवासी 21 वर्षीय मोह. शहनवाज मदनमहल किला जा रहा था, जैसे ही दरगाह से थोड़ी दूर गया तभी सत्तार झिरिया निवासी शेरा, सलमान कुरैशी और शहवान तीनों उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगे, मना करने पर तीनों ने गालीगलौज व मारपीट कर दी और शेरा ने चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर घायल कर दिया। उसके जीजा शब्बीर शाह और मोनू शाह ने बीच बचाव किया तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2) 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

इसी तरह सिहोरा कंकाली मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय कंडक्टर साहिल मेहरा गत रात लगभग 9.40 बजे अपने घर पर था तभी मोहल्लें का शिवा बर्मन ने उसके छोटे भाई सचिन मेहरा के मोबाइल पर फोन लगाकर पुरानी रंजिश के विषय में बातचीत करने के लिए नया बस स्टेंड बुलाया, तो साहिल अपने पिता करन मेहरा, माँ रोशनी मेहरा और छोटा भाई सचिन मेहरा के साथ बस स्टेंड पहुंचे, जहां शिवा बर्मन एवं अमन बर्मन गालीगलौज कर जातिगत रुप से अपमानित करते हुए मारपीट करने लगा, जिससे साहिल के गले, हाथ व कंधे पर चोटें आ गई। माँ रोशनी, पिता करन मेहरा और सचिन ने बीच बचाव किया तो शिवा बर्मन और अमन बर्मन ने तीनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)व्हीए एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमति विद्या सोन-** यादव कालोनी जयनगर निवासी श्रीमति विद्या सोन उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया है, आप स्व. डॉ. पी. एस. सोन रिटा. डॉयरेक्टर हेल्थ सर्विसेस की धर्म पत्नी थी एवं पीयूष सोन कांग्रेस प्रदेश सचिव की माताजी थी उनका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को सुबह 8:30 बजे रानीताल मुक्तिधाम में संपन्न होगा।



**श्रीमती विमला पांडे-** अग्रवाल कॉलोनी कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड निवासी श्री संत कुमार पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती विमला पांडे (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. रश्मि कौर-** हाथीताल गुरूद्वारा के पास निवासी श्री कुलदीप सिंह की पुत्री कु. रश्मि कौर (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रेमा बाई विश्वकर्मा-** नेशनल कॉलोनी रामपुर निवासी श्री कालका प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमा बाई विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता पासी-** तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री दालचंद पासी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता पासी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री देवी त्रिपाठी-** शांति नगर दमोह रोड निवासी श्री बल्देव प्रसाद त्रिपाठी की धर्मपत्नी श्रीमी सावित्री देवी त्रिपाठी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बसंती कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री शंकर लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती बसंती कोल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सोना बाई ठाकुर-** सेठीनगर निवासी श्री भक्कड़ सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई ठाकुर (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरेंद्र कुमार डिगवानी-** सिंधी कैंप निवासी श्री नानकराम डिगवानी के पुत्र श्री नरेंद्र कुमार डिगवानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजेश्वरी शुक्ला-** रांझी निवासी श्रीमती राजेश्वरी शुक्ला का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण चंद्र बैनर्जी-** रांझी निवासी श्री नारायण चंद्र बैनर्जी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रवि पिल्ले-** बंगला नं. 16, सदर निवासी श्री रवि पिल्ले (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x5 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x5 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# जोमैटो के प्लैटफॉर्म फीस बढ़ाते ही सीईओ दीपिंदर सिंह गोयल बन गए अरबपति

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फ़ूड डिलीवरी स्टार्टअप के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर सिंह गोयल अरबपति बन गए हैं। हाल ही में जोमैटो ने अपने प्लैटफार्म फीस में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। वहीं, जुलाई 2023 के निचले स्तर से जोमैटो के शेयरों में 300 प्रतिशत की उछाल ने उन्हें बिलेनियर क्लब में एंट्री दिला दी। फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स में दीपिंदर गोयल का नेटवर्थ 1.4 अरब डॉलर है। दुनिया के अमीरों की ताजा लिस्ट में गोयल 2173वें पायदान पर हैं। जोमैटो के शेयर ने एनएसई पर 232 रुपए का नया रिकॉर्ड बनाया और शुरुआती कारोबार में 3 प्रतिशत तक की बढ़त हासिल की, जिससे इसका मार्केट कैप 2 ट्रिलियन रुपए से अधिक हो गया।

■ फीस बढ़ोतरी से कंपनी के शेयरों में उछाल दर्ज किया गया

## जोमैटो ने प्लैटफार्म फीस में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की

### जोमैटो शेयर प्राइस हिस्ट्री

आज एनएसई पर जोमैटो के शेयर 225 रुपये पर खुले और 232 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। 23 जुलाई 2021 को शेयर का मूल्य 126 रुपए से बढ़कर अब इस मुकाम तक पहुंचा है। इस अवधि में इसमें 80 फीसदी से अधिक की उछाल दर्ज किया गया है। इसका 52 हफ्ते का लो 76.50 रुपए है। पिछले एक साल में इस स्टॉक ने 183 फीसदी का रिटर्न दिया है। जबकि इस साल अब तक इसमें 82 फीसदी से अधिक की बढ़त रही है।



### प्लेटफॉर्म शुल्क 6 रुपए की

बता दें शेयर ने कंपनी के अपने प्लैटफार्म शुल्क को 5 रुपए से बढ़ाकर 6 रुपए करने की घोषणा के बाद बढ़त हासिल की, जो पहले 5 रुपए था। नई फीस दिल्ली और बेंगलुरु के चुनिंदा मार्केट में लागू होगी। इससे कंपनी की प्रॉफिटीबिलिटी पर थोड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

### गोयल के पास कंपनी के 4.24 फीसदी हिस्सेदारी

खबर के मुताबिक इसके साथ ही जोमैटो के 41 वर्षीय संस्थापक और भारत के सबसे अमीर पेशेवर प्रबंधक बन गए हैं। इनकी कुल संपत्ति 8,300 करोड़ रुपए से अधिक है। गोयल के पास कंपनी के 36.95 करोड़ शेयर या कुल 4.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### बिलेनियर क्लब तक का सफर

मिडिल क्लास फैमिली से आने वाले गोयल ने मैथ्स और कंप्यूटर में आईआईटी दिल्ली से ग्रेजुएशन किया था। फूड के प्रति अपने जुनून से प्रेरित होकर उन्होंने सुविधाजनक भोजन ऑर्डर करने के लिए एक ऐप बनाया। बेन एंड कंपनी में रहते हुए उन्होंने फूडीबाय डॉट कॉम की स्थापना की। इसे बाद में फूड ऑर्डरिंग प्रोसेस को स्ट्रीलाइन करने की क्षमता को पहचानने के बाद जोमैटो डॉट कॉम का नाम दिया गया। साल 2011 में इन्फो एज से शुरुआती फंडिंग के साथ गोयल और उनकी टीम ने जोमैटो के ग्रोथ पर फोकस करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी। कंपनी 2018 में एक यूनिकॉर्न बन गई।

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का लाभ 47 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 47 प्रतिशत बढ़कर 1,293 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। ब्याज आमदनी बढ़ने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। पुणे के इस बैंक ने 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में 882 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### सेबी सात कंपनियों की 19 संपत्तियां करेगी नीलाम



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स, सन प्लांट बिजनेस लिमिटेड और सुमंगल इंडस्ट्रीज समेत सात कंपनियों की 19 संपत्तियों की 12 अगस्त को नीलामी करेगा। अवैध रूप से एकत्र की गई धनराशि को वसूलने के सेबी के प्रयासों का हिस्सा है। नीलामी 12 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

### सनस्टार का आईपीओ 19 जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** पेड़-पौधों से विशेष उत्पाद बनाने वाली कंपनी सनस्टार लि. ने 510 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 90 से 95 रुपये प्रति शेयर तय किया है। अहदाबाद की कंपनी के आईपीओ के लिए आवेदन 19 जुलाई से 23 जुलाई तक दिये जा सकेंगे। कंपनी 4.18 करोड़ नये शेयर जारी करेगी जबकि 1.19 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएगी।

### सोना 50 रुपए मजबूत, चांदी में 500 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में सोने की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय बाजार में आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 50 रुपये की मजबूती के साथ 75,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, शनिवार को सोना 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### जोमैटो ने चुनिंदा शहरों में प्लेटफॉर्म शुल्क बढ़ाया

**नई दिल्ली।** खानपान उत्पादों की ऑनलाइन आपूर्ति करने वाले मंच जोमैटो ने दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में प्रत्येक ऑर्डर पर लिए जाने वाले शुल्क को पांच रुपये से बढ़ाकर छह रुपये कर दिया है।जोमैटो के प्रतिद्वंद्वी मंच स्विगी ने एक दिन पहले अपने शुल्क में की गई बढ़ोतरी सोमवार को वापस ले ली। अब स्विगी एक ऑर्डर पर पहले की ही तरह पांच रुपये का शुल्क ले रही है।

### साई लाइफ साइंसेज आईपीओ से जुटाएगी 800 करोड़



**नई दिल्ली।** निजी इक्विटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 800 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर और 6.15 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## लगातार चौथा माह जब थोक मुद्रास्फीति बढ़ी

# सब्जियों के दाम चढ़ने से थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 16 महीने के उच्चस्तर 3.36 फीसदी पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति जून महीने में बढ़कर 16 महीने के उच्चस्तर 3.36 प्रतिशत पर पहुंच गयी।

यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून, 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। थोक महंगाई दर फरवरी, 2023 में 3.85 प्रतिशत थी।

### तेल तथा तेल से विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़े

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा, 'जून, 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल तथा अन्य विनिर्मित वस्तुओं आदि की कीमतों में वृद्धि है। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जून में 10.87 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मई में यह 9.82 प्रतिशत थी।



■ सब्जियों व विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़े
■ खाद्य पदार्थ, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के दाम चढ़े
■ सब्जियों की महंगाई दर जून में 38 .76 प्रतिशत रही

### कच्चे तेल की कीमत अस्थिर रही

नायर ने तेल की कीमतों के संबंध में कहा, 'भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत जुलाई, 2024 में अबतक काफी अस्थिर रही है। मांग-आपूर्ति में अंतर के कारण, मासिक आधार पर वृद्धि देखी जा रही है।'उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें चालू महीने में थोक मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा सकती हैं।

*ईंधन और बिजली हुई मामूली महंगी: ईंधन और बिजली की महंगाई दर 1.03 प्रतिशत रही। यह मई के 1.35 प्रतिशत से मामूली कम है। हालांकि, माह के दौरान कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की मूल्य वृद्धि दहाई अंक में 12.55 प्रतिशत रही। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति जून में 1.43 प्रतिशत थी, जो मई के 0.78 प्रतिशत से अधिक है।*

### खुदरा मुद्रास्फीति पांच फीसदी से ऊपर पहुंची

जून में थोक महंगाई दर में वृद्धि खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के अनुरूप थी। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है।

### प्याज की महंगाई दर 93 फीसदी रही

सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 प्रतिशत रही, जो मई में 32.42 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 93.35 प्रतिशत जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर जून में 21.64 प्रतिशत रही। आलोच्य महीने में फलों की मुद्रास्फीति 10.14 प्रतिशत, अनाज 9.27 प्रतिशत और दूध की महंगाई दर 3.37 प्रतिशत रही।

### सभी प्रमुख क्षेत्रों के दाम बढ़े

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जून, 2024 में थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि व्यापक थी। ईंधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि अनुकूल तुलनात्मक आधार के साथ-साथ वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई, 2024 में थोक मुद्रास्फीति लगभग दो प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर अपना 'प्योरइट' ब्रांड बेचेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ कंपनी एओ स्मिथ इंडिया को 600 करोड़ रुपए में यह ब्रांड बेचेगी
■ सौदा एचयूएल की मूल कंपनी यूनिलीवर के वैश्विक लेनदेन का हिस्सा

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने दूषित जल साफ करने वाले अपने कारोबार ब्रांड 'प्योरइट' को लगभग 600 करोड़ रुपये में एओ स्मिथ इंडिया वॉटर प्रोडक्ट्स को बेचने की सोमवार को घोषणा की। यह सौदा एचयूएल की मूल कंपनी यूनिलीवर के वैश्विक लेनदेन का हिस्सा है।


वैश्विक स्तर पर यूनिलीवर ने कहा कि उसने अपने ब्रांड प्योरइट को प्रमुख वैश्विक जल प्रौद्योगिकी कंपनी एओ स्मिथ को बेचने पर सहमति जताई है। प्योरइट भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, वियतनाम और मेक्सिको सहित अन्य देशों में पानी को साफ करने से संबंधित समाधान पेश करती है। निदेशक मंडल की 15 जुलाई को हुई बैठक में ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदाओं एवं चिह्नित परिसंपत्तियों और व्यापार से जुड़े अनुबंधों सहित 'प्योरइट' ब्रांड के तहत कंपनी के पानी साफ करने वाले व्यवसाय की एओ स्मिथ इंडिया वॉटर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को बेचने और विनिवेश को मंजूरी दी गई। एचयूएल ने कहा कि यह लेनदेन 7.2 करोड़ डालर (लगभग 600 करोड़ रुपये) के उद्यम मूल्य पर किया जा रहा है। बीते वित्त वर्ष में वॉटर प्यूरिफायर व्यवसाय का कारोबार 293 करोड़ रुपये था, जो एचयूएल के कुल कारोबार का एक प्रतिशत से भी कम है।

### एओ स्मिथ को मिलेगी ताकत

इस अधिग्रहण पर एओ स्मिथ इंडिया वॉटर प्रोडक्ट्स के अध्यक्ष पराग कुलकर्णी ने कहा, 'उपभोक्ता जरूरतों और पानी साफ करने की विशेषज्ञता के बारे में प्योरइट टीम की गहरी समझ भारत में एओ स्मिथ को जबर्दस्त ताकत देती है।' शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक, यह लेनदेन परंपरागत समापन शर्तों के अधीन है और एचयूएल लेनदेन के पूरा होने तक प्योरइट व्यवसाय का प्रबंधन करती रहेगी।

# सेंसेक्स 145 अंक चढ़कर सर्वकालिक उच्चस्तर पर

एजेंसी ▸▸ मुंबई



■ निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड
■ एसबीआई के शेयरों में रही खरीदारी

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 145 अंक से अधिक की तेजी के साथ नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। निफ्टी भी नये शिखर पर पहुंच गया।

कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 145.52 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 80,664.86 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 84.55 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,586.70 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 132.9 अंक की बढ़त के 24,635.05 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बजट को लेकर सकारात्मक रुख के साथ घरेलू बाजार में तेजी बनी हुई है। इसके अलावा मजबूत एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) प्रवाह और आईटी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर वित्तीय नतीजों से भी बाजार को बढ़त मिल रही है।'

*ब्याज दर बढ़ने से एसबीआई चढ़ा : सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक सबसे ज्यादा 2.55 प्रतिशत चढ़ा। कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में वृद्धि की घोषणा के बाद बैंक का शेयर चढ़ा।*

## अशोक लेलैंड को 2,104 पूर्णतः निर्मित बसों का मिला ठेका




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम से पूर्णतः निर्मित 2,104 बसों का ठेका मिला है। कंपनी बयान के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) से मिला यह अभी तक का सबसे बड़ा ठेका है। इन 'वाइकिंग' यात्री बसों का निर्माण अशोक लेलैंड के विशेष 'बस बॉडी' संयंत्रों में किया जाएगा। कंपनी ने ठेके के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया। अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शेनू अग्रवाल ने कहा कि यह नया ठेका एमएसआरटीसी के साथ कंपनी की दीर्घकालिक साझेदारी का एक हिस्सा है। अग्रवाल ने कहा, 'यह ठेका अत्यधिक कुशल तथा प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत उत्पादों के उत्पादन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो देश में सार्वजनिक परिवहन की वृद्धि को बढ़ावा देगा।'

## हिंडाल्को महाराष्ट्र में एकमाया प्रॉपर्टीज को जमीन बेचेगी

**नई दिल्ली।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज महाराष्ट्र के कलवा में एक जमीन 595 करोड़ रुपये में बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एकमाया प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचेगी। कंपनी ने 12 जुलाई 2023 को कहा था कि निदेशक मंडल ने महाराष्ट्र के कलवा स्थित जमीन को बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड को बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'उपरोक्त लेन-देन अब बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड (बिरला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड के बजाय) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एकमाया प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया जाएगा।

# देश का जून में निर्यात और व्यापार घाटा बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ जून में निर्यात 2 .56 फीसदी बढ़कर 35 .2 अरब डॉलर पर
■ आयात बढ़ने से व्यापार घाटा बढ़कर 20 .98 अरब डॉलर

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद जून में भारत का वस्तुओं का निर्यात 2.56 प्रतिशत बढ़कर 35.2 अरब डॉलर हो गया जबकि इस महीने आयात भी बढ़ने से व्यापार घाटा बढ़कर 20.98 अरब डॉलर हो गया।

जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, कच्चे तेल, दालों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की आवक बढ़ने से जून में आयात में लगभग पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 56.18 अरब डॉलर हो गया। निर्यात की तुलना में आयात अधिक बढ़ने से देश का व्यापार घाटा जून में बढ़कर 20.98 अरब डॉलर हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में व्यापार घाटा 19.19 अरब डॉलर था। मई में देश का वस्तु निर्यात 9.1 प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर रहा था, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस तरह अप्रैल-जून, 2024 में व्यापार घाटा पिछले साल की समान अवधि के 56.16 अरब डॉलर की तुलना में बढ़कर 62.26 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर कहा कि मौजूदा रुझान को देखते हुए देश से वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात चालू वित्त वर्ष में 800 अरब डॉलर से आगे निकल सकता है।

### सोने के आयात में रही बड़ी गिरावट

जून में सोने का आयात 38.66 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ तीन अरब डॉलर रह गया। पहली तिमाही में सोने का आयात 1.91 प्रतिशत घटकर 9.51 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों से पता चलता है कि जून में निर्यात की गई सेवाओं का अनुमानित मूल्य 30.27 अरब डॉलर है जबकि जून, 2023 में यह 27.79 अरब डॉलर था।

### सेवाओं के आयात में वृद्धि

वहीं सेवाओं का आयात एक साल पहले के 15.61 अरब डॉलर से बढ़कर जून में 17.29 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है। इसके अलावा प्रमुख निर्यात गंतव्यों- अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मलेशिया, बांग्लादेश, तंजानिया, नीदरलैंड और सिंगापुर को भारत से हुए निर्यात में खासी तेजी देखी गई।

## कॉल ड्रॉप की समस्या से परेशान है मोबाइल ग्राहक

**नई दिल्ली।** लगभग 89 प्रतिशत मोबाइल उपयोगकर्ताओं को पिछले तीन माह में कॉल ड्रॉप की समस्या का सामना करना पड़ा है और 10 में से नौ लोगों ने कॉलिंग और मैसेजिंग ऐप के जरिये कॉल करने के लिए वाई-फाई नेटवर्क का इस्तेमाल किया है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में सोमवार को यह आकलन पेश किया गया। ऑनलाइन सर्वेक्षण फर्म लोकलसर्किल्स ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि मार्च और जून के बीच मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं को कॉल ड्रॉप की अधिकता का सामना करना पड़ा है। यह सर्वेक्षण 362 जिलों से विभिन्न सवालों पर आई कुल 32,000 प्रतिक्रियाओं पर आधारित है।

# सुप्रीम कोर्ट का अदाणी समूह पर अपने फैसले की समीक्षा से इंकार

■ अदाणी पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी करने का लगा था आरोप
■ कोर्ट ने एसआईटी से जांच कराने का आदेश देने से इनकार कर दिया था

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने अदाणी समूह पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के संबंध में लगे आरोपों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल को सौंपने से इनकार करने के अपने तीन जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तीन जनवरी के फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वालों में शामिल अनामिका जायसवाल की तरफ से दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने पांच मई के अपने आदेश में कहा, ''समीक्षा याचिका पर गौर करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखाई देती है। उच्चतम न्यायालय नियम 2013 के आदेश 47 नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। लिहाजा समीक्षा याचिका खारिज की जाती है।''

*सेबी ने 24 जांच की स्थिति के बारे में किया था सूचित : समीक्षा याचिका में दावा किया गया था कि इस फैसले में 'गलतियां और त्रुटियां' थीं, और याचिकाकर्ता के वकील को हासिल कुछ नई सामग्री के आलोक में फैसले की समीक्षा के लिए पर्याप्त कारण थे। याचिका में कहा गया था कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में न्यायालय को केवल आरोपों के बाद की गई 24 जांच की स्थिति के बारे में सूचित किया था लेकिन उसने इनके पूरा होने या अधूरे होने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी।*

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर हुआ था जानलेवा हमला

# डोनाल्ड ट्रम्प से जुड़ी कंपनियों के स्टॉक में जबरदस्त उछाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर एक चुनावी रैली के दौरान हुआ जानलेवा हमला उनकी कंपनियों के लिए फायदेमंद होता दिखाई दे रहा है। इस हमले से डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव जीतने की संभावना बढ़ गई है।

इसके चलते उनकी मीडिया कंपनी ने प्रीमार्केट रैली में बेहतर प्रदर्शन किया है। ऐसा माना जा रहा है कि मई के अंत से 37 फीसदी की गिरावट झेल चुके कंपनी के शेयर अब तेजी से ऊपर जाएंगे। सोमवार को न्यूयॉर्क में प्रीमार्केट ट्रेडिंग में ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप के शेयर 67 फीसदी बढ़कर लगभग 50 डॉलर पर पहुंच गए हैं। पिछले काफी समय से कंपनी के शेयर लगातार नीचे जा रहे थे।

■ उनकी मीडिया कंपनी प्रीमार्केट ने बेहतर प्रदर्शन किया





### ट्रुथ सोशल 2021 में की गई लांच

शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर गोली चलाई गई थी। गोली उनके कान में लग गई थी। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने घोषणा की कि वह ठीक हैं और चुनाव प्रचार जारी रखेंगे। ट्रम्प मीडिया के पास सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल के मेजॉरिटी शेयर हैं। ट्रुथ सोशल को साल 2021 में प्रमुख साइटों द्वारा डोनाल्ड ट्रम्प पर बैन लगा देने के बाद लांच किया गया था।

### ट्रुथ सोशल के शेयर 75 फीसदी ऊपर गए

कंपनी के बाकी के शेयर रिटेल इनवेस्टर्स के पास हैं। इस साल अब तक ट्रंप मीडिया का स्टॉक 75 फीसदी ऊपर जा चुके हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को क्रिप्टोकरेंसी समर्थक के रूप में देखा जाता है। इसलिए क्रिप्टो स्टॉक भी ऊपर जाते दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा उनके राष्ट्रपति बनने से लाभ की उम्मीद पाले जेल ऑपरेटर समेत कई कंपनियों के स्टॉक भी ऊपर चढ़ सकते हैं।

### जेल ऑपरेटर कंपनियों के स्टॉक में आया उछाल

क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनबेस ग्लोबल, बिटकॉइन माइनर्स रायट प्लेटफॉर्म्स इंक और मैराथन डिजिटल के शेयरों में 6 फीसदी से 7 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। जेल ऑपरेटर जियो ग्रुप और कोरसिविक के शेयरों में भी लगभग 7 फीसदी की वृद्धि हुई है। ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने पर देश में अवैध तरीके से घुसे लोगों पर नकेल कसने का वादा किया है। इससे हिरासत केंद्रों की मांग बढ़ सकती है। बंदूक निर्माता स्मिथ एंड वेसन ब्रांड्स में 2.7 फीसदी की तेजी आई है। सॉफ्टवेयर डेवलपर फुनवेयर के स्टॉक ने भी 50 फीसदी की छलांग लगाई।

चिंतन

# अमेरिकी राजनीति के लिए कठिन परीक्षा का वक्त

अमेरिकी राजनीति भी क्या अब हिंसा के मार्ग पर है? विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका का चुनावी इतिहास करीब-करीब हिंसक घटनाओं से परे रहा है। अब्राहम लिंकन, मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे महान अमेरिकी नेताओं की राजनीतिक हत्याएं हुई हैं, लेकिन यूएस के चुनावी इतिहास में चुनावी सभा के दौरान किसी की जान लेने की कोशिश विरले ही हुई है। आखिर रिपब्लिकन की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक सभा के दौरान जानलेवा हमला के पीछे मकसद क्या है? इसके पीछे कौन हो सकते हैं? कौन लोग हैं जिन्हें ट्रंप के नहीं रहने से फायदा हो सकता है? ट्रंप को राष्ट्रपति रहते हुए भी निशाना बनाया जा चुका है? आखिर ट्रंप रिपब्लिकन की ओर से इस बार उम्मीदवार बनने की जिद पर क्यों अड़े हैं। जैसे डेमोक्रेट्स की ओर से वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन उम्मीदवार बनने पर अड़े हैं। इस हमले में अगर ट्रंप को गंभीर चोट लगती तो अमेरिका में गृहयुद्ध भड़क सकता था। क्रोध, हताशा, आक्रोश, शत्रुता का एक नया स्तर सामने आ सकता था, जो अमेरिका ने कई वर्षों से नहीं देखा है। राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप का पहला कार्यकाल अमेरिका के हिसाब से बहुत उल्लेखनीय नहीं रहा, इसके बावजूद यूएस में ट्रंप के करोड़ों समर्थक हैं। हाल के दशकों में द्विदलीय व्यवस्था में अमेरिकी राजनीति तेजी से ध्रुवीकृत हुई है। पार्टी के अंदर भी व्यक्ति विशेष की राजनीति हावी हुई है। अमेरिका में कई लोग ट्रम्प को एक यूनिकॉर्न के रूप में देखते हैं, जिसने कई मायनों में वास्तव में पूरे रूढ़िवादी आंदोलन को निगल लिया है। 2016 के बाद से रूढ़िवादी आंदोलन नाटकीय रूप से बदल गया है, जब ट्रम्प पहली बार चुने गए थे, और ट्रम्पवाद की कई विशेषताएं वास्तव में अब रूढ़िवादी आंदोलन के विभिन्न हिस्सों में काफी लोकप्रिय हैं। इसलिए भले ही ट्रम्प किसी बिंदु पर सेवानिवृत्त होने का फैसला करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं कह सकते कि ट्रम्पवाद - लोकलुभावन विचारों के एक सेट के रूप में- राजनीति से गायब हो जाएगा। यदि विभिन्न दल, विभिन्न आंदोलन, कुछ मुद्दों पर एक साथ काम करने के इच्छुक नहीं हैं तो लोकतंत्र काम नहीं कर सकता। लोकतंत्र तब काम करता है जब कई समूह बातचीत के माध्यम से किसी प्रकार की आम सहमति तक पहुंचने, सहयोग करने और सहयोग करने के इच्छुक होते हैं। अमेरिका में पिछले 17 वर्षों में राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ा है और इसमें ट्रंप भी एक धुरी हैं। राजनीतिक असहमति का हिंसा या प्रतिशोध में बदलना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। ट्रंप पर हमले ने अमेरिका सुरक्षित के मिथ को तोड़ा है, अमेरिकी पुलिस की साख को कमजोर किया है, अमेरिकी लोकतंत्र के मानवतावादी व्यवहार का भंजन किया है। मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन को ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के पीछे के सभी षड्यंत्र को जनता के सामने लाना चाहिए। अमेरिका खुद को महाशक्ति मानता है, लोकतंत्र का झंडाबरदार मानता है, मानवाधिकार का रक्षक मानता है, ऐसे में अमेरिकी सरकार पर अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा की अधिक जिम्मेदारी है। आगे अमेरिका में चुनाव प्रचार और अधिक सघन होगा, इसलिए नेताओं की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। हिंसक हमले राजनीतिक सहानुभूति के औजार नहीं बनने चाहिए। अमेरिकी राजनीति के लिए यह कठिन वक्त है।

# अस्थिर नेपाल पर नजर रखे भारत



पड़ोस
प्रमोद भार्गव

सीपीएन-यूएमएल नेता केपी शर्मा ओली सबसे बड़े दल नेपाली कांग्रेस के समर्थन से गठबंधन की नई सरकार बनने जा रहे हैं। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस के बीच हुए सत्ता समझौते के अनुसार ओली और नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा बारी-बारी से डेढ़-डेढ़ वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। प्रचंड विश्वासमत नहीं जीत सके। नेपाल में अस्थिर सरकार होने का पता इस बात से चलता है कि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अध्यक्ष प्रचंड प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने के बाद से चार बार विश्वास मत का सामना कर चुके। अब ओली के फिर से प्रधानमंत्री बन जाने से चीन का दखल फिर बढ़ता दिखाई देगा? ऐसे में भारत को सचेत रहने की जरूरत है।

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में एक बार फिर से सत्ता परिवर्तित हो गई है। नेपाल में फिर से चीन के करीबी माने जाने वाले नेता सीपीएन-यूएमएल के प्रमुख केपी शर्मा ओली ने सत्ता की कमान संभाल ली है। नेपाल में जबसे कम्युनिस्ट दलों की सरकार बनने लगी है, तब से चीन के दबाव के चलते वहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। पुष्प कमल दहाल उर्फ प्रचंड संसद में विश्वास मत प्राप्त करने में विफल रहे। सीपीएन-यूएमएल नेता केपी शर्मा ओली सबसे बड़े दल नेपाली कांग्रेस के समर्थन से गठबंधन की नई सरकार बनने जा रहे हैं। ओली ही नए पीएम होंगे। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस के बीच हुए सत्ता समझौते के अनुसार ओली और नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा बारी बारी से डेढ़-डेढ़ वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। नेपाल में अस्थिर सरकार होने का पता इस बात से चलता है कि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अध्यक्ष प्रचंड प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने के बाद से चार बार विश्वास मत का सामना कर चुके हैं। पांचवीं बार विफल रहे। साफ है, नेपाल के हालात दुरुस्त नहीं है। वहां हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग भी लगातार उठ रही है। इधर चीन नेपाल को कर्ज देकर अपने शिकंजे में कसता जा रहा है।

पड़ोसी और धार्मिक व सांस्कृतिक एकरूपता से जुड़े देश नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग के लिए शंखनाद शुरू हो गया है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर रहे हैं। इस मांग में पुरुषों के साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में शामिल हैं। इस मांग को मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो, देश में संघीय व्यवस्था लागू हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। इस समय नेपाल और भारत में जिस तरह से धर्म और संस्कृति का पुनरुत्थान हो रहा है, उसका अनुसरण भी देखने में आ रहा है। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। इस आंदोलन को 'राष्ट्र, राष्ट्रवाद, धर्म, संस्कृति और नागरिकों की रक्षा के लिए अभियान' का दर्जा दिया जा रहा है। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन अब वह नियमित रूप से आलोचना कर रहे हैं। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बनाया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वे मंदिरों में होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं।

दरअसल, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के मुसलमान



भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल राप्ती मुस्लिम सोसायटी के अध्यक्ष अमजद अली ने कहा है कि इस्लाम को बचाने के लिए यह जरूरी है। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसदी मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में है।


गौरतलब है कि राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और कई हिंदूवादी संगठन काफी समय से नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र का दर्जा देने के लिए अभियान चला रहे हैं। राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। दरअसल सात साल पहले दो नेपाली युवकों को बुटवॉल में पुराने राष्ट्रगान को गाने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही पूरे नेपाल में इस राष्ट्रगान को गाने का सिलसिला चलने के साथ हिंदू राज की पुनर्स्थापना की मांग उठ रही है।

हिमालय की गोद में बसा नेपाल एक छोटा और सुंदर देश है। पूरी दुनिया में नेपाल ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे आज तक कोई दूसरा देश परतंत्र नहीं बना पाया। इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जाता। किंतु चीन के लगातार बढ़ रहे हस्तक्षेप के चलते लोगों को लगने लगा है कि कहीं यह हिंदू धर्मावलंबी देश अपनी मौलिक संस्कृति व स्वतंत्रता न खो दे? नेपाल एक दक्षिण एशियाई देश है। नेपाल के उत्तर में चीन का स्वायत्तशासी प्रदेश तिब्बत है। जिसे चीन निगलता जा रहा है। दक्षिण पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमा लगती है। नेपाल की 85.5 प्रतिशत आबादी हिंदू है, इसलिए वह प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिंदू धर्मावलंबी देश है। नेपाल में लंबे समय तक राजशाही रही है। किंतु राजशाही के खूनी दुखद अंत के बाद यहां माओवादी नेता प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने से सामंतशाही सिमटती चली गई और 18 मई 2006 को राजा के अधिकारों में कटौती कर नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित कर माओवादी लोकतंत्र की शुरुआत हो गई। तभी से चीनी हस्तक्षेप के चलते यहां के मूल स्वरूप को बदलने के अलावा भारत के साथ संबंध खराब होने की शुरुआत भी हो गई थी। केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री रहते हुए चीन के दबाव में न केवल भारत से शत्रुतापूर्ण संबंधों की बुनियाद रखी थी, बल्कि चीनी सेना को खुली छूट देकर अपनी जमीन भी खोना शुरू कर दी। जाहिर है, नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। अब ओली के फिर से प्रधानमंत्री बन जाने से चीन का दखल फिर बढ़ता दिखाई देगा? भारत को सचेत रहने की जरूरत है। हमारे पड़ोसी देशों में नेपाल और भूटान ऐसे देश हैं, जिनके साथ हमारे संबंध विश्वास और स्थिरता के रहे हैं। यही वजह है कि भारत और नेपाल के बीच 1950 में हुई सुलह, शांति और दोस्ती की संधि आज भी कायम है। नेपाल और भूटान से जुड़ी 1850 किमी लंबी सीमा रेखा बिना किसी पुख्ता पहरेदारी के खुली है। बावजूद चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह कोई विवाद नहीं है। बिना पारपत्र के आवाजाही निरंतर जारी है। करीब 60 लाख नेपाली भारत में काम करके रोजी-रोटी कमा रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

राजस्थान
बाल मुकुन्द ओझा



# फोन टैपिंग के जिन्न से फिर गरमाई सियासत

राजस्थान में जन प्रतिनिधियों के फोन टैपिंग का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। इसी के साथ गहलोत शासन के दौरान का फोन टैपिंग का मुद्दा फिर गरमा गया है। 2020 में कांग्रेस के भीतर गुटबाजी का यह किस्सा 4 साल बाद एक बार फिर सुर्खियों में है। फोन टैपिंग का रहस्योद्घाटन और कोई नहीं अपितु खुद गहलोत के शासन के समय के अधिकारी कर रहे हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके ओएसडी रह चुके लोकेश शर्मा की बातचीत के वायरल हुए एक पुराने ऑडिया ने सियासत में फिर तहलका मचा दिया है। इस ऑडियो से पिछली सरकार में सुर्खियों में आए फोन टैपिंग के मुद्दे को फिर हवा मिल गई है। कथित ऑडियो उस समय का बताया जा रहा है कि जब गहलोत मुख्यमंत्री थे। अब यह ऑडियो वायरल हुआ है। इसको लेकर अब भाजपा नेता कांग्रेस पर जमकर हमलावर हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गहलोत के पुराने ऑडियो के वायरल होने पर गहलोत पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह बात मैं चीख-चीखकर सरकार और न्यायालय को सुनाना चाहता था, लेकिन अब जो ऑडियो सामने आया है, उसने सारी बात स्पष्ट कर दी है। गहलोत और लोकेश शर्मा के बीच की बातचीत का यह ऑडियो वायरल होने के बाद सियासत में जमकर हलचल मची हुई है। शेखावत ने इस ऑडियो को लेकर गहलोत को जमकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि हाल में जो ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं।



उसमें पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत और उनके ओएसडी लोकेश शर्मा की बातचीत से जनता के सामने स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस के शासनकाल में फोन टैपिंग हुई हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि फोन टैपिंग अपराध है। उसके साथ-साथ जिस शपथ को लेकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन हुए थे, उस शपथ का अनादर करते हुए उन्होंने जो कुछ भी उनके संज्ञान में गोपनीय तरीके से लाया गया था। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री होने के नाते उसको खुद एक ऑडियो टैप के माध्यम से एक पेन ड्राइव देकर लीक करने का काम किया। यह प्रकरण दिल्ली के एक न्यायलय में भी विचाराधीन है।


गौरतलब है गहलोत शासन के दौरान असंतुष्ट नेता सचिन पायलट व 18 अन्य कांग्रेस विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए जाने के बाद कांग्रेस ने अपने विधायकों को लंबे समय तक अलग-अलग होटलों में रखा था। इसी घटनाक्रम में विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के फोन टैप किए जाने के आरोप लगे थे। हालांकि अधिकारियों व तत्कालीन मुख्यमंत्री गहलोत ने खुद इसका खंडन किया। फोन टैपिंग का यह मामला सुर्खियों में आने के बाद दबी चिंगारी फिर सुलग उठी है। गहलोत के लिए यह गले की हड्डी बन गया है और भाजपा इसे बख्श दिए जाने के मूड में नहीं है। आगे राजनीति गर्माने वाली है।

उस दौरान सचिन पायलट खेमे के 19 विधायकों ने गहलोत सरकार के खिलाफ बगावत की थी और ये विधायक मानेसर के एक होटल में अलग से बाड़ेबंदी में चले गए थे। उसके बाद 15 जुलाई 2020 को गहलोत गुट की तरफ से कुछ ऑडियो टेप जारी किए गए थे। इन ऑडियो टेप में गहलोत खेमे की तरफ से दावा किया गया था कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह, कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा और तत्कालीन मंत्री विश्वेंद्र सिंह की बातचीत है। उस बातचीत में सरकार गिराने और पैसों के लेनदेन की बातें थीं। गहलोत ने कई बार कहा कि सरकार गिराने के षड्यंत्र करने में हुए करोड़ों के लनेदेन के सबूत हैं और ये आरोप झूठे हों तो राजनीति छोड़ दूंगा। जिन नेताओं के ऑडियो टेप आए थे, उनके वॉयस टेस्ट नहीं हुए थे।

यह उल्लेखनीय है जब कोई दो लोग मोबाइल, टेलीफ़ोन या इंटरनेट के माध्यम से आपस में बात करे रहे होते हैं, और ऐसे में कोई तीसरा शख्स उन दोनों के बीच होने वाली बातों को रिकार्ड कर बिना उनकी अनुमति के सुनता है, तो इसे फोन टैपिंग कहा जाता है। यह निजता का हनन है, जिसके कारण इसे गैरकानूनी माना जाता है। भारत में फोन टैपिंग को लेकर कानून बनाये गए हैं, जिसके अनुसार सिर्फ कुछ खास मामलों में जरूरत पड़ने पर केंद्र या राज्य सरकार किसी का फोन सर्विलांस पर रखवा सकती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित
दर्शन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

# छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्र तट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## सटाका




## आज की पाती

### भाजपा के लिए उपचुनाव के सबक

आम चुनाव के कुछ ही समय बाद देश के कुछ राज्यों में विधानसभाओं के उपचुनाव हुए। इन उपचुनावों में कांग्रेस और इसके साथी राजनीतिक दलों को अच्छी जीत और भाजपा को निराशा हाथ लगी। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट बैठ जाए अर्थात मतदाता किसके सिर जीत का ताज सजा दे, यह कोई पता नहीं, लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि होता है। लेकिन उपचुनाव से ही किसी भी राजनीतिक दल का भविष्य तय नहीं किया जा सकता, क्योंकि आमजन हर चुनाव में मतदान करता है और अलग-अलग नजरिया और सोच रखता है। बहरहाल, अगर भाजपा को भविष्य में जीत हासिल करनी है तो उसे स्थानीय नेताओं को महत्त्व देना होगा।

*- देवदत्त बसु, भिलाई*

## करंट अफेयर

# चीन और रूस में संयुक्त नौसैन्य अभ्यास शुरू


चीन और रूस की नौसेनाओं ने रविवार को दक्षिणी चीन में एक सैन्य बंदरगाह पर संयुक्त अभ्यास शुरू किया। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने यह जानकारी दी। यह अभ्यास ऐसे वक्त में हो रहा है, जब कुछ दिन पहले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों ने बीजिंग को यूक्रेन में युद्ध का ''निर्णायक समर्थक'' बताया था। चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दोनों देशों की वायु सेना ने हाल में पश्चिमी और उत्तरी प्रशांत महासागर में गश्त की और इस अभ्यास का अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्थितियों से कोई लेना-देना नहीं है तथा इसमें किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया गया। यह अभ्यास रविवार को गुआंगडोंग प्रांत में शुरू हुआ और इसके जुलाई मध्य तक जारी रहने की संभावना है। सरकारी प्रसारणकर्ता 'सीसीटीवी' ने शनिवार को बताया था कि इस अभ्यास का उद्देश्य सुरक्षा खतरों से निपटने और वैश्विक व क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। इसमें मिसाइल रोधी अभ्यास, समुद्री हमले और वायु रक्षा शामिल है। 'शिन्हुआ' समाचार एजेंसी ने बताया कि चीनी और रूस नौसेना ने झांगजियांग शहर में उद्घाटन समारोह के बाद अभ्यास किया।



## ऑफ बीट

# शंघाई पर समुद्र में डूबने का खतरा मंडराया

चीन का सबसे विकसित और अमीर शहर शंघाई पिछले कम से कम 100 साल से भूमि अवतलन की समस्या से जूझ रहा है। यह चीन के उन शुरुआती शहरों में से एक हैं, जिनमें गंभीर स्तर पर भू-अवतलन हो रहा है। शंघाई में 1921 से 2007 के बीच 22.94 मिमी प्रति वर्ष की औसत दर से भूमि अवलतन हुआ। बहरहाल, भू-अवतलन की यह दर 2010 में स्थिर हो गई, लेकिन वैश्विक तापमाना में वृद्धि की वजह से समुद्र के बढ़ते जलस्तर ने दो करोड़ 40 लाख की आबादी वाले शहर के लिए नया खतरा पैदा कर दिया है। भू-अवतलन के अब अपेक्षाकृत स्थिर होने का अनुमान है, लेकिन समुद्र में जलस्तर बढ़ने की दर जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में तेज होने की आशंका है। इसके प्रमुख कारण महासागरों के गर्म होने के कारण पानी की मात्रा बढ़ना और हिमनद एवं बर्फ का पिघलना है। ऐसा माना जा रहा है कि अंटार्कटिक बर्फ की चादर पिघलना समुद्र में जल स्तर बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है। सापेक्ष समुद्र स्तर की औसत वृद्धि 2050 तक 45 सेंटीमीटर से 50 सेंटीमीटर के बीच रहने का अनुमान है। कम्प्यूटर से की गई गणना के अनुसार, शंघाई में समुद्र का जल स्तर 2030 में लगभग दोगुना तेजी से बढ़ सकता है।



## ट्रेंड


### शक्ति का जश्न



विश्व युवा कौशल दिवस पर, अपने युवाओं की क्षमता और शक्ति का जश्न मनाएं। कौशल विकास में निवेश उज्ज्वल कल का मार्ग प्रशस्त करता है। युवाओं को शिक्षा और अवसरों से सशक्त बनाना नवाचार और प्रगति का भविष्य सुनिश्चित करता है। विश्व युवा कौशल दिवस की शुभकामनाएं।

-नितिन गड़करी, केंद्रीय मंत्री

### शालीनता का अमेरिका



अमेरिकी लोकतंत्र में असहमति अपरिहार्य है। यह मानव स्वभाव है, लेकिन राजनीति कभी भी शाब्दिक युद्धक्षेत्र नहीं होनी चाहिए। हम ऐसे अमेरिका के लिए खड़े हैं जो अतिवाद और रोष का नहीं, बल्कि शालीनता और शालीनता का अमेरिका है।

-जो बिडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### अनिष्ट की आशंका



मेरे ससुर पेंसिल्वेनिया में शनिवार को रैली में थे। जब गोलियां चलीं और ट्रंप नीचे गिरे तो अफरा-तफरी मच गई। सभी को अनिष्ट की आशंका थी। लेकिन फिर ट्रंप उठे, अपने ही खून में लथपथ, मुट्ठी को निडरता से उठाया और भीड़ उसे यह कहते हुए देख सकती थी, लड़ो।

-एलन मास्क, उद्योगपति


### शंकर महादेवन बहुत पसंद



मुझे शंकर महादेवन बहुत पसंद है। बतौर गायक तो स्वाभाविक ही है बतौर इंसान भी। शंकर का गाया हुआ शिव स्तोत्म मैं लगभग रोज़ सुनता हूं। जब वो मुझे अनंत अंबानी और राधिका की शादी में मिले तो मैंने चंद पंक्तियां गाने की रिक्वेस्ट की।

-अनुपम खेर, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# ढाई साल में 9 फिल्में और सिर्फ एक हिट...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार एक समय हिट मशीन हुआ करते थे, लेकिन अब फ्लॉप फिल्में उनका पीछा छोड़ने का नाम ही नहीं ले रही हैं। इसकी ताजा मिसाल सरफिरा है। अक्षय कुमार ने ढाई साल में 9 फिल्में की और और सिर्फ एक हिट हुई है। अक्षय एक साल में चार से पांच फिल्में रिलीज करते हैं। अक्षय कुमार एक्शन से लेकर बायोपिक और कॉमेडी फिल्मों में हाथ आजमाते हैं। अक्षय कुमार इस बात की परवाह नहीं करते हैं फिल्म चली या नहीं, वे सिर्फ फिल्में बनाते रहते हैं। अक्षय कुमार एक समय बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी की गारंटी थे। लेकिन क्या अक्षय कुमार का पुराना वाला जादू खत्म हो गया है?

लाइफ Style

# नोरा


## 'तौबा-तौबा' गाने को दिलाई कामयाबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इन दिनों करण औजला के सॉन्ग तौबा-तौबा ने धूम मचा रखी है। यूट्यूब पर ये गाना पांच करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार करके नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा है तो वहीं इस पर जमकर रील्स भी बन रही हैं।

बैड न्यूज के इस गानो को विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी पर फिल्माया गया है। लेकिन तौबा तौबा गाने की सफलता में नोरा फतेही का भी कम हाथ नहीं है। अब पूछेंगे गाने में तो वो नजर ही नहीं आईं. कोरियोग्राफी भी उन्होंने नहीं की है। लिरिक्स भी उन्होंने नहीं लिखे हैं। फिल्म में एक्टिंग भी नहीं की है। तो इस गाने की कामयाबी में उनका हाथ हुआ कैसे? हुआ यूं कि इस गाने में करण औजला ने नोरा फतेही और उनके डांस का जिक्र किया है। इस तरह से इस गाने का कनेक्शन सीधे नोरा फतेही से जुड़ जाता है। करण औजला के सॉन्ग तौबा तौबा अपने जिक्र आने पर नोरा फतेही पहले ही खुशी जता चुकी है।

नोरा फतेही ने एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था, जिसमें उन्होंने इस गाने के कुछ स्टेप्स भी किए थे। उनके इस डांस स्टेप्स को देखकर कहा जा सकता है कि गाने में नोरा होतीं तो इसका लेवल कुछ और ही होता। लेकिन नोरा ने इस गाने पर डांस किया तो इस वीडियो को खूब पसंद भी किया गया। वैसे भी फिल्मों के स्पेशल सॉन्ग से नोरा फतेही का कनेक्शन जुड़ना कामयाबी की गारंटी ही है।



हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल-वूल्वरिन की बुकिंग शुरू

**मुंबई।** रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। रिलीज से पहले फैंस एडवांस बुकिंग को लेकर उत्साहित है। मार्वल स्टूडियोज की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के जरिए रयान रेनॉल्ड्स एक बार फिर वेड विल्सन के रोल में नजर आएंगे। मार्वल स्टूडियो ने भारतीय दर्शकों के लिए 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की एडवांस बुकिंग आज से शुरू कर दी है, जिसे लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं।




# 'इनसाइड आउट 2' का शानदार प्रदर्शन जारी

**लॉस एंजिलिस।** इस हफ्ते ही 'इनसाइड आउट 2' वैश्विक स्तर पर अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। वहीं, मिनियंस फ्रैंचाइजी वाली 'डेस्पिकेबल मी' वैश्विक स्तर पर 500 करोड़ रुपए का कलेक्शन करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इस बीच 'आईओ 2' एक अगस्त को जापान में प्रदर्शित होगी और 'फ्रोजन 2' से आगे निकल दुनिया भर में अब तक की सबसे बड़ी एनिमेटेड फिल्म बन सकती है। ए क्वाइट प्लेसः डे वन' ने विदेशों में लगभग 800 करोड़ रुपए का और वैश्विक स्तर पर लगभग 1600 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। पिछले हफ्ते रिलीज हुई 'ट्विस्टर्स' ने ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको और ब्राजील सहित 38 बाजारों में कुल 94 करोड़ की शुरुआती कमाई की है।



# ग्रेसी सिंह को पहचानना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** लगान, मुन्ना भाई MBBS जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस ग्रेसी सिंह की लेटेस्ट तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इतने साल बाद ग्रेसी को देखने के बाद फैन्स ने उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया है। बॉलीवुड में कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने सिर्फ अपनी स्माइल से ही लोगों पर जादू चला दिया था। कोई भी फिल्म हिट कराने के लिए उनकी स्माइल और मासूमियत ही काफी थी। उन्हीं में से एक ग्रेसी सिंह भी हैं। ग्रेसी ने अपने फ़िल्मी करियर में कई मूवीज और शो में काम किया है। उनकी कई फिल्में बेशक फ्लॉप रही हों, लेकिन फैंस को कभी ग्रेसी से शिकायत नहीं रही है क्योंकि वो अपनी एक्टिंग के साथ मासूमियत से लोगों को दीवाना बना लेती थीं। ग्रेसी ने आफताब शिवदसानी के साथ फिल्म मुस्कान में काम किया था।



# करण ने नेहा का किया स्वागत...

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर करण जौहर ने सिंगर नेहा कक्कड़ के साथ अपने कई तस्वीरें साझा की हैं। करण ने तस्वीरें साझा कर नेहा कक्कड़ का अपनी टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी धर्मा कॉर्नरस्टोन में स्वागत किया है। डीसीए की स्थापना साल 2021 में हुई थी। करण ने नेहा के साथ तस्वीरें साझा कर उनके डीसीए में शामिल होने की जानकारी दी है। उन्होंने पोस्ट साझा कर नेहा की प्रशंसा भी की है। करण जौहर ने तस्वीरें साझा कर लिखा, 'हमें नेहा कक्कड़ के हमारे डीसीए म्यूजिक परिवार में शामिल होने पर बेहद खुशी है। मैं नेहा को कई वर्षों से जानता हूं और जब बात म्यूजिक के क्षेत्र में टैलेंट और कड़ी मेहनत की आती है तो वह एक ताकत हैं। आगे बढ़ने के लिए कई रास्ते हैं, जो शक्ति, प्यार और संगीत से भरपूर हैं।'

टीवी मसाला



# बिग बॉस ओटीटी 3 में वाइल्ड कार्ड से हुई अदनान की एंट्री

**नई दिल्ली।** विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' धमाकेदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। अनिल कपूर के जरिए होस्ट किए जाने वाले इस शो में आए दिन किसी न किसी प्रतियोगी के बीच जुबानी जंग देखने को मिल रही है। अब वही, शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री भी हो गई है, जिसके बाद प्रतियोगियों की हवाइयां उड़ी नजर आ रही है। वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट ने एंट्री लेते ही लवकेश पर निशाना साधा है। इस हफ्ते जहां दर्शकों ने चंद्रिका दीक्षित को एलिमिनेट होते देखा। वहीं, कंटेस्टेंट्स के मौजूदा गेम को बढ़ाने के लिए एक नई वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई है। टीम 007 के अदनान शेख ने वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में एंट्री की है। अदनान सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर पर जाने जाते हैं। वह विशाल पांडे और सना सुल्तान के साथ अच्छे संबंध साझा करते हैं। हालांकि, शो के बाहर लोकप्रिय इन्फ्लुएंसर लवकेश कटारिया के साथ उनके संबंध अच्छे नहीं है। शो के बाहर अदनान द्वारा दिए गए कुछ इंटरव्यू में, उन्हें लवकेश को एल्विश यादव का मैनेजर कहते हुए देखा गया था। शो में जब अनिल कपूर ने पूछा, तो अदनान ने एल्विश का नाम लेने से परहेज किया।

## पहली कीमोथेरेपी के बाद काम पर लौटीं

**नई दिल्ली।** टीवी की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में शुमार हिना खान तीसरे चरण के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। ये वक्त उनके लिए काफी मुश्किल भरा है, लेकिन हिना इस मुश्किल समय का सामना जिस बहादुरी से कर रही हैं वो वाकई काबिल-ए-तारीफ है। मुस्कुराते हुए चेहरे और अटूट हौसले के साथ ब्रेस्ट कैंसर का सामना कर रहीं हिना खान ने फैंस के लिए एक मिसाल कायम की है। अभी कुछ दिन पहले ही हिना खान ने अपनी पहली कीमोथेरेपी कराई थी और अब वह सेट पर लौट चुकी हैं। उन्होंने बताया था कि ये वक्त मुश्किल जरूर है, लेकिन वह हौसले और पूरी उम्मीद के साथ इसका डटकर सामना करना चाहती हैं'। हिना खान के वीडियो पर एंटरटेनमेंट जगत के कई सितारों ने खूब प्यार लुटाया है। दलजीत कौर, अदा खान, गौहर खान, हिमांशी खुराना, गीता फोगाट ने हिना खान के वीडियो पर कमेंट कर एक्ट्रेस का हौसला बढ़ाया है।



# ऋतिक रोशन के साथ हंसते-मुस्कुराते नजर आए अभिषेक और ऐश्वर्या...

**नई दिल्ली।** *अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की चर्चा देश ही नहीं, विदेश में भी हो रही है। इस शादी की खबरों ने देश और विदेश की मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस समारोह के दौरान कई बड़ी हस्तियां भी नजर आईं। बच्चन परिवार समेत कई बड़े बॉलीवुड कलाकार भी इस शादी में मौजूद थे। इस दौरान कई तस्वीरों में अभिषेक बच्चन और ऐशवर्या राय बच्चन मीडीया को पोज देते नजर आए। इस शादी की एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें अभिषेक और ऐश्वर्या बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ हंसते और बात करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर अनंत और राधिका की शादी के दो दिन बाद तक इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो लगातार वायरल हो रही हैं।*



*शादी में पहुंचे कई विदेशी मेहमान भी अपने-अपने देश लौट चुके हैं, जहां से वो अपने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ी तस्वीरें लगातार साझा कर रहे हैं। बीते रविवार ही मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल किम कादर्शियन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शादी से जुड़ी तस्वीरें साझा की थीं। इस दौरान उन्होंने ऐश्वर्या के साथ अपनी तस्वीर भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की थी। अब अभिषेक और ऐश्वर्या से जुड़ी एक वीडियो सामने आई है, जिसमें ये दंपति 'फाइटर' अभिनेता ऋतिक रोशन से बातें करता नजर आ रहा है।*

# 'मेरा नाम जोकर' बनाने गिरवी रख दिया था घर

**नई दिल्ली।** राज कपूर एक बेहतरीन एक्टर के साथ शानदार डायरेक्टर भी थे। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कई शानदार फिल्में बनाई हैं। उनमें से एक मेरा नाम जोकर है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन इसे आज भी कल्ट फिल्मों में गिना जाता है। मेरा नाम जोकर को बनाने में राज कपूर ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। फिल्म के फ्लॉप होने के बाद राज कपूर का दिवाला निकल गया था। मेरा नाम जोकर के बाद राज कपूर कर्ज में डूब गए थे और बहुत ही मुश्किल दौर से गुजरे थे। मेरा नाम जोकर बनाने में राज कपूर को 6 साल लग गए थे। इस फिल्म को बनाने के लिए राज कपूर ने अपने घर से लेकर पत्नी के गहने तक हर चीज गिरवी रख दी थी। इतना ही नहीं, उन्होंने फिल्म बनाने के लिए मार्केट से पैसा भी उठा लिया था मगर जब ये रिलीज हुई तो राज कपूर कंगाल हो गए थे। ये राज कपूर की दूसरी फिल्म थी जिसमें दो इंटरवल थे। उनकी पहली फिल्म संगम थी, जिसमें दो इंटरवल थे। संगम सुपरहिट साबित हुई थी। वहीं मेरा नाम जोकर बुरी तरह से पिट गई थी।



## पृथ्वीराज सुकुमारन और सुधीर बाबू का होगा जलवा

# इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा क्राइम-एक्शन का मजा

**नई दिल्ली।** वेब सीरीज और फिल्मों के शौकीन दर्शकों के लिए जुलाई का तीसरा हफ्ता डबल धमाकेदार साबित होने वाला है। इस हफ्ते दर्शकों को कई बेहतरीन फिल्में और वेब सीरीज देखने को मिलेंगी। चलिए आपको बताते हैं कि वे फिल्में और वेब सीरीज कौन सी हैं, जो इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। साथ ही, यह भी जानिए कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं?

### कुंग फू पांडा-4



'कुंग फू पांडा 4' पो पर केंद्रित है, जिसे एक नए योद्धा को प्रशिक्षित करना है, जब उसे शांति की घाटी का आध्यात्मिक नेता बनने के लिए चुना जाता है। फिल्म में जैक ब्लैक, इयान मैकशेन, डस्टिन हॉफमैन, जेम्स होंग, ब्रायन क्रैन्स्टन, अक्वाफिना, के हुई क्वान, रोनी चियेंग, लोरी टैन चिन और वियोला डेविस जैसे कलाकार हैं। यह 15 जुलाई को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

### आडुजीविथमः द गोट लाइफ

ब्लेसी द्वारा निर्देशित 'आडुजीविथमः द गोट लाइफ' एक सच्ची घटना से प्रेरित है और यह बेन्यामिन के इसी नाम के समीक्षकों द्वारा प्रशंसित उपन्यास पर आधारित है। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 19 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



### त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर



अमृत राज गुप्ता और पुनीत कृष्णा के निर्देशन में बनी त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जो सीए है, लेकिन उसे मर्जी के खिलाफ कुछ काम करने पड़ते हैं। सीरीज के कलाकारों में मानव कौल, तिलोत्तमा शोम, श्वेता बसु प्रसाद, शुभ्रज्योति बारात, फैसल मलिक, जितिन गुलाटी, अशोक पाठक, नैना सरीन, सुमित गुलाटी, यामिनी दास, नरेश गोसाईं शामिल हैं। यह सीरीज 18 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर धमाल मचाएगी।

### स्वीट होम सीजन-3

'स्वीट होम सीजन 3' चा ह्यून-सू के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अप्रत्याशित त्रासदी का सामना करने के बाद अपना घर छोड़ देता है और एक अपार्टमेंट में चला जाता है। जब राक्षस दिखाई देने लगते हैं और लोगों पर हमला करने लगते हैं और लोग बिना किसी मदद के इमारत के अंदर फंस जाते हैं तो चीजें और भी बदतर हो जाती हैं। सीरीज में सॉन्ग कांग, ली जिन-वूक और ली सी-यंग मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि गो मिन-सी, पार्क ग्यू-यंग, ली डो-ह्यून और किम नाम-ही प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'स्वीट होम 3' नेटफ्लिक्स पर 19 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी।



## बारातों के जाम से कई मार्गो पर निकलना दूभर

# भड़ली नवमी पर विवाह समारोहों की धूम

जबलपुर।

भड़ली नवमी के स्वयंसिद्ध मुहूर्त पर सोमवार को विवाह समारोह की जबरदस्त धूम रही। सड़कों पर जाम लगा रहा। लोग यहां से वहां जाने के लिए बेताब रहे एक-एक व्यक्ति को तीन-तीन चार समारोह में शामिल होने की विवशता स्पष्ट झलक रही थी। कई सड़को पर तो एक साथ दो-दो चार-चार बारातों का संगम हुआ जिससे हालात बद से बदतर हो गये थे। मार्गो पर घण्टों जाम लगा रहा। बैण्ड बाजों नाचने वाले की उमंग के कारण धूम रही। शहर में जहां जहां बारात घर हैं, वहां भारी चौपाया वाहनों और टू व्हीलरों की पार्किंग से मार्ग वैसे ही संकरे हो गये थे। और मार्गो पर जाम लग गया था। गंजीपुरा, बड़ा फुहारा बाजार क्षेत्रों में चहल पहल रही वहीं विवाह घरों के आसपास की सड़के जाम रही। रसल चौक, बराट रोड, सिविक सेंटर, आरटीओ रोड, सिविल लाईन, दमोहनाका, विजय नगर में भी सड़के जाम रही है।



### गहने कपड़ों की जमकर खरीददारी

भड़ली नवमी पर सराफा बाजार के अलावा शहर में तमाम ज्वेलर्स के यहां भड़ली नवमी पर खूब बिक्री हुई। सामान्य दिनों में यह 8 से 10 करोड़ के बीच रहता है। विशेष मुहूर्त के चलते 15 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ। वहीं साड़ियों की बिक्री भी खूब हुई. सोमवार को रेडीमेड गारमेंट का बाजार भी खूब चला. इसलिए व्यापारियों ने भी नया स्टाक सजाकर रखा. जानकारों के अनुसार यह काराबार 15 से 20 करोड़ तक पहुंच गया।

### कल के बाद शादियों पर लग जाएगा विराम

भड़ली नवमी का अबूझ मुहूर्त निकल जाने के बाद अब शादियों पर देवउठनी ग्यारस तक विराम लग गया है। भड़ली नवमी के बाद आज 16 जुलाई को विवाह का अंतिम मुहूर्त है कल देवशयनी एकादशी के बाद देवउठनी ग्यारस तक विवाह मुर्हूत नहीं होंगे। भड़ली नवमी के बारे ज्योतिषाचार्य पी.एल.गौतमाचार्य ने बताया कि भड़ली नवमी स्वयं सिद्ध मुहूर्त हाता है इसमें बिना किसी मूहूर्त के विवाह हो जाते है।

# टेलीकॉम फैक्ट्री परिसर में रोपे जाएंगे एक लाख पौधे

जबलपुर।

पर्यावरण संरक्षण मंच के द्वारा एक अति आवश्यक बैठक जन ज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल में आयोजित की गई जिसमें टेलीकॉम फ़ैक्ट्री के 70 एकड़ ज़मीन पर हरे भरे जंगल हैं, इसकी नीलामी सरकार के द्वारा किए जाने पर चिंता व्यक्त की गयी, यह भूमि जबलपुर का फेफड़ा है, ऑक्सीजन का मुख्य स्त्रोत है, जबलपुर की एयर क़्वालिटी इंडेक्स को ठीक रखने और पर्यावरण के लिए इस जंगल का संरक्षण बहुत ज़रूरी है।

बैठक में उपस्थित जबलपुर के नागरिकों के द्वारा भारत सरकार से और राज्य सरकार से आग्रह किया गया कि, इस जंगल को नष्ट होने से बचाना है, हम सब प्रधानमंत्री के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का समर्थन करते हैं और आग्रह करते हैं कि टेलीकॉम फ़ैक्ट्री कि उक्त भूमि पर एक इकोलॉजीकल पार्क, नेचर पार्क बनाया जाए तथा और ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए और इस जंगल को सुरक्षित किया जाए। जबलपुर शहर के स्वास्थ्य के लिए यह जंगल सुरक्षित रहना जरूरी है।



डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि आज जंगल बचाने की मुहिम की आगामी योजनाओं पर भी विचार किया गया, यह निश्चित किया गया कि जबलपुर के सभी जागरुक लोग अपनी मां के नाम से एक-एक पेड़ घर से लेकर आएंगे और यहां वृक्षारोपण करेंगे। कुल एक लाख पेड़ टेलीकॉम फैक्ट्री परिसर में लगाना निश्चित किया गया, जिसकी तिथि अगली बैठक में निश्चित की जाएगी। बैठक में जीतेन्द्र पचौरी, शरद चंद पालन, डॉ. अतुल दुबे, विजय पांडे (अधिवक्ता), नरोत्तम पटेल, सुरेंद्र पटेल, अमित कुमार शर्मा, रामसेवक दीक्षित, पियूष जैन, नरेंद्र मालवीय, डी.डी. बैरागी, अमित कुमार जैसवाल (अधिवक्ता), डॉ. ए.के. जैन, राकेश महाजन सहित अन्य शामिल रहे।

# रोज-रोज की विद्युत कटौती से हनुमानताल के वाशिंदे परेशान

## क्षेत्रीय विधायक से की समस्या समाधान की मांग

**जबलपुर**। बारह महीनों सातों दिन हनुमानताल क्षेत्र के वांशिदें अघोषित बिजली कटौती का दंश झेल रहे है। सौभाग्य से एक आध दिन अगर कटौती न हो तो उस दिन के क्षेत्र के लोग अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं। क्षेत्रीय लोगों की शिकायत है कि रोज 2 से 3 घंटे बिजली गोल रहती है। 1912 कॉल सेंटर पर कॉल करने पर रटा रटाया जवाब दिया जाता है कि 24 केबी की लाईन में फॉल्ट है। दरअसल यहां भानतलैया फीडर से बिजली की सप्लाई की जाती हैं। कभी मेंटनेंस का बनाया जाता है तो कभी जंपर उड़ने का बहाना बनाया जाता है। क्षेत्रीय अधिकारी भी सुनवाई नहीं करते, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ रहा हैं। इन दिनों मोहरर्म का पर्व चल रहा है इससे भी परेशानी बढ़ रही है। आने वालें दिनों में क्षेत्र के जैन मंदिरों में चातुर्मास पर्व पर धार्मिक आयोजन हेंगे। मुनिराज संत महात्माओं के प्रवचन होंगे उस दौरान अगर बिजली कटौती हुई तो आक्रोश बढ़ सकता है। लोगों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ.अभिलाष पांडे सहित क्षेत्रीय पार्षद से भी इस दिशा में प्रयास करने की मांग की है। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि कभी सुबह के वक्त, कभी दोपहर के वक्त तो कभी देर रात बिजली चली जाती है फिर घंटों नहीं आती। कभी कभार हो तो लोग बर्दाश्त भी कर ले, रोज-रोज की झंझट से लोग परेशान हो गए है किसी दिन आंदोलन के रुप में जन आक्रोश सामने आ सकता है। विद्युत कॉल सेंटर 1912 एक शोपीस की तरह काम करता है। बार-बार जवाब दिया जाता है कि आपकी शिकायत दर्ज की गई है संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। जल्द ही आपकी शिकायतों का समाधान होगा। 34 केबी की लाईन में फॉल्ट आ गया है थोड़ी देर लगेगी, सुधार कार्य होते ही विद्युत व्यवस्था बहाल हो जाएगी।

## रेलवे का स्वच्छता पर विशेष फोकस

**जबलपुर**। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे ट्रेक, कोचिंग यार्डो और रेल मार्गो पर कचरा फेंकने वालों पर रेल प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। रेल प्रशासन द्वारा प्रमुख स्टेशनों की लगातार साफ सफाई करते हुए कचरों का उचित तरीके से निष्पादन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के प्रमुख स्टेशनों पर क्लीन ट्रेन स्टेशन योजना के तहत लम्बी दुरी की गाड़ियों की साफ-सफाई की जा रही है। इसके साथ ही क्लीन ट्रेन स्टेशन के अलावा भी अन्य स्टेशनों पर कूड़ा उतारने की व्यवस्था की गई है। रेलवे प्रशासन द्वारा पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली एवं गुजरने वाली ट्रेनों के पैंट्रीकार से किसी अनाधिकृत स्थान पर कूड़ा फेंकने की घटना प्रकाश में आती है तो उस पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाती है।

# रांझी अस्पताल में डॉक्टरों को गायब देख भड़के विधायक

## निर्माणाधीन तहसीली कार्यालय व अस्पताल का निरीक्षण

**जबलपुर**। पेंट विधानसभा के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने रांझी स्थित निर्माणाधीन तहसीली कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक रांझी सिविल अस्पताल भी पहुंचे, जहां डॉक्टर की गैरमौजदूगी को देखकर भड़क उठे। उन्होंने सीएमएचओ को गायब डॉक्टरों का शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इन दिनों की मौसम की बेरुखी के कारण वायरल फीवर, उल्टी, दस्त और सर्दी जुकाम के मरीज ज्यादा आर रहे हैं ऐसे में लोगों को परेशानी न हो उन्होंने डॉक्टरों और दवाईयों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि शीघ्र अति शीघ्र यह भवन बनाकर तैयार किया जाए। भवन तैयार हो जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव इस भवन का लोकापर्ण करेंगे। इसी दौरान श्री रोहाणी ने शासकीय चिकित्सालय रांझी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, जहां तीन डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए और वहां पर पाई गई अव्यवस्था को देखते हुए उन्होंने शीघ्र ही वहां के सीएमएचओ संजय मिश्रा को तुरंत फोन लगाकर अनुपस्थित डॉक्टरों और अस्पताल में होने वाली परेशानी के संबंध में अवगत कराया एवं शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए एवं शासकीय अस्पताल परिसर में बन रही नई बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया।



इस अवसर पर रांझी के तहसीलदार राजीव मिश्रा, पीडब्ल्यूडी के श्रीराम रघुवंशी, सचिन जैन सहारा, दामोदर सोनी, गुड्डु केवल, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमति संतोषी ठाकुर, श्रीमति सावित्री शाह, पुष्पराज सिंह, उदीप रील, आलोक मित्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मेंहदी बच्चा समिति का ताजिया बना जनाकर्षण का केन्द्र

**जबलपुर**। संस्कारधानी में जहां मोहर्रम की चकाचौंध चारों तरफ देखने को मिल रही है, वहीं हर गली-मोहल्ले, चौराहों पर ताजिया का आकर्षण लोगों को आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में जबलपुर बड़ी ओमती स्थित चौराहे पर विगत 80 सालों से मन्नतो वाली मेंहदी बच्चा समिति के द्वारा ताजिया रखा जाता है जो कि पूरे शहर में विख्यात है जिसको देखने एवं जियारत करने सैकड़ों की तादाद में जबलपुर व अन्य शहरों से लोग पहुंचते हैं। मन्नत वाली मेंहदी बच्चा कमेटी के मुजावर नजीर बाबा अशरफी ने बताया कि हमारे वालिद शेख हुसैन ने इसकी शुरुआत की थी, जिसको मैं और मेरे बेटे इमरान खान, जावेद खान और सहयोगियों द्वारा निरंतर जारी रखा गया है। हमारी कमेटी द्वारा रखा गया ताजिया जनाकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां मोहर्रम में दूर-दराज़ से लोग जियारत करने आते हैं तथा हमारी कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष मोहर्रम की 12 तारीख को विशाल लंगर का आयोजन किया जाता है।

# कॉपियों के साथ छात्राओं को छाते भी बांटे

जबलपुर।

रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा सोमवार को चौथे चरण में बिदामबाई कन्या शाला में पूर्वाध्यक्ष आर.पी.अग्रवाल के सौजन्य से छात्राओं को कापियों के साथ-साथ छातों का वितरण किया गया। पूर्वाध्यक्ष अरुणकान्त अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा में बरसात के कारण अवरोध उत्पन्न न हो, इसके लिए यह एक सामयिक आवश्यक कदम था। समस्त सहयोगी बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष रवि वैश्य, सचिव धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र बतरा, राकेश गिदरोनिया, रीतेश नायडू, अभय गोरे, शाला प्राचार्य डॉ.शशिकला लढिया भी उपस्थित थे। अध्यक्ष अजय चौधरी ने आभार व्यक्त किया।



## वेतन आयोग प्रकोष्ठ की सिफारिशों को शीघ्र लागू किया जाये

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के वेतन आयोग प्रकोष्ठ द्वारा कर्मचारियों की वेतन विसंगति से संबंधित रिपोर्ट शासन को भेजे गयी है पर अभी तक शासन द्वारा उनको लागू नहीं किया गया है। शासन को इस पर गंभीरता से विचार करते हुये आयोग की रिपोर्ट को लागू करना चाहिए। विभिन्न आयोगों की रिपार्ट आने के बाद प्रायः यह देखा गया है कि स्टेनोग्राफरों/ लिपिक वर्गों के कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर किये जाने हेतु मांगों को दरकिनार कर दिया जाता है और लिपिकीय कैडर के कर्मचारियों को निराशा ही वर्तमान समय तक हाथ लगी है, जबकि अन्य कैडर के कर्मचारियों को चाहे ब्रम्हस्वरूप समिति हो या अन्य सभी में अन्य कैडर के कर्मचारियों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, राजकुमार यादव, अशोक परस्ते, योगेश ठाकरे, अशोक कोष्टि, महेंद्र प्रधान, अनूप दाहत, निलेश खरे, एसबी रजक, समीर धुर्वे, प्रदीप पटेल, आरपी खनाल, वीरेंद्र श्रीवास, फिलिप एंथोनी, राजू डहेरिया, मनोहर विश्वकर्मा, गोपीशाह, मक़सूद अहमद कादरी, आशीष कोरी आदि ने मांग की है कि शासन को इस पर गंभीरता से विचार करते हुये आयोग की रिपोर्ट को लागू करना चाहिए।





## रादुविवि के चिराग और संगीता वर्ल्ड यूनिवर्सिटी के लिए चयनित

**जबलपुर**। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के दो खिलाड़ियों का चयन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग संचालक प्रो. विशाल बन्ने ने बताया कि आगामी अगस्त माह में चीन के संघई प्रान्त में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के छात्र चिराग विद्यार्थी एवं संगीता ब्रजपुरिया का चयन यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए किया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन खेलो इंडिया प्रतियोगिता में तीरंदाजी स्पर्धा में पदक प्राप्त किये हैं। इन खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा, कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा एवं शारीरिक शिक्षण विभाग के संचालक प्रो. विशाल बन्ने ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# शहादत की रात आज



**जबलपुर**। शहादत के पर्व मुहर्रम की मंगलवार को शहादत की रात है। तारीख-ए-कर्बला के मुताबिक नौवीं मुहर्रम शहीद-ए-आजम हजरत इमाम हुसैन आली मकाम के जीवन की अंतिम रात्रि थी। दसवीं मुहर्रम यौमे आशूरा को हजरत इमाम आली मुकाम अल्लाह को राज़ी करने के लिए शहीद हो गए, शहादत की रात मे सवारियां गस्त पर निकलेंगी गस्त करते हुए सवारियां मदार छल्ला जाएंगी, ताजिये सिटी कोतवाली के सामने जियारत के वास्ते रखे जाएंगे। उपनगरीय क्षेत्र- छावनी क्षेत्र सदर में शहादत की रात के मौके पर रात्रि में ताजिया सवारी का जुलूस सदर बाजार की गालियों गश्त उपरांत शिवाजी ग्राउंड मे एकत्रित होगा। जुलूस में मुख्य रूप से गली नंबर 9 का ताजिया शरीफ शामिल होगा। फातिहा ख्वानी उपरांत जुलूस घंटाघर स्थित हजरत मशीन वाले बाबा की दरगाह रवाना होगा। इसी प्रकार गढ़ा में शहादत की रात गढ़ा बाजार में मनाई जाएगी। डॉ. सैय्यद मकबूल अली कादरी, सूफ़ी निजाम बाबा, खलीफा मुमताज मंसूरी और दादा दरबार की सवारियां मुख्य रूप से शामिल होंगी। गढ़ा बाजार में कौमी एकता मूर्तूज़ा एकता कमेटी द्वारा सवारी एवं ताजियों का इस्तकबाल किया जायेगा।

सलामी समारोह- मुहर्रम की 7वीं तारीख सफर की रात के मौक़े पर मुतवल्ली सैयद कादिर अली की सदारत में आयोजित सलामी समारोह में सज्जादानशीन मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी के अनुसार इस वर्ष 200 से अधिक सवारियों ने मदन महल दरगाह में सलामी पेश की। अल सुबह तक सवारियों का आना-जाना लगा रहा। फजर की नमाज के बाद सालातो सलाम के साथ जलसे का समापन हुआ। मुहर्रम की 8वीं तारीख पर सदर बाजार में हजरत अब्बास अलमदार कमेटी द्वारा बैंड बाजों पर मुहर्रम की धुनों पर शानदार प्रस्तुति पेश की गई, जिसमें हजारों हिन्दु मुस्लिम अक़दीतमंद शामिल हुए और दिल खोलकर नजराना पेश किया।



## कैलाश धाम में माँ के नाम पर रोपे पौधे

**जबलपुर**। कैलाश धाम मंदिर के समीप लक्ष्मी फार्म स्टे में माँ के नाम पर पौधे रोपे गए। पौधारोपण के साथ ही पौधों की सुरक्षा का भी जिम्मा लिया गया। यहां पर गगनदीप मिश्रा, यश शुक्ला, नितिन सेन, अतिशय जैन, आकाश सेन और इंजी. विद्यासागर ने अपनी-अपनी माँ के नाम पर पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि माँ के नाम पर पौधे लगाने का क्षण अदभुत और अविस्मरणीय है। इस क्षण को वे जीवन भर नहीं भूल सकते हैं। ऐसा महसूस हो रहा है कि पौधे हमारे परिवार के सदस्य हैं। उनका कहना है कि लोग पौधारोपण तो कर देते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा नहीं करते हैं। लक्ष्मी फार्म स्टे के संचालक पंकज डे ने पौधों की सुरक्षा का जिम्मा लिया है, जो उनके प्रकृति के प्रति लगाव और समर्पण को दर्शाता है।

CHANGE OF NAME

I, M PREMA KUMARI (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No 15426578A Rank HAV/HK Name SADANANDAM M presently, residing at VILL- VENNACHERLA, PO-THOODKURTHI,TEH- PEDDAKOTHAPALLY, DIST-MAHABUBNAGAR (ANDHRA PRADESH) -509235 I have changed of my name from M PREMA KUMARI (name as per my Husband army service records) to MADDANI PREMAKUMARI (name as per my AADHAR CARD AND PAN CARD) vide Affidavit dated (Date of the Affidavit in 12/07/2024 format) before RAMDAS SHARMA Public notary MP HIGH COURT, JABALPUR
CORRECT NAME
MADDANI PREMAKUMARI
INCORRECT NAME - M PREMA KUMARI

CHANGE OF NAME

I, PUTULI ROY (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No 15704090H HAV MANOJ ROY presently, residing at VILL-BAGAPARA, PO- SATHISAMUKA, TEH- BAJALI, DIST-BARPETA (ASSAM) -781355 I have changed of my name from PUTULY ROY (name as per my Husband army service records) to PUTULY DAS (name as per my AADHAR CARD AND PAN CARD) vide Affidavit dated (Date of the Affidavit in 26/06/2024 format) before RAMDAS SHARMA Public notary MP HIGH COURT, JABALPUR
CORRECT NAME- PUTULY DAS
INCORRECT NAME - PUTULY ROY

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH

I, ARMY NO. JC-774045F RANK SUB NAME SHAIK MAHABOOB SHAREEF S/O SHAIK JAMAL VALI UNIT MILITARY HOSPITAL, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my FATHER, from name SK JAMAL VALI and date of birth 01/07/1957 (name and date of birth as per my Army service records) to name SHAIK JAMAL VALI and date of birth 01/01/1946 (name and date of birth as per my FATHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 15/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME- SHAIK JAMAL VALI
CORRECT DATE OF BIRTH- 01/01/1946
INCORRECT NAME- SK JAMAL VALI
INCORRECT DATE OF BIRTH 01/07/1957

CHANGE OF NAME

I, ARMY No. 15453139Y, RANK-NAIK/XRA, NAME FAKEERAPPA DHAGENNAVAR S/O BHEEMAPPA OF UNIT MILITARY HOSPITAL, JABALPUR(M.P.), R/O 970 DEVANG NAGAR, SULEBHAVI HUKERI BELGAUM KARNATAKA 591103 solemnly declare and affirm on oath under. I am presently residing at the above mentioned address. that in my Father Aadhar card (9083 2269 4180) my Father Name is (BHEEMAPPA DHAGENNAVAR) which is true and correct but in my Army service Record my Father Name is BHEEMAPPA Is recorded Which is incorrect. The true and correct Name of my Father, Is BHEEMAPPA DHAGENNAVAR and same Name shall be corrected in my Army service Record. for the above variation Name of my Father this affidavit is being furnished.
CORRECT NAME
BHEEMAPPA DHAGENNAVAR
INCORRECT NAME - BHEEMAPPA

CHANGE OF NAME

I, ARMY No. 15453139Y, RANK-NAIK/XRA, NAME FAKEERAPPA DHAGENNAVAR S/O BHEEMAPPA OF UNIT MILITARY HOSPITAL, JABALPUR(M.P.), R/O 970 DEVANG NAGAR, SULEBHAVI HUKERI BELGAUM KARNATAKA 591103 solemnly declare and affirm on oath under:- I am presently residing at the above mentioned address.In my Mother, Aadhar card (9045 6357 6345) my Mother Name is (SAVITRI BHEEMAPPA DHAGENNAVAR) which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded SAVITRI Which is incorrect. The true and correct Name of my Mother is SAVITRI BHEEMAPPA DHAGENNAVAR and same Name shall be corrected in my Army service Record. For the above variation Name of my Mother this affidavit is being furnished.
CORRECT NAME
SAVITRI BHEEMAPPA DHAGENNAVAR
INCORRECT NAME - SAVITRI

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH

I, ARMY NO. JC-774045F RANK SUB NAME SHAIK MAHABOOB SHAREEF S/O SHAIK JAMAL VALI UNIT MILITARY HOSPITAL, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my MOTHER, from name SK NASAR BI and date of birth 01/07/1964 (name and date of birth as per my Army service records) to name SHAIK NASAR BE and date of birth 01/01/1956 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 15/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME -SHAIK NASAR BE
CORRECT DATE OF BIRTH 01/01/1956
INCORRECT NAME- SK NASAR BI
INCORRECT DATE OF BIRTH 01/07/1964

# इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी का आईएनएस टावर्स बी-विंग उद्घाटित, बनेगा प्रिंट मीडिया क्षेत्र में मील का पत्थर

मुंबई।

इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी, मुंबई के प्रतिष्ठित बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में स्थित आईएनएस टावर्स, बी-विंग का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, उद्योग जगत के नेता और प्रिंट मीडिया समूह के सदस्य उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह की शुरुआत पट्टिका के औपचारिक अनावरण के साथ हुई, जिसके बाद इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसके बाद प्रधानमंत्री का संबोधन हुआ।



आईएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने प्रधानमंत्री से स्व-घोषणा प्रमाणपत्र के हालिया मुद्दे के साथ-साथ वित्त मंत्री के साथ हालिया बातचीत के दौरान उठाए गए मुद्दों पर भी गौर करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसमें भारत की वृद्धि और विकास में प्रिंट मीडिया उद्योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाचारों के प्रसार में प्रिंट मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जिससे भारत का मीडिया परिदृश्य मजबूत हुआ। सभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने समसामयिक मामलों के प्रवक्ता के रूप में मीडिया की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित किया और अगले महत्वपूर्ण 25 वर्षों में देश की भविष्य की दिशा को आकार देने में इसके महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने मीडिया उद्योग से भारत के लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी पहल के साथ जुड़ने का आग्रह किया, जिसमें किसी भी राजनीतिक एजेंडे या वोट बैंक की राजनीति से रहित उनकी गैर-पक्षपातपूर्ण प्रकृति पर जोर दिया गया। उन्होंने प्रकाशकों को मीडिया की पहुंच का लाभ उठाकर अंतरराज्यीय प्रचार अभियानों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

वैश्विक उपस्थिति की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने प्रकाशकों को वैश्विक पहुंच के लिए माइक्रोसाइट्स और सोशल मीडिया की क्षमता का उपयोग करके, संयुक्त राष्ट्र देशों में बोली जाने वाली भाषाओं में अपने प्रकाशनों का अनुवाद करने पर विचार करने की सलाह दी। उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत की आवाज को बढ़ाने में डिजिटल संस्करणों के महत्व पर जोर दिया। आईएनएस टावर्स, बी-विंग, मुंबई के प्रिंट मीडिया क्षेत्र में एक मील का पत्थर बनने के लिए तैयार है।

# दुनिया का सबसे महंगा कीड़ा, कीमत 75 लाख, रातों रात बदल देता है लोगों की किस्मत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपने तरह-तरह के कीड़े देखे होंगे, लेकिन क्या आपने किसी कीड़े की कीमत 75 लाख रुपए सुनी है। बता दें ये कीड़ा स्टैग बीटल है जो दुनिया के सबसे महंगे कीड़ों में से एक है। स्टैग बीटल पृथ्वी पर सबसे दुर्लभ प्रजातियों में से एक है। स्टैग बीटल रातों रात लोगों की किस्मत बदल देता है। इसलिए, यह दुनिया का सबसे महंगा कीड़ा है। गुड लक के लिए इसे ताबीज बनाकर गले में पहना जाता है। स्टैग बीटल का सड़ी गली लकड़ी पर पूरा जीवन निर्भर रहता हैं। इसकी मुख्य पहचान इसके ब्लैक शाइनी सिर से निकलने वाले सींगों से की जाती है।

### हानिकारक नहीं होते

सागर में गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्राणी शास्त्र विज्ञान विभाग के प्रोफेसर मनीष जैन ने बताया कि स्टैग बीटल संकटग्रस्त प्रजाति के कीट मकोड़े हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इनकी कीमत 75 लाख तक बताई जा रही है। बिटल प्रजाति के आधार पर यह हरे, गहरे भूरे, स्लेटी, लाल भूरे या काले रंग के भी हो सकते हैं। इनका डरावना रूप जरूर होता है पर यह मनुष्य और अन्य जानवरों के लिए कोई हानिकारक नहीं होते।



### बीटल की 1200 प्रजातियों का एक परिवार

स्टैग बीटल ल्यकेनीडे परिवार में बीटल की लगभग 1200 प्रजातियों का एक परिवार है। यूरोप के अधिकांश हिस्सों में एक प्रसिद्ध प्रजाति ल्युकेनस सर्वस (लाल काले रंग का ) हैं। जिसका जबड़ा लंबा होता है जो हिरणों के सींगो से मिलते जुलते हैं। अंग्रेजी में हिरण को स्टैग कहा जाता है। इसलिए इसके लक्षण की कारण इस बीटल का नाम स्टैग बीटल प्रचलित है।

### 2 से 6 ग्राम के बीच होता है वजन

उन्होंने बताया कि यूरोपीय देशों में इस ड लक के रूप में माना जाता है और इस मृत कीट की माला पहन कर गली में धारण करते हैं। इटली के लुकानिया में इस कीट को ताबीज के रूप में उपयोग किया जाता है। इसको अच्छी किस्मत का प्रतीक माना जाता है। इन कीड़ों का वजन 2-6 ग्राम के बीच होता है। इनका औसत जीवनकाल 3-7 साल का होता है। जहां मेल कीड़े 35-75 मिमी लंबे होते हैं। वहीं, फीमेल कीड़े की बात करें तो ये 30-50 मिमी लंबे होते हैं।

**करोड़ों में बिकने की आशंका**

# 15 करोड़ वर्ष पुराने सबसे बड़े स्टेगोसॉरस डायनासोर के कंकाल की 17 को होगी नीलामी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अब तक पाया गया दुनिया का सबसे बड़ा स्टेगोसॉरस डायनासोर का कंकाल अगले सप्ताह अमेरिका के न्यूयॉर्क में नीलम होने वाला है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 60 लाख डॉलर (करीब 50 करोड़ रुपये) तक लगाई जा सकती है। इस स्टेगोसॉरस कंकाल का नाम एपेक्स है और यह करीब 15 करोड़ वर्ष पुराना बताया जा रहा है। यह कंकाल 11 फीट (3.3 मीटर) लंबा और लगभग 27 फीट (8.2 मीटर) चौड़ा है। बता दें कि इसे सोथबी नामक नीलामी घर में प्रदर्शित करने के लिए रखा गया था और 17 जुलाई को इसकी बिक्री तक इसे प्रदर्शित किया जाएगा।

### डायनासोर का 70-80 प्रतिशत हिस्सा है मौजूद

सोथबी के विज्ञान और लोकप्रिय संस्कृति के वैश्विक प्रमुख कैसंड्रा हैटन ने इसे दुर्लभ बताया। उन्होंने कहा, अगर आपको डायनासोर का आधा हिस्सा मिल जाए, तो यह एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज मानी जाएगी। 60 प्रतिशत मिलना अविश्वसनीय है और जब आप 70-80 प्रतिशत तक पहुंच जाते हैं, तो पूरी दुनिया ध्यान देती है।

### वैज्ञानिक समुदाय ने नीलामी पर उठाए सवाल

इसे एपेक्स नाम स्टेगोसॉरस परिवार के भीतर इसकी प्रमुखता को उजागर करने के लिए दिया गया था। नीलामी घर ने एपेक्स का मूल्य 40-60 लाख (करीब 33-50 करोड़ रुपये) होने का अनुमान लगाया है, जो कि बढ़ भी सकता है। हालांकि, प्रतिष्ठित डायनासोर जीवाश्मों की बिक्री की वैज्ञानिक समुदाय ने आलोचना की है। उनका कहना है कि अवशेषों को संग्रहालयों या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर संरक्षित किया जाना चाहिए और निजी बोलीदाताओं को नहीं बेचा जाना चाहिए।




### बुढ़ापे के कारण हुई होगी एपेक्स की मृत्यु

हैटन ने कहा, एपेक्स एक वयस्क उम्र का डायनासोर था और उसने शांतिपूर्ण जीवन जिया था। उन्होंने आगे कहा, उसकी हड्डियां जुड़ी हुई हैं, जो हमें बताती है कि उसे गठिया था। उसपर काटने का निशान या लड़ाई का कोई अन्य निशान नहीं है, इसलिए यह माना जा रहा है कि इसकी मृत्यु बुढ़ापे के कारण हुई होगी। विशेषज्ञ यह सुनिश्चित करने में सक्षम थे कि जानवर ने मृत्यु के वक्त अपनी पूंछ को शरीर के नीचे दबाया था।



### मई 2022 में पाया गया था स्टेगोसॉरस कंकाल

एपेक्स की खोज मई 2022 में अमेरिका स्थित कोलोराडो के मॉरिसन फॉर्मेशन में जीवाश्म विज्ञानी जेसन कूपर की निजी भूमि पर की गई थी। सोथबी ने खोज, उत्खनन, पुनर्स्थापन, तैयारी और स्थापना की पूरी प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण करने के लिए कूपर के साथ मिलकर काम किया था। हैटन ने कहा, हम इसकी प्रामाणिकता की गारंटी लेने में सक्षम हैं। हमने इसे जमीन से बाहर आने से लेकर इसे यहां लाने तक की गई सभी प्रक्रियाओं को देखा है।

# अब जागा खाद्य अमला, वृद्धा के घर पहुंचा सात माह का राशन

**कोतबा (हरिभूमि न्यूज)।** विशेष संरक्षित जनजातीय समुदाय की 75 वर्षीय वृद्धा महिला को कई महीने से सरकारी राशन नहीं मिल रहा था। राशन दुकान की गड़बड़ी की जांच में पहुंचे खाद्य निरीक्षक ने उसे 7 माह का राशन उपलब्ध कराया और अब उसके आधार कार्ड में नॉमिनी जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई है।



मामला जिले के पत्थलगांव ब्लाक के ग्राम पंचायत झिमकी के आश्रित गांव नया खूंटापानी गांव का है। जंगल के किनारे स्थित इस छोटे से गांव के एक मिट्टी के कच्चे मकान में दिन गुजार रही 75 वर्षिय धनकुंवर हसदा ने हरिभूमि को बताया कि उसके पति सुखीराम का लगभग 3 साल पहले लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। उम्र की अधिकता के कारण कमर पूरी तरह से झुक चुकी है। पति के गुजर जाने के बाद धनकुंवर के सामने उस समय भूखों मरने की नौबत आ गई जब दिसंबर 2023 से उसे शासकीय उचित मूल्य की दुकान झिमकी से राशन मिलना बंद हो गया। सरकारी राशन बंद होने पर पड़ोसियों की सहायता से संघर्ष करते हुए दिन गुजार रही थी। फांके में दिन गुजार रहे धनकुंवर हसदा का मामला दो दिन पूर्व उस समय सामने आया जब झिमकी के उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण में गड़बड़ी को लेकर हितग्राहियों ने विरोध करते हुए,दुकान के सामने बैठ गए थे।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16 / जुलाई 24)

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियां हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाए (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667(रायपुर/25/जुलाई 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (जिसमें वर्ग रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी ।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

# एक पेड़ मां के नामः छग मुख्यमंत्री ने किया पौधरोपण महाभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुर

■ महतारी वंदन हितग्राहियों को जिले में 2 लाख से अधिक पौधे वितरित किए जाएंगे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जशपुर जिले में पौधरोपण महाभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने दुलदुला में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 10 हितग्राही महिलाओं को अमरूद का पौधा व संदेश पत्र भेंट किया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जीवनदायिनी धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और आने वाली पीढियों को अनुकूल वातावरण देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेरणादायी अभियान, 'एक पेड़ माँ के नाम' की शुरुआत की है। हमारी सभी माताओं-बहनों को एक पौधा भेंट कर रहा हूँ। यह पौधा प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी के साथ ही उससे हमारे अटूट संबंध को दर्शाएगा। उन्होंने कहा कि पौधे से हमें प्राण वायु मिलती है। जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। पौधरोपण से पर्यावरण में सुधार होता है और मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन मिलती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने हितग्राही अनिता लकड़ा को अमरूद का पौधा सौंपते हुए पूछा कि पौधा कहां पर लगाएंगे।अनिता ने बताया कि इसे अपने आंगन में लगाऊंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने हितग्राहियों को पौधे वितरित किए और उन्होंने कहा कि इन पौधों को रोपित कर उन्हें अपने बच्चों की तरह देख-भाल करें। ताकि भविष्य में आने वाले पीढ़ी को इन पौधरोपण का लाभ मिल सके। इस अवसर पर सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनि भगत, विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 'एक पेड़ माँ के नाम' मुहिम के तहत इस पौध वितरण महाभियान के तहत महतारी वंदन की हितग्राही महिलाओं को जशपुर जिले में 2 लाख से अधिक पौधे वितरित किए जायेंगे।

## शब्द पहेली - 5573



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5572 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5584

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5583 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |


हरिभूमि
# सहेली



अपने लविंग पार्टनर को लेकर थोड़ा-बहुत पजेसिव होना तो सामान्य है। लेकिन यह बिहेवियर जब ऑब्सेशन में बदल जाए तो स्थिति चिंताजनक हो जाती है। ऐसा एक साइको कंडीशन 'लव ब्रेन' की वजह से हो सकता है। इस मेंटल कंडीशन के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे में सजग रहते हुए इसके लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जानना जरूरी है।

# पार्टनर का ऑब्सेसिव बिहेवियर लव ब्रेन का हो सकता है शिकार हो जाएं सजग

कवर स्टोरी


पूजा आनंद शर्मा
मनोवैज्ञानिक, विश्वास हीलिंग सेंटर, दिल्ली

हाल ही में सोशल मीडिया पर चीन से आई 'लव ब्रेन' की खबर सुर्खियों में रही। एक अट्ठारह साल की लड़की की अपने ब्वॉय फ्रेंड के प्रति चाहत इतनी बढ़ गई कि वह हर वक्त उसे अपने आस-पास देखना चाहती थी। वह उसकी हर एक्टिविटी पर नजर रखने लगी। ब्वॉय फ्रेंड दूर होने पर वह उसे कॉल करती रहती थी। उसका ऑब्सेसिव बिहेवियर इस कदर बढ़ गया कि वह अपने ब्वॉय फ्रेंड को दिन में सौ बार से अधिक कॉल करने लगी। गर्ल फ्रेंड के पजेसिव बिहेवियर से परेशान होकर लड़के को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। मेडिकल जांच में पता चला कि लड़की 'लव ब्रेन' की मरीज है। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## समझें ऑब्सेसिव बिहेवियर

लव ब्रेन को समझने से पहले ऑब्सेसिव बिहेवियर को जानना जरूरी है। आज के दौर में प्यार करने वाले कई लोगों में ऑब्सेसिव



बिहेवियर देखने को मिल जाता है। ऐसे लोगों में इमोशनल स्टेबिलिटी का अभाव होता है। यानी रिश्ते को लंबे समय चलाने के लिए जरूरी भावनात्मक मजबूती की कमी होती है। ऐसे लोग दूसरे के साथ रिश्ता तो कायम कर लेते हैं, लेकिन भावनात्मक मजबूती के अभाव में उस रिश्ते से बहुत जल्दी दूर भी हो जाते हैं।

## क्या हैं लक्षण

आमतौर पर जब दो शख्स एक-दूसरे से प्यार करते हैं तो वे चाहते हैं कि उनका पार्टनर उनका खूब ख्याल रखे, अपना पूरा वक्त उसे दे, सिर्फ उनके साथ ही घूमे-फिरे। जब यही प्यार दिल और दिमाग पर हावी होने लगता है, तो एक गंभीर बीमारी का रूप ले लेता है। व्यक्ति अपनी जिंदगी भूल कर बस सिर्फ अपने साथी के बारे में सोचता है। पार्टनर के प्रति वह इतना पजेसिव हो जाता है कि दिनभर उससे संपर्क रखने की पुरजोर कोशिश करता है। कई बार मैसेज भेजता है या फोन करता है। इग्नोर या रिजेक्ट किए जाने को स्वीकार नहीं कर पाता। उससे बेवजह लड़ाई-झगड़ा करने लगता है। यहां तक कि एंग्जाइटी या डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। पीड़ित व्यक्ति भावनात्मक रूप से अशांत रहता है।अपने साथी के दूर होने का डर उसे हमेशा सताता रहता है। अपने पार्टनर की अटेंशन पाने के लिए ऊटपटांग हरकतें करता है। उसमें मनोभावों को कंट्रोल करने की क्षमता कम होती जाती है, जिससे मूड स्विंग की प्रॉब्लम रहती है।

### क्या है लव ब्रेन की स्थिति

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार लव ब्रेन की स्थिति एक गंभीर मनोवैज्ञानिक स्थिति है। इसे बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर भी कहा जाता है। यह प्यार का ऐसा ऑब्सेसिव बिहेवियर है, जो बेहद खतरनाक है। इसमें व्यक्ति खुद को या अपने पार्टनर को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचा सकता है।

## उपचार का तरीका

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि ऑब्सेसिव बिहेवियर के बारे में हमें सजग रहना जरूरी है। बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर को अगर समय रहते कंट्रोल ना किया जाए तो यह बड़ी बीमारी का रूप भी ले सकता है। व्यक्ति के ऑब्सेसिव बिहेवियर में सुधार ना हो तो यथाशीघ्र मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट की मदद जरूर लें। एक्सपर्ट विभिन्न प्रकार की साइकोथैरेपी के माध्यम से व्यक्ति का बिहेवियर मॉडिफिकेशन करते हैं, जिसके लिए उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मदद लेते हैं।

## ऐसे करें बचाव

व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए तैयार करना चाहिए। जिसमें वह खुद के साथ ज्यादा वक्त बिताए, अपनी भावनाओं को समझे, अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। इसके अलावा ऑब्सेसिव बिहेवियर के बचाव के लिए कुछ और बातें भी ध्यान में रखें-

- अगर व्यक्ति अपने पार्टनर में ऑब्सेसिव बिहेवियर महसूस कर रहा है तो ऐसे में जरूरी है कि उससे कुछ समय के लिए दूरी बना लेनी चाहिए। उसे पूरा स्पेस देना चाहिए ताकि वह अपनी भावनाओं को कंट्रोल कर सके।
- ऑबसेस्ड व्यक्ति को अपनी हॉबीज के हिसाब से अपने पसंदीदा काम या क्रिएटिव एक्टिविटीज करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
- उसे अपने दोस्तों और परिवार के अन्य सदस्यों से संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार करना चाहिए। ताकि वो उनसे अपने मन की बात शेयर कर सके और इस तनाव से निकल सके।
- ऑब्सेसिव बिहेवियर के शिकार व्यक्ति को जिंदगी में किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि वह उसे पाने के लिए भरसक कोशिश करता रहे और व्यस्त रहे। वरना उसमें नकारात्मकता आ सकती है और अपने साथी के प्रति ज्यादा ऑब्सेसिव हो सकता है। a

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

### क्या हैं कारण



**सवाल उठता** है कि आखिर आंखों से शुरू होने वाला प्यार दिल और दिमाग पर इतना हावी कैसे हो जाता है, जो इतनी चिंताजनक स्थिति को जन्म देता है? इसके पीछे कई कारण हैं-

**चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होनाः** लव ब्रेन, आमतौर पर उन लोगों को होता है, जो बचपन में किसी ट्रॉमा का यानी कि चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होते हैं। यानी बचपन से ही वे अपने पैरेंट्स के बीच आपस में प्यार या लगाव ना होने, उनके बीच लड़ाई-झगड़े होते देखते हैं। ऐसे बच्चों के अंतस में बचपन से ही अपने साथी पर अविश्वास करने की भावनाएं बैठ जाती हैं, जो भविष्य में या बड़े होने पर उनके व्यवहार में खुद-ब-खुद आ जाती हैं। रिलेशनशिप में अगर व्यक्ति का अपने पार्टनर के साथ गहरा संबंध स्थापित नहीं हो पाया है या पार्टनर उनके मुताबिक नहीं चलता, तो लव ब्रेन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**ओवर कॉन्फिडेंस होनाः** व्यक्ति को भ्रम रहता है कि वह जो कर रहा है, ठीक कर रहा है। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। एक तरह से उसमें ओवर कॉन्फिडेंस आ जाता है कि उससे अच्छा कोई नहीं कर सकता, वह सामने वाले व्यक्ति पर एकाधिकार जमाने लगता है।

**एल्कोहलिक होना :** ऐसे लोगों में एल्कोहल या ड्रिंक करने की आदत जरूर पाई जाती है। भले ही शुरू में वे कभी-कभार करते हैं लेकिन धीरे-धीरे इसके आदी हो जाते हैं, अपने सामने किसी की नहीं सुनते।

**अहंकारी होनाः** ऐसे लोगों में ईगो बहुत होता है। अपने आप को स्पेशल समझते हैं। उन्हें लगता है कि वह जो कर रहे हैं, वह बहुत अच्छा कर रहे हैं। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। वह अपने साथी के प्रति ऑब्सेसिव हो जाते हैं, उनके साथ अलग तरह का बर्ताव करने लगते हैं। एकाधिकार कायम करने में असफल होने पर उन्हें बुरा लगता है और गुस्से में गलत कदम तक उठा लेते हैं।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. जे. के. गुप्ता जनरल फिजीशियन, दिल्ली

अन्य मौसमों की तुलना में बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका अधिक होती है। इसलिए इस दौरान एक्सट्रा केयर की जरूरत होती है। बारिश में बीमारी से बचने के लिए वे कौन-सी सावधानियां हैं, जिन्हें बरतना जरूरी है, जानिए।

# तब बारिश के मौसम में आप नहीं होंगी बीमार



बारिश के मौसम में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स की आशंका बढ़ जाती है। जरा-सी असावधानी होने पर सर्दी, खांसी, गले में खराश, वायरल फीवर, एलर्जी, डायरिया, फूड प्वॉयजनिंग या फिर मच्छर काटने से मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इस मौसम में हमारे शरीर की इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि मानसून के दौरान खुद को हेल्दी रखने के लिए ऐसी डाइट लें, जो इंफेक्शन से हमें बचाने में हेल्पफुल हो। अगर आप इस मौसम में कुछ छोटी लेकिन जरूरी बातों को ध्यान में रखेंगी तो इन मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन से बची रह सकती हैं और अपने परिवार के सदस्यों को भी बचाए रख सकती हैं।



**साफ-सफाई का रखें ध्यानः** स्वयं को और परिवार के सदस्यों को मच्छर के काटने से बचाने के लिए जरूरी है कि शरीर को ढंकने वाले पूरी बांह के अपर और लोअर ड्रेस पहनें, ताकि मच्छरों और दूसरे कीड़े-मकौड़ों के काटने से बचा जा सके। सुनिश्चित करें कि घर, गली के आस-पास भी गंदगी ना फैले। घर और वर्कप्लेस में इस्तेमाल होने वाले डस्टबिन को हमेशा ढंककर रखें। घर की छतों-यार्ड में पुराने टायरों, गमलों या ऐसे टूटे-फूटे सामानों को हटा दें, जिसमें पानी इकट्ठा हो सकता है। गार्डन के गमलों या मनी प्लांट जैसे पौधों के जार का पानी दो-तीन दिन में जरूर बदलें। कहीं भी पानी जमा ना हो क्योंकि जमे हुए पानी में ही मच्छर पनपते हैं।

**खान-पान में ना बरतें लापरवाहीः** वैसे तो खाना हमेशा ताजा ही खाना चाहिए, लेकिन बरसात के दिनों में ज्यादा एलर्ट रहने की जरूरत है। मानसून में फूड प्वॉइजनिंग होने के चांस बहुत ज्यादा होते हैं। इससे वॉमिट आना, डिहाइड्रेशन और डायरिया जैसी समस्या हो सकती हैं। इसलिए खाना बनाने से पहले सभी कच्ची सब्जियों और फलों को अच्छे से धो लें। बाहर का खाना अवॉयड करें। अगर खाएं तो यह सुनिश्चित करें कि खाना ताजा हो। सूप, नूडल्स और पास्ता जैसी चीजें गर्म-गर्म ही खाएं। कच्चा सलाद या पहले से कटे फल ना खाएं। नॉनवेज यहां तक कि अंडा भी ना खाएं। इन दिनों नॉनवेज में बहुत जल्दी बैक्टीरिया पनपते हैं। इनसे पेट खराब हो सकता है। इस मौसम में ठंडे ड्रिंक्स के बजाय गर्म या हल्की गर्म ड्रिंक्स का सेवन करें। अदरक की चाय, हर्बल टी, ग्रीन टी या कैमोमाइल टी भी पी सकती हैं। a

प्रस्तुतिः ललिता गोयल

### बरतें ये भी सावधानियां

- बची हुई आइसक्रीम या मिल्क प्रोडक्ट्स को दोबारा फ्रिज में ना रखें। ऐसा करने से उसमें बैक्टीरिया पनपने की संभावना रहती है।
- इस मौसम में सभी तरह की सॉस, चटनी या केचअप का कम से कम सेवन करें। इन चीजों को नॉर्मल टेंप्रेचर में रखा जाता है, जिसके कारण इसमें अधिक बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।
- दूध से बनी मिठाइयां भी तब तक ना खाएं, जब तक उसको कंट्रोल्ड टेंप्रेचर यानी फ्रिज में ना रखा गया हो ।
- मसालेदार, ऑयली, जंक, स्ट्रीट और पैक्ड फूड्स के साथ शराब और धूम्रपान से दूरी बनाकर रखें।
- हमेशा खाना खाने से पहले, खाना खाने के बाद और वाशरूम का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को एंटी-बैक्टीरियल सोप से अच्छी तरह धोएं।
- अगर आपको लूज मोशन या अनडाइजेशन की समस्या हो रही है तो ओआरएस का घोल बनाकर पिएं। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को मेंटेन करने में मदद करेगा।
- बारिश के दिनों में बड़ों और बच्चों को स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स जैसे स्किन एलर्जी, रैशेज हो जाती हैं। इनसे बचने के लिए कोशिश करें बारिश में बॉडी को ड्राय रखें।

टिप्स

# ट्विजर से बनाएं परफेक्ट आईब्रो शेप


आपका चेहरा तब और खूबसूरत नजर आता है, जब आईब्रो की शेप परफेक्ट हो। अलग-अलग चेहरे पर अलग तरह की आईब्रो शेप अच्छी लगती हैं। लंबे चेहरे और गोल चेहरे पर बो (धनुषाकार) शेप, ओवल फेस पर ऊपर की ओर उठी हुई आईब्रो अच्छी लगती हैं। वैसे तो सैलून में जाकर थ्रेडिंग, वैक्सिंग के जरिए आईब्रो बनवाई जाती है। लेकिन घर पर ट्विजर प्लकर की मदद से भी आईब्रो को परफेक्ट शेप दी जा सकती है। इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है।



- घर में आईब्रो को खूबसूरत आकार देने के लिए पहले देखें कि वे शुरू कहां से हो रही हैं और इन्हें कहां तक बनाना है? एक सफेद आईलाइनर की मदद से जैसी आईब्रो आपको चाहिए, फेस पर उतनी मार्क कर लीजिए। इसके बाद आईब्रो के अनचाहे बालों को निकाल लें। आईब्रो की छंटाई के लिए सही और अच्छी क्वालिटी का ट्विजर प्लकर ही इस्तेमाल करें।
- आईब्रो बनाने के बाद अगर लगे कि इनके शेप में डिफरेंस है तो ट्विजर की मदद से मोटी आईब्रो को नीचे से शेप देने की बजाय आईब्रो को ऊपर की तरफ से शेप दें।
- अगर आईब्रोज बहुत हैवी हैं तो उन्हें सही शेप दें, उन्हें पतली ना बनाएं। अगर आईब्रो ज्यादा पतली बन गई हैं तो इन्हें और ज्यादा ना छेड़ें। इनकी दोबारा ग्रोथ होने का इंतजार करें।
- आईब्रो बनाने के बाद एस्ट्रिंजेंट लोशन या क्रीम जरूर लगाएं। a

-सहेली फीचर्स

ब्यूटी


शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

कई पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना, त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसका फेस पैक स्किन से जुड़ी कई प्रॉब्लम्स को दूर करने के साथ ही उसे निखारता भी है। यही नहीं, बालों को मजबूत और डेंड्रफ-फ्री बनाने में भी पुदीना बहुत यूजफुल है।

# निखरी त्वचा के लिए यूज करें पुदीना

पुदीने यानी मिंट की भीनी-भीनी खुशबू और स्वाद से हम सभी परिचित हैं। पुदीना लगभग हर भारतीय घर की रसोई में आसानी से मिलता है। यह ना केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि त्वचा को निखारने और बालों को कोमल-मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ स्किन को कूल रखने, कील-मुंहासों को दूर करने और चेहरे की सूजन कम करने में सहायक होता है। इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी किया जाता है।

**पिंपल्स-टैनिंग करे दूर :** पिंपल और टैनिंग की प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मिंट फेस पैक को यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए बाउल में पुदीने की कुछ पत्तियों का रस निकालें। अब इसमें एक खीरे को छीलकर कद्दूकस कर लें। इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द-गिर्द खुले अंगों पर आधे घंटे तक लगाकर रखें। इसके बाद ताजे पानी से धोएं। इसे लगाने से पिंपल्स और टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। पिंपल की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो पुदीने के रस में नारियल तेल मिलाकर लगाएं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में पिंपल दूर हो जाएंगे। इसके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लगेंगे।



**ऑयली स्किन फेशियल :** मिंट फेशियल, ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए बाउल में दो बड़े चम्मच ताजा पिसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाए रखें, फिर हल्के हाथ से मसाज करते हुए ताजे पानी से चेहरा धो लें।

**स्किन ब्राइटनिंग :** पुदीने और गुलाब जल का पैक, स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर पैक बनाकर चेहरे पर लगाएं। कुछ देर लगाने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो लें। गुलाब जल स्किन के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। इसके अलावा केले और पुदीने के रस का फेस पैक भी स्किन ब्राइटनिंग के लिए अच्छा है। इसे बनाने के लिए एक पके हुए केले को मैश कर लें। अब इसमें पुदीने की कुछ पत्तियों का पेस्ट मिलाएं। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधे घंटे बाद चेहरे को ताजे ठंडे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से चेहरे पर एक निखार आएगा।

**बाल बनाए डेंड्रफ-फ्री :** अगर आपके बाल पतले हैं और उसमें रूसी यानी डेंड्रफ है तो इसके लिए भी पुदीना काफी



मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। इसके साथ पुदीने का हेयर मास्क भी इफेक्टिव हो सकता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के 10-12 पत्ते पीस लें। अब इसमें पिसे चने की दाल और दही मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस हेयर मास्क को बालों पर लगाने के आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से बालों की दोनों समस्या से आपको निजात मिलेगी। a



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com



गोल स्कोर
स्पेन
निको विलियम्स
47वां
कोल पामर
73वां
इंग्लैंड
मिकेल ओयारजाबल
87वां

# यूरोपियन चैंपियनशिप की सबसे सफल टीम बनी स्पेन
# लामिने यमाल ने पेले का 66 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

## स्पेन की टीम 1964, 2008, 2012 और अब 2024 में भी बनी चैंपियन

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

स्पेन ने यूरोपियन चैंपियनशिप (यूरो कप) 2024 के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 2-1 से हराने के साथ ही रिकॉर्ड चौथी बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। यूरो कप की ट्रॉफी सर्वाधिक बार जीतने का रिकॉर्ड अब स्पेन के नाम हो गया है।



इससे पहले स्पेन और जर्मनी ने एक समान तीन-तीन बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था, लेकिन अब स्पेन इस चैंपियनशिप की सबसे सफल टीम बन गई है। स्पेन की टीम 1964, 2008 और 2012 में भी चैंपियन रही है। वहीं, इंग्लैंड की टीम का 58 साल का इंतजार अब तक समाप्त नहीं हो सका है।

बर्लिन के ओलंपियास्टेडियन में खेले गए यूरो कप के फाइनल मुकाबले अंतिम क्षणों में मिकेल ओयारजाबल ने 87वें मिनट में मार्क कुकुरेला के क्रॉस पर गोल दागा जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले, स्पेन और इंग्लैंड के बीच पहले हॉफ तक मुकाबला गोल रहित रहा था, लेकिन 47वें मिनट में स्पेन के निको विलियम्स ने लामाइन यमल से मिले पास पर गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। इंग्लैंड ने भी बराबरी की काफी कोशिश की और उसे 73वें मिनट में सफलता मिली जब स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे कोल पामर ने गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने बढ़त लेने की कोशिश की और एक समय लगा कि मैच में अतिरिक्त समय में जाएगा, लेकिन ओयारजाबल ने बिना कोई गलती किए गोल दागा और टीम को जीत दिलाने में सफल रहे।



### छह को गोल्डन बूट अवार्ड

इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन समेत छह खिलाड़ियों ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में सर्वाधिक तीन गोल करके गोल्डन बूट जीता। केन के अलावा स्पेन के दानी ओल्मो, जर्मनी के जमाल मुसियाला, नीदरलैंड के कोडी गाकपो, स्लोवाकिया के इवान शरांज और जॉर्जिया के जॉर्जेस एम ने भी तीन तीन गोल किया। यूएफा ने स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' खिलाड़ी चुना।

### 17 साल के यमाल ने रचा इतिहास

स्पेन के लामिने यमाल इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल मुकाबले में उतरने के साथ ही किसी बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी पेले का 66 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ डाला। यमाल जब यूरो कप 2024 का फाइनल खेलने उतरे तो उनकी उम्र 17 साल एक दिन थी, जबकि 1958 में फीफा विश्व कप का फाइनल खेलते समय पेले की उम्र 17 साल 249 दिन थी।

### यमाल सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी

स्पेन फुटबॉल की नई सनसनी लामिने यमाल को उनके 17वें जन्मदिन के एक दिन बाद यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। उन्होंने कहा, 'मुझे जन्मदिन पर इससे बेहतर तोहफा नहीं मिल सकता था। यह सपना सच होने जैसा है।' वह यूरो चैंपियनशिप खेलने वाले, इसमें गोल करने वाले और फाइनल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। उन्होंने पहली बार यूरो चैंपियनशिप खेलते हुए एक गोल किया और चार में सहायक रहे।

# मेसी ने जीता रिकॉर्ड 45वां खिताब अर्जेंटीना कोपा अमेरिका चैंपियन



एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

अर्जेंटीना ने कोलंबिया को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों के बीच यह मैच काफी करीबी जहां जहां निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकी थीं।

इसके बाद स्टॉपेज टाइम में भी मुकाबला गोल रहित रहा, लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे लाउटारो मार्टिनेज ने अतिरिक्त समय में गोल दाग टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकरार रही।

### मार्टिनेज ने दागा 5वां गोल

मार्टिनेज का यह टूर्नामेंट का पांचवां गोल था और वह गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे रहे। फीफा विश्व कप जीतने के बाद अर्जेंटीना का यह लगातार तीसरा खिताब है। अर्जेंटीना ने इससे पहले 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप भी जीता था।

### चोटिल मेसी को जाना पड़ा बाहर

फाइनल मुकाबले में चोट के कारण मेसी को मैदान से बाहर जाना पड़ा। इस कारण मेसी दुखी हो गए और बेंच पर बैठते समय अपने आंसू नहीं रोक सके। मैच के 64वें मिनट में मेसी को चोट लग गई। कुछ देर तक ट्रेनर्स ने उनका हाल जाना, लेकिन अंत में इस स्टार खिलाड़ी को स्ब्स्टीट्यूट होने के लिए मजबूत होना पड़ा।

### कोलंबिया का थमा अभियान

अर्जेंटीना ने इस जीत के साथ ही कोलंबिया का लगातार 28 मैचों से चला आ रहा विजयी अभियान भी रोक दिया है। कोलंबिया फरवरी 2022 के बाद से अजेय चल रही थी।

### मेसी ने दानी आल्वेज का रिकार्ड तोड़ा

अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने अपने खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ ली है। मेसी ने दूसरी बार कोपा अमेरिका कप का खिताब जीता। इस जीत के साथ ही लियोनेल मेसी ने ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की। लियोनेल मेसी दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉलर बन गए हैं। मेसी ने क्लब और देश के साथ कुल मिलाकर 45 ट्रॉफी अपने खाते में जोड़ी। उन्होंने ब्राजील के दानी आल्वेज का रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

## खबर संक्षेप




### यह अच्छी बात है कि सभी रन बना रहे हैं

**हरारे।** जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 श्रृंखला में मिली जीत के बाद भारतीय टी20 टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका के लिए प्रतिस्पर्धा कड़ी हो गई है और इस क्रम के दावेदारों में शामिल शुभमन गिल ने इसे टीम के लिए अच्छा बताया। श्रीलंका के खिलाफ इस महीने के आखिर में तीन टी20 मैचों में यशस्वी जायसवाल के साथ गिल पारी की शुरुआत कर सकते हैं। भारत ने इस श्रृंखला में गिल, जायसवाल, अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ के रूप में चार सलामी बल्लेबाजों को उतारा और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया।

### ओलंपिक खिलाड़ियों को दी शुभकामना

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली ने देशवासियों से भारत के ओलंपिक दल की हौसलाअफजाई का आग्रह करते हुए कहा कि 26 जुलाई से



पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में पदक के लिए जोर आजमाइश करने जा रहे खिलाड़ियों का उनके साथ सभी समर्थन करें। सोशल मीडिया पर करीब एक मिनट के वीडियो में कोहली ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को खेलों की महाशक्ति के रूप में जाना जाए। वीडियो में ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीद भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निशांत देव शामिल है।

### फिलहाल टेस्ट और वनडे खेलते रहूंगा

**डलास।** पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह चुके भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित



शर्मा ने कहा कि वह कम से कम कुछ समय तक टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे। रोहित वेस्टइंडीज में विश्व कप जीतने के बाद से ब्रेक पर हैं और श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैच भी नहीं खेलेंगे।

# सात्विक-चिराग को ओलंपिक के लिए मिला अनुकूल ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की स्टार पुरुष युगल टीम को 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में अनुकूल ड्रॉ मिला है। थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (27 वर्ष) की जोड़ी को तीसरी वरीयता मिली है।



स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी को ग्रुप सी में रखा गया है जहां फजर अल्फियां और मोहम्मद रियान एरदियांतो की इंडोनेशिया की छठे नंबर की जोड़ी उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी होगी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में मार्क लैम्सफस और मर्विन सीडल की जर्मनी की 31वें नंबर की जोड़ी और लुकास कोर्वी तथा रोनन लेबर की फ्रांस की दुनिया की 43वें नंबर की जोड़ी से भी भिड़ना है।

ड्रॉ में जोड़ियों की संख्या को लेकर खेल पंचाट (कैस) की सुनवाई के कारण शुक्रवार को पुरुष युगल ड्रॉ स्थगित कर दिया गया था। पुरुष ड्रॉ में शुरुआती 16 की जगह अब 17 जोड़ियां होंगी।

### पंड्या का वड़ोदरा पहुंचने पर शानदार स्वागत

**वड़ोदरा।** भारत की टी20 विश्व कप की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का सोमवार को अपने गृह नगर



वडोदरा पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। हार्दिक के प्रशंसकों ने उनके स्वागत के लिए यहां जमकर तैयारी की थी जिससे मुंबई के मरीन ड्राइव से प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम तक भारतीय टीम की खुली छत वाली बस परेड की याद ताजा हो गई। हार्दिक ने भारतीय टीम की जर्सी पहन रखी थी और वह बेहद खुश नजर आ रहे थे। उन्होंने प्रशंसकों की तरफ हाथ हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

# टेटे दल में खिलाड़ियों से ज्यादा सहयोगी स्टाफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जर्मनी के सारब्रकेन में पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी भारतीय टेबल टेनिस टीम में खिलाड़ियों से ज्यादा संख्या सहयोगी स्टाफ की है। ओलंपिक से पहले तीसरी बार भारत के मुख्य कोच के तौर पर लौटे इटली के मास्सिमो कोंस्टेंटिनी के साथ राष्ट्रीय कोच के तौर पर पूर्व खिलाड़ी सौरव चक्रवर्ती हैं।



इसके अलावा सरकार ने टीम के साथ जाने के लिए चार निजी कोचों को मंजूरी दी है चूंकि महिला टीम की तीनों सदस्य निजी कोच ले जाना चाहती हैं। नौ सदस्यीय सहयोगी स्टाफ में दो मालिशिए और एक फिजियो भी हैं जबकि छह खिलाड़ी (तीन महिला और तीन पुरुष) टीम में हैं। स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ अपने निजी कोच लेकर जाएंगी।

फुटबॉल

# जर्मनी के फॉरवर्ड थॉमस मुलर ने फुटबॉल से लिया संन्यास



एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

जर्मनी के फॉरवर्ड थॉमस मुलर ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की, जिससे उनके 14 साल तक चले करियर का अंत हो गया। वह 2014 में विश्व कप जीतने वाली जर्मन टीम के सदस्य थे। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने जर्मनी की तरफ से 131 मैच खेले और 45 गोल किए।

मुलर ने एक यूट्यूब चैनल से कहा, 'अपने देश की तरफ से खेलने में मुझे हमेशा गर्व महसूस हुआ। हमने मिलकर जश्न मनाया और कभी-कभी साथ में आंसू भी बहाए। मैं सभी प्रशंसकों और जर्मन टीम के अपने साथियों का इतने वर्षों तक मेरा समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।' मुलर ने जर्मनी की तरफ से अपना आखिरी मैच यूरो 2024 के विजेता स्पेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल के रूप में खेला था। उन्होंने 2010 में अर्जेंटीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया था। उन्होंने चार विश्व कप और इतने ही यूरोपीय चैंपियनशिप में भाग लिया।

### अनाहत और बावा ने क्वार्टर में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारत की अनाहत सिंह और शौर्य बावा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत ने प्री क्वार्टर फाइनल में जापान की अकारी मिडोरिकावा को 11-6, 13-11, 11-2 से हराया। यह 16 वर्षीय खिलाड़ी अंतिम आठ में मिस्र की नादियन एल्हममी से भिड़ेंगी। लड़कों के वर्ग में बावा ने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स को 11-9, 5-11, 11-5, 13-11 से पराजित करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



# विंबलडन चैंपियन क्रेजिकोवा की शीर्ष 10 में वापसी, अल्काराज़ तीसरे स्थान

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए रैंकिंग में फिर से शीर्ष 10 में शामिल हो गई हैं जबकि महिला एकल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंच गईं।



क्रेजिकोवा ने शनिवार को फाइनल में पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से पराजित करके अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। इस जीत से चेक गणराज्य की 28 वर्षीय खिलाड़ी 22 पायदान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं। पुरुषों के वर्ग में कार्लोस अल्काराज़ लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बनने के बावजूद पहले की तरह तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। यानिक सिनर इस प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए थे, लेकिन इसके बावजूद वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। अल्काराज ने फाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 (4) से हराया था। जोकोविच पहले की तरह दूसरे नंबर पर काबिज हैं। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक पहले की तरह शीर्ष पर बनी हुई हैं।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA, JABALPUR
SHORT TENDER NOTICE
No. E.E./Tender /2024/629 Dated 12/07/2024
Sealed tender are invited from Registered Contractor/ Firm in PWD/MES/CPWD by Registered post /Speed post only for Water Proofing treatment work of Terrace at College of Agriculture, Laxmipur Dist. Panna. The detailed specification and tender document can be obtained from the office of the undersigned on payment of Rs.1,000/-.
The last date of issue of the tender document - 22/07/2024 up to 5.00PM.
The last date of submission of tender document - 29/07/2024 up to 5.00PM.
Date of opening of the tender - Next working day.
IPRO/EE/2024/54 Executive Engineer

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC LiFE Lifestyle for Environment
आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:–
1. खुली ई–निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी–एफएफयू/ओपन टेंडर/01 – बी, सी एवं डी श्रेणी रेलवे स्टेशनों (मथुरा कैंट. एवं लक्सर जक्शन) में फूड प्लाजा की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई–निविदा–सह–नीलामी। प्री–बिड मीटिंग की तिथि: 23.07.2024। जमा करने की अंतिम तिथि: 06.08.2024 को 15:00 बजे तक। ई–मेल: anjali5065@irctc.com
2. खुली ई–निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी–एफएफयू/ओपन टेंडर/02 – निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों (रूद्रपुर सिटी, पूरनपुर एवं बबीना) में फास्ट फूड यूनिट की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई–निविदा–सह–नीलामी। प्री–बिड मीटिंग की तिथि: 23.07.2024। जमा करने की अंतिम तिथि: 06.08.2024 को 15:00 बजे तक। ई–मेल: anjali5065@irctc.com
विस्तृत विवरणों के लिए www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।
उपरोक्त विज्ञापन का यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट हुआ तो उसे केवल www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp पर प्रकाशित किया जाएगा।
ecatering.irctc.co.in
आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखंबा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली–110 001

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला चिकित्सालय, जिला सिवनी (म.प्र.) - 480661
Email: cmhoseo@nic.in Ph. 9424967402
क्र./स्टोर/ 2024-25/4774 निविदा का प्रारूप सिवनी दिनांक 11/07/24
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सिवनी के अधीन NHM कार्यक्रम अंतर्गत जिले में प्रशिक्षणों के लिये वर्ष 2024-25 हेतु चाय, नाश्ता एवं भोजन वयवस्था के लिये खुली निविदा का आमंत्रण किया जाता है। निविदा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निमार्ताओं / अधिकृत विक्रेताओं से ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित समस्त दस्तावेज / प्रपत्र व नियम शर्ते वेबसाइट https://mpteders.gov.in/ पर देखे जा सकते है। निविदा प्रपत्र मूल्य रुपए 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग / यूपीआई आदि के माध्यम से भुगतान कर वेबसाइट https://mpteders.gov.in/ से क्रय किये जा सकते है। निविदा निम्नानुसार जारी किये जा रहे है :-

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री दिनांक | दिनांक 22.07.2024 प्रातः 10 बजे से |
| निविदा बिक्री समाप्त दिनांक | दिनांक 02.08.2024 को सायं 5 बजे तक |
| निविदा जमा करने की दिनांक | दिनांक 02.08.2024 को सायं 5 बजे तक दिनांक |
| तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | 05.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| निविदा की धरोहर राशि | रू.50000/- मात्र |
| निविदा प्रपत्र की राशि | रू. 1000/- मात्र |

नोट :- निविदा प्रपत्र की हार्ड कापी निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक कार्यालय में वयक्तिगत रूप से जमा कराया जाना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा स्वीकर नही की जावेगी।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला - सिवनी
G-13530/24

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, साउथ सिविल लाईन जबलपुर
NIT No. 11/2024/Centralized Tender/G/CE (B)/Date 10/07/2024
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय ( माह में वषार्काल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_PWPIU_357133_1 | सहायक यंत्री (वि/यॉ) कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुरकेनिरीक्षण कार्य हेतु बोलेरो या समतुल्य वाहन लगाने के कार्य की निविदा। द्वितीय आमंत्रण | जबलपुर | 6.00 | 12000.00 | 2000.00 | 24 |
| 2 | 2024_PWPIU_357151_1 | मुख्य अभियंता कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर के निरीक्षण कार्य हेतु इनोवा क्रिस्टा या समतुल्य वाहन लगाने के कार्य की निविदा। प्रथम आमंत्रण | जबलपुर | 10.32 | 21000.00 | 2000.00 | 24 |
| 3 | 2024_PWPIU_357156_1 | अधीक्षण यंत्री कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर के निरीक्षण कार्य हेतु इनोवा क्रिस्टा या समतुल्य वाहन लगाने के कार्य की निविदा। प्रथम आमंत्रण | जबलपुर | 10.32 | 21000.00 | 2000.00 | 24 |

1-निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2 - निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 13.07.2024 समय 9:00 से दिनांक 27.07.2024 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है। 4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
G-13494/24
दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग जबलपुर




अब तक अटकी हुई हैं मेडिकल यूनिवर्सिटी की पैरामेडिकल कोर्सेस की सत्र 2021 की परीक्षाएं

# 35 हजार छात्रों का भविष्य अधर में, दो साल का कोर्स चार साल में भी नहीं हुआ पूरा

हरिभूमि, जबलपुर

हमेशा से विवादों में रहने वाली मध्यप्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी की लापरवाही से प्रदेश के पैरामेडिकल कोर्सेज के 35 हजार से ज्यादा छात्रों का भविष्य अधर में चला गया है। मेडिकल यूनिवर्सिटी की पैरामेडिकल कोर्सेस के लिए सत्र 2021 सत्र की परीक्षाएं अटकी हुई हैं। इसके चलते फिजियोथैरेपी, ईसीजी टेक्नीशियन, ओटी टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया असिस्टेंट और अन्य कोर्सेस में छात्रों की फाइनल परीक्षाएं भी अटकी हुई हैं। छात्रों का कहना है कि परीक्षा न होने से उनका भविष्य खराब हो रहा है। मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रशासन के इस फैसले के पीछे की वजह परीक्षा कराने में प्रशासन की नाकामी से जोड़कर देखा जा रहा है।




### नर्सिंग घोटाले की वजह से अटकी थीं परीक्षाएं

*पैरामेडिकल कोर्सेज के छात्रों का कहना है कि मप्र में नर्सिंग कॉलेज घोटाले के चलते मेडिकल विवि में सभी कोर्सेज की परीक्षाओं पर रोक लगा दी गई थी। गड़बड़ी नर्सिंग में हुई, इसकी जांच के बाद नर्सिंग की परीक्षाएं भी हो गई, लेकिन पैरामेडिकल कोर्स का शेड्यूल तक जारी नहीं किया गया है, जबकि इस घोटाले में पैरामेडिकल विभाग का कोई मामला सामने नहीं आया था।*

### एक छात्र ने की आत्महत्या की कोशिश

छात्रों का आरोप है कि परीक्षाएं न होने से वे कई प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। कई छात्र ऐसे भी हैं जिनकी उम्र ज्यादा है और उनके पास एक या दो मौके ही हैं। इन हालातों से दुखी राजस्थान के एक छात्र ने आत्महत्या की कोशिश भी की थी। छात्रों का कहना है कि मामले को लेकर डिप्टी सीएम से मिले थे। उन्होंने विवि प्रशासन को जुलाई तक सभी परीक्षाएं आयोजित कर रिजल्ट जारी करने के निर्देश भी दिए थे।

### परीक्षा नहीं करवा पा रही यूनिवर्सिटी

दरअसल, मेडिकल यूनिवर्सिटी पैरामेडिकल कोर्सेस में परीक्षाएं नहीं करवा पा रही है। बीपीटी यानी बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी के छात्रों के दो बैच सत्र 2020-21 और 2021-22 की परीक्षा अब तक नहीं हुई है। ऐसे में चार साल का कोर्स सात साल में पूरा हो रहा है। मेडिकल यूनिवर्सिटी का पूरा कैलेंडर ही कई सालों पीछे चल रहा है। मध्यप्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी के अधिकारियों का कहना है कि पैरामेडिकल कोर्सेज के कैलेंडर को ठीक करने के लिए ही यूनिवर्सिटी प्रशासन ने यह कड़ा फैसला लिया है।

### परीक्षा का काम चल रहा है...

परीक्षाओं को लेकर काम चल रहा है। जल्द ही परीक्षाओं को लेकर जानकारी जारी की जाएगी।

**डॉ. पुष्पराज सिंह बघेल,** रजिस्ट्रार, मप्र मेडिकल विवि, जबलपुर

## ट्यूशन पढ़ाने वाले सरकारी शिक्षक नहीं होंगे राष्ट्रीय पुरस्कार के पात्र

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सरकार ने शिक्षा विभाग के ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षकों के संबंध में बड़ा निर्णय लिया है। ट्यूशन पढने वाले सरकारी शिक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। शिक्षा विभाग की सेवा में जिन्हें 10 साल से कम अध्यापन का अनुभव उन्हें भी पात्रता नहीं होगी। सेवानिवृत शिक्षक, संविदा शिक्षक, शिक्षामित्र, शैक्षणिक अधिकारी, निरीक्षक और प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षक भी राष्ट्रीय पुरस्कार लेने की हकदार नहीं होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने मापदंड तय किया। अब जिला स्तरीय समिति के चयन के बाद राज्य स्तरीय समिति पुरस्कार के लिए शिक्षकों का चयन करेगी। अवार्ड के लिए उत्कृष्ट कार्य से संबंधित अभिलेख, सहायक सामग्री, प्रतिवेदन, फोटोग्राफ्स, ऑडियो, वीडियो और रचनात्मक क्रियाकलाप भी ऑनलाइन अपलोड करने होंगे।

# नर्मदा किनारे अतिक्रमणों व अवैध निर्माणों के मामले में पूर्व आदेश का पालन नदारद

- *जबलपुर सहित 15 जिलों के कलेक्टरों पर लगाई जाए पेनाल्टी*
- *नागरिक उपभोक्ता मंच ने एनजीटी में दायर कर लगाया अवमानना का आरोप*

हरिभूमि जबलपुर।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल-एनजीटी में याचिका दायर कर नर्मदा तट पर बसे जबलपुर सहित 15 जिलों के कलेक्टरों पर पेनाल्टी लगाए जाने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि एनजीटी ने पूर्व में अवमानना मामले की सुनवाई करते हुए नर्मदा तटीय अतिक्रमणों व अवैध निर्माणों के सिलसिले में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए थे। लेकिन तीन वर्ष बीतने के बावजूद उनका समुचित पालन नदारद है। इसीलिए नये सिरे से याचिका दायर की गई है।



मंच के प्रांताध्यक्ष डा.पीजी नाजपांडे ने बताया कि एनजीटी ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि जिन जिलों से नर्मदा प्रवाहित होती हैं, उन जिलों के कलेक्टर तीन माह के भीतर नर्मदा के किनारों से अतिक्रमण व अवैध निर्माण हटाएं।

### तीन माह में पूरी करनी थी सीमांकन की जिम्मेदारी

उन्होंने बताया कि एनजीटी ने सभी कलेक्टरों को तीन माह के भीतर नर्मदा तटों के बाढ़ क्षेत्रों का सीमांकन कर, उन्हें अतिक्रमण व अवैध निर्माण मुक्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके साथ ही मुख्य सचिव को नर्मदा के प्रदूषण को नियंत्रित करने एक्शन प्लान बनाने निर्देशति किया गया था। यह भी कहा गया था कि सभी कलेक्टर प्रदेश में निर्मित सभी वाटर बाडीज झील, तालाब आदि का सीमांकन कर वहां से अतिक्रमण हटाएं। यह निर्देश 23 सितंबर, 2021 को जारी किए गए थे। इसके बावजूद पालन नहीं हुआ। इसीलिए यह याचिका दायर की गई है।

### कलेक्टरों को नोटिस भी भेजा

इस संबंध में जबलपुर, नरसिंहपुर, डिंडौरी, अनूपपुर, होशंगाबाद, मंडला, सीहोर, खंडवा, रायसेन, हरदा, देवास, खरगोन, धार, बड़वानी, अलीराजपुर जिलों के कलेक्टरों को नोटिस भेजा था। किन्तु कार्यवाही नहीं होने से इन 15 जिलों के कलेक्टरों को याचिका में अनावेदक बनाया गया है। मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रतीक जैन ने एनजीटी अधिनियम के प्रविधानों का हवाला देते हुए कहा है कि एनजीटी स्वयं उक्त कार्यवाही की मानिटरिंग करे या विकल्प के रूप में जिला न्यायालयों को कार्यवाही के संबंध में मामले सौंपे। एनजीटी एक्ट की धारा-26 व 28 का हवाला देते हुए मामलें में अनावेदकों के विरुद्ध पेनाल्टी लगाए जाने की राहत चाही गई है।

हाईकोर्ट ने राज्य शासन व मेडिकल एजुकेशन विभाग से पूछा

## नियमों का उल्लंघन कर मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर प्रमोशन क्यों दिया गया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य शासन व मेडिकल एजुकेशन विभाग से पूछा है कि नियमों का उल्लंघन कर मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर प्रमोशन क्यों दिया गया। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने डीएमई, आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा व सतना मेडिकल कॉलेज की डॉ वीणा कछवाह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

सतना मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफसर के पद पर पदस्थ डॉ मंजुलता शाक्य की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मप्र सरकार की गाइडलाइन्स के अनुसार प्रमोशन में उसी कॉलेज में पदस्थ एसोसिएट प्रोफेसर को प्राथमकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अपनों को उपकृत करने के लिए सतना मेडिकल कॉलेज में बाहरी उम्मीदवार डॉ वीणा को प्रोफेसर बना दिया गया। डॉ वीणा का नाम वरिष्ठता में नंबर एक पर है, जबकि उसी कॉलेज में पदस्थ डॉ मंजुलता का नाम प्रतीक्षा सूची में नंबर एक पर है। उन्होंने यह भी बताया कि डॉ वीणा कभी भी सतना मेडिकल कॉलेज में पदस्थ नहीं रही है।

आर्मी स्कूल, जबलपुर के शिक्षकों को प्रोबेशन पीरियड में निकालने का मामला

# हाई कोर्ट ने कहा-'यदि प्रक्रिया का पालन किया है, तो पेश करें समस्त रिकार्ड'

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ के पूर्व निर्देश के पालन में आर्मी स्कूल-नंबर-वन, जीआरसी, जबलपुर के प्रबंधन की ओर से अपना जवाब पेश किया गया। जिसमें दावा किया गया कि विहित प्रविधान व प्रक्रिया का पालन करके ही आधा दर्जन शिक्षकों को प्रोबेशन पीरियड में अचानक नौकरी से पृथक किया गया है। हाई कोर्ट ने इस जवाब को अभिलेख पर ले लिया। इसी के साथ आर्मी स्कूल, प्रबंधन को निर्देश दे दिया कि यदि प्रक्रिया का पालन किया है, तो तत्संबंधी समस्त रिकार्ड



पेश किया जाए। इसके लिए 15 दिन का समय दिया जाता है। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

याचिकाकर्ता रतंजा शर्मा, मनीष तिवारी व धर्मदेव गौतम की ओर से अधिवक्ता धर्मेश चतुर्वेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आर्मी स्कूल, जबलपुर के एक-दो नहीं बल्कि आधा दर्जन नियमित शिक्षकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। ये शिक्षक स्कूल में गणित, भौतिक, कामर्स, फिजिकल एजुकेशन, संस्कृत व पीआरटी पढ़ाते थे। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन ने सेवा से पृथक करने का आदेश जारी करने में निर्धारित प्रक्रिया का पालन तक नहीं किया। जिसके विरुद्ध पहले चरण में स्कूल प्रबंधन को अभ्यावेदन सौंपा गया। जब कोई नतीजा नहीं निकला तो न्यायहित में हाई कोर्ट आना पड़ा।

### क्या है नियम 132

प्रभावित शिक्षकों ने आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी, दिल्ली के प्रबंध निदेशक एवं स्कूल प्रबंधन को पक्षकार बनाया है। साथ ही प्रोबेशन अवधि में सेवामुक्त करने की प्रक्रिया में नियम-132 का पालन नदारद होने को चुनौती दी है। दरअसल, नियम-132 के अनुसार आर्मी पब्लिक स्कूल में प्रोबेशन पीरियड में शिक्षकों को निकालने के लिए प्रोबेशन पीरियड खत्म होने से एक माह पहले संबंधित शिक्षकों को स्कूल प्रबंधन द्वारा नोटिस दिया जाता है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो प्रोबेशन पीरियड खत्म होने के बाद शिक्षक बिना किसी सूचना के स्वमेव नियमित हो जाते हैं।

शिथिल पड़ गई मानसून की सक्रिय हलचल

# आते हैं ललचाकर चले जाते हैं बदरा

**जबलपुर।** इस वर्ष मानसून ने समय पर दस्तक दी, पर उसकी सक्रियता ठप्प हो गयी। मानसून की बेवफाई से बादल आते तो हैं, छाते हैं और बिन बरसे ही तरसाकर चले जाते हैं। शुरूआती दौर में अच्छी बारिश के संकेत मिले थे, लेकिन अब छुटपुट बूंदाबांदी ही हो पा रही है। आसमान पर बादलों की आवाजाही से तापमान अठखेलियां करने लगा है। बंगाल की खाड़ी से मानसून आगे बढ़ा तो सही, लेकिन पश्चिमी और दक्षिणी मध्यप्रदेश में सक्रिय होने के बाद शिथिल पड़ गया। बादल आते हैं, तरसाते हैं और चले जाते हैं। लेकिन बारिश नहीं होती। सोमवार को दिन भर



आसमान पर बादल छाये रहे, दोपहर में हल्की बूंदाबांदी हुई, शाम को फिर बूंदाबांदी हुई। इससे ठंडी हवायें जरूर चलीं लेकिन आसमान में बादलों के छाये रहने से उमस बरकरार रही।

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 88 प्रतिशत और सायंकाल 89 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 0.03 मिमी वर्षा के बाद 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 258.02 मिमी (10 इंच) दर्ज किया जा चुका है। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 2 से 3 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.35 बजे और सूर्यास्त शाम 6.59 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी, जबकि कुल वर्षा 344.2 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

## सेवानिवृत्त पंचायत सचिव का सेवाकाल न बढ़ाने पर जवाब तलब

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकल पीठ ने सेवानिवृत्त पंचायत सचिव के सेवाकाल में वृद्धि नहीं दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए, मप्र शासन के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। डिंडौरी जिले के पुरुषोत्तम सिंह धुर्वे द्वारा दायर याचिका में कहा गया कि संविदा नियुक्ति के नियम में वर्णित प्रावधानों के परिपालन में याचिकाकर्ता की सेवा वृद्धि 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक की अनुशंसा की गई थी, किन्तु अपर संचालक पंचायत राज संचानालय ने याचिककर्ता के प्रकरण में विचार न कर याचिका को मात्र इस आधार पर अमान्य कर दिया कि इस तरह का कोई प्रावधान नहीं। जबकि याचिका कर्ता संविदा 2017 के परिधि में आते है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, आनंद शुक्ला, आशीष कुमार तिवारी, अपूर्व त्रिवेदी, विनीत टहनगुनिया ने पैरवी की।

## पिता के हत्यारे सौतेले पुत्र को उम्रकैद

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश पाटन श्रीष कैलाश शुक्ल की अदालत ने पिता के सिर में लोहे की रॉड मारकर हत्या करने के आरोपी सौतेले पुत्र को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बेलखेड़ा थाना अतंर्गत बगीचा मोहल्ला निवासी 36 वर्षीय नारायण प्रसाद राय की गत 27 नवंबर 2022 की रात 7 बजे हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मृतक नारायण प्रसाद राय की दूसरी पत्नी सुमता बाई की रिपोर्ट पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर मामले की विवचेना की और आरोपी सौतेले पुत्र जित्तू उर्फ जितेंद्र राय को गिरफ्तार किया। पुलिस को विवेचना पर पता चला कि मृतक और आरोपी के बीच पैसों को लेकर झगड़ा हुआ था। मृतक जब बाथरुम में नहाने गया तो आरोपी ने



उसका पीछा कर उसके सिर पर रॉड से वार किया जिससे उसकी मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने 17 गवाहों के बयान कोर्ट के समक्ष पेश कराए। तमाम सबूतों और गवाहों के मद्देनजर न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के तर्को से सहमत होकर आरोपी को दोषी पाया और उम्र कैद की सजा के साथ-साथ 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240